आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 51 | उज्जैन, रविवार 08 मार्च, 2026 | चैत्र कृष्ण 5 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

परंपरा के सम्यक निर्वहन के लिए एक लोटा केसर युक्त जल एवं गुलाल अर्पण होगा

## रंगपंचमी पर भगवान श्री महाकालेश्वर को केसर युक्त जल अर्पित होगा

### मंदिर परिसर में रंग खेलना एवं ले जाना पूरी तरह से प्रतिबंधित किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रविवार को शहर में रंगपंचमी पर्व की धूम रहने वाली है। श्री महाकालेश्वर मंदिर में रंगपंचमी पर्व के उपलक्ष्य पर परम्परा के सम्यक निर्वहन हेतु प्रातः कालीन भस्मार्ती में भगवान श्री महाकालेश्वर जी को 01 लोटा केसर युक्त जल अर्पण किया जावेगा एवं संध्या आरती में 1 लौटा केसर युक्त जल एवं 500 ग्राम गुलाल अर्पित किया जावेगा उक्त केसर युक्त जल एवं गुलाल मंदिर की कोठार शाखा द्वारा भस्मार्ती पुजारी एवं शासकीय पुजारी को उपलब्ध कराया जावेगा।



मंदिर प्रबंध समिति के निर्णय अनुसार इसके अतिरिक्त गर्भगृह, नंदी मण्डपम्, गणेश मण्डपम्, कार्तिकेय मण्डपम् एवं सम्पूर्ण मंदिर परिसर में किसी भी प्रकार का रंग-गुलाल इत्यादि ले जाना, रंग-गुलाल उड़ाया जाना, आपस में रंग-गुलाल लगाना, किसी विशेष उपकरण का उपयोग कर रंग इत्यादि उड़ाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### मंदिर परिसर में रंग-गुलाल पूर्णतः प्रतिबंधित

मंदिर प्रबंध समिति ने होली की तरह ही रंगपंचमी पर भी मंदिर परिसर में रंग गुलाल पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया हुआ है। जारी निर्देशों में बताया गया है कि श्री महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी, पुरोहित, प्रतिनिधि, अधिकारी, पुलिसकर्मी, कर्मचारी, सुरक्षाकर्मी, सफाई कर्मचारी, सेवक, मंदिर परिसर स्थित अन्य छोटे-बड़े मंदिर के पुजारी, सेवक व अन्य आउटसोर्स कर्मचारी मंदिर परिसर में किसी भी प्रकार का रंग-गुलाल लेकर प्रवेश नहीं कर सकेंगे, साथ ही आपस में रंग-गुलाल लगाया जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। आगंतुक समस्त श्रद्धालु मंदिर में किसी प्रकार का रंग-गुलाल लेकर प्रवेश नहीं कर सकेंगे, आपस में रंग-गुलाल नहीं लगा सकेंगे। श्रद्धालुओं को जांच उपरांत ही मंदिर में प्रवेश दिया जावेगा। श्रद्धालु मंदिर में रंग-गुलाल लेकर प्रवेश न कर सके इस हेतु समस्त द्वारों पर कार्यरत निरीक्षक एवं सुरक्षाकर्मी श्रद्धालुओं के साथ विनम्र एवं सौजन्यता पूर्वक व्यवहार बनाए रखकर, श्रद्धालुओं की सतत जांच करने के उपरांत ही मंदिर में प्रवेश दिए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। पुजारी, पुरोहित, प्रतिनिधि, कर्मचारी, सुरक्षाकर्मी, आउटसोर्स कर्मचारी एवं मंदिर परिसर स्थित अन्य छोटे-बड़े मंदिर के पुजारी, सेवक अपने साथ लाए जाने वाले सामान की स्वयं जांच कराकर मंदिर में प्रवेश करेंगे। कंट्रोल रूम में कर्तव्यरत कर्मचारी कैमरों के माध्यम से समस्त द्वारों एवं सम्पूर्ण मंदिर परिक्षेत्र की सतत निगरानी रखकर यह सुनिश्चित करेंगे की मंदिर परिसर में किसी प्रकार से रंग-गुलाल व अन्य किसी विशेष उपकरण का प्रवेश व उपयोग न हो सके।

**ध्वज चल समारोह आज-** प्रतिवर्ष की परंपरा अनुसार रंग पंचमी महापर्व के अवसर पर 08 मार्च रविवार को श्री महाकालेश्वर ध्वज चल समारोह निकाला जावेगा इस चल समारोह में विभिन्न आकर्षक झांकियां, बैण्ड एवं धार्मिक प्रस्तुतियां शामिल रहेंगी।

## देश विदेश

### मैहर शारदा मंदिर रोपवे 14 मार्च तक बंद, चैत्र नवरात्र से पहले हो रहा मेंटेनेस

**मैहर।** मां शारदा देवी मंदिर का रोपवे चैत्र नवरात्रि की तैयारी के मद्देनजर रखरखाव के लिए 14 मार्च तक बंद कर दिया गया है। रोपवे प्रबंधन ने उन यात्रियों के लिए रिफंड प्रक्रिया शुरू की है, जिन्होंने बंद होने से पहले ही ऑनलाइन टिकट बुक कर लिए थे। इस दौरान मंदिर पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को सीढ़ियों का ही उपयोग करना होगा। ऑनलाइन बुकिंग सुविधा भी अस्थायी रूप से रोक दी गई है। रोपवे प्रबंधन के अनुसार, कुल 18 लोगों ने 5 मार्च से 15 मार्च के बीच के लिए 77 एडवांस टिकट बुक किए थे। रोपवे बंद होने की जानकारी न होने के कारण कई श्रद्धालु मैहर पहुंच रहे हैं, जिन्हें अब प्रबंधन रिफंड की प्रक्रिया समझा रहा है। प्रबंधन ने बताया कि 8 रिफंड, यानी कुल 33 यात्रियों के पैसे वापस कर दिए गए हैं। वहीं, 5 रिफंड (30 यात्रियों) का पैसा अभी लंबित है, क्योंकि प्रबंधन को उनके बैंकिंग विवरण का इंतजार है।

### बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से, पहले दिन ही आएगा लोकसभा स्पीकर को हटाने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने अपने लोकसभा सांसदों को 9 से 11 मार्च तक सदन में मौजूद रहने के लिए 3-लाइन व्हिप जारी किया है। कांग्रेस ने अपने सांसदों से कहा है कि वे इन दिनों सदन में मौजूद रहें क्योंकि लोकसभा स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा की संभावना है। वहीं भाजपा ने भी सांसदों को मौजूद रहने का निर्देश दिया है। विपक्ष ने स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव का नोटिस दिया है। विपक्ष के 118 सांसदों ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं। हालांकि तृणमूल कांग्रेस के सांसदों (29) ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए। वहीं, तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने अपनी पार्टी के चेयरपर्सन के निर्देश के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करने का मन बना लिया है। सूत्रों के मुताबिक टीएमसी सांसद लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ वोट करेंगे।

### मिडिल ईस्ट तनाव का असर भारतीय उड़ानों पर 278 अंतरराष्ट्रीय फ्लाइटें रद्द

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव का असर अब भारत की अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवाओं पर भी साफ दिखाई देने लगा है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने जानकारी दी कि क्षेत्र में जारी अस्थिर स्थिति और कई देशों के हवाई क्षेत्र पर लगे प्रतिबंधों के कारण भारतीय एयरलाइंस की कुल 278 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रद्द करना पड़ा है। सरकार ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे अपनी उड़ानों से जुड़ी ताजा जानकारी पर लगातार नजर रखें और एयरलाइंस द्वारा जारी सूचनाओं को ध्यान से देखें। मंत्रालय के अनुसार पश्चिम एशिया में तेजी से बदलते हालात के चलते कई महत्वपूर्ण हवाई मार्ग प्रभावित हुए हैं। इसी वजह से भारतीय एयरलाइंस को अपनी उड़ानों के शेड्यूल में बदलाव करना पड़ा और कई सेवाएं रद्द करनी पड़ीं।

भारत-न्यूजीलैंड जहां साउथ अफ्रीका से हारे, वहीं आज वर्ल्डकप फाइनल खेलेंगे

## मिडिल ओवर्स में इंडिया आगे, पावरप्ले में कीवी

एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद



टी-20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी को 20 टीमों के बीच शुरू हुआ। 5 मार्च तक 2 फाइनलिस्ट टीमें मिल गईं, जिनके बीच 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। न्यूजीलैंड ने कोलकाता और भारत ने मुंबई में सेमीफाइनल जीता।

दोनों ही टीमें अहमदाबाद में 1-1 मैच साउथ अफ्रीका से हार चुकी हैं, अब इसी मैदान पर टाइटल की दावेदारी पेश करेंगी। भारत 2007 और 2024 में चैंपियन बन चुका है, वहीं कीवी टीम 2021 के बाद अब फाइनल में पहुंची है।

मेजबान भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप की शुरूआत अमेरिका के खिलाफ मैच से की। पावरप्ले में 4 विकेट गंवाने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 84 रन बनाए और टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। टीम ने फिर नामीबिया, पाकिस्तान और नीदरलैंड के खिलाफ आसान मुकाबले जीते।

सुपर-8 स्टेज में होम टीम का पहला मैच साउथ अफ्रीका से अहमदाबाद में हुआ। पावरप्ले में विकेट गिरने के बावजूद प्रोटियाज टीम ने 187 रन बना दिए। भारत 111 ही बना सका। इस हार के बाद भारत ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 256 रन बनाकर कमबैक किया। टीम ने फिर वेस्टइंडीज के खिलाफ 197 रन चेज कर सेमीफाइनल में जगह बना ली। इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में भारत ने 253 रन बना दिए, लेकिन ये स्कोर भी जीत के लिए काफी नहीं लग रहा था। इंग्लैंड के युवा बैटर जैकब बेथेल ने शतक लगाया और टीम को जीत के करीब पहुंचाया। हालांकि, भारत ने 7 रन के करीबी अंतर से हाई-स्कोरिंग मैच जीता और फाइनल में एंट्री कर ली। न्यूजीलैंड ने ग्रुप स्टेज में अफगानिस्तान को हराकर टूर्नामेंट शुरू किया। टीम ने फिर वअए को 10 विकेट से हरा दिया। चेन्नई में दोनों मैच खेलने के बाद टीम अहमदाबाद में साउथ अफ्रीका से भिड़ने चली गई।

## यूपीएससी में 301 रैंक पर 2 कैंडिडेट्स का दावा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

यूपीएससी सिविल सर्विस एग्जाम रिजल्ट 2025 में एक ही रैंक पर दो कैंडिडेट्स ने दावा कर दिया है। यूपीएससी द्वारा जारी मेरिट लिस्ट में एआईआर 301 पर आकांक्षा सिंह हैं, जिनका रोल नंबर 0856794 है। इस सिलेक्शन पर बिहार और यूपी से 2 अलग-अलग छात्राओं ने दावा किया है। इन दोनों कैंडिडेट्स का नाम आकांक्षा सिंह है। यूपी के गाजीपुर की आकांक्षा के इंटरव्यू कॉल लेटर पर दर्ज रोल नंबर 0856794 है। इस एडमिट कार्ड पर दिख रहे क्यूआर को स्कैन करने पर भी यही रोल नंबर दिख रहा है। हालांकि, इस पर भी रोल नंबर 0856794 ही लिखा दिख रहा है। मगर दफस्कैन करने पर रोल नंबर 085659 दिख रहा है।

## ईरान का एक युद्धपोत अभी भारत में, 183 नौसैनिक मौजूद

### तकनीकी खराबी के बाद मदद मांगी

एजेंसी ▸▸ तेल अवीव



ईरान का एक युद्धपोत आईआरआईएस लावन भारत के कोच्चि बंदरगाह पर रुका हुआ है। एएनआई ने सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया कि ईरान ने 28 फरवरी को तकनीकी खराबी आने के बाद भारत से मदद मांगी थी।

भारत ने 1 मार्च को जहाज को कोच्चि में डॉक करने की अनुमति दी और इसके बाद 4 मार्च को यह बंदरगाह पर पहुंच गया। जहाज के 183 क्रू मेंबर फिलहाल कोच्चि में भारतीय नौसेना की सुविधाओं में ठहरे हुए हैं। आईआरआईएस लावन हाल ही में भारत में आयोजित इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू 2026 और मिलान 2026 नौसैनिक अभ्यास में शामिल हुआ था, जो 15 से 25 फरवरी के बीच आयोजित हुए थे। इससे पहले अमेरिका ने भारत से लौट रहे जहाज ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस देना को श्रीलंका के पास हमला कर डुबा दिया था। हमले में 87 ईरानी नौसैनिक मारे गए।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## यंग बास की "टाईट" वर्किंग...




शहर की संस्था के यंग बास नीचे से लेकर उपर तक के कर्मशीलों के दिल दिमाग में चढे हुए हैं। यही नहीं यंग बास की ह्ल टाईटह्ल वर्किंग से अच्छे-अच्छों की सांस भी चढी हुई है। यंग बास हर उस जवाब के पलटवार को जानते हैं जिसके कारण से कई सारे कर्मशीलों को रोज ही सांस उपर नीचे हो रही है। 'टाईट' वर्किंग के चलते बास खूद भी देर रात तक काम करते हैं और सबेरे फिर जल्दी ही कर्मशीलों को जागते रहो का संदेश सूना देते हैं। इस हालत के चलते पहले तो कर्मशीलों की सांस ही चढी थी अब तो जान आफत में आने लगी है। कतिपय कर्मशील विभिन्न प्रकार की रूग्ण स्थितियों से सामना कर रहे हैं। कई प्रकार की अंग्रेजी औषधियों का सेवन करने के बाद उनकी सांस नियंत्रित होती है और उस पर से यंग बास की 'टाईट' वर्किंग ने अंग्रेजी औषधियों को भी बेअसर कर दिया है। शहर की संस्था के पानी पानी वाले एक दर्जन से ज्यादा कर्मशील तो अब इस 'टाईट' वर्किंग से इस हाल में आ चुके हैं कि महाआयोजन को देखते हुए पहले यहां से जाना नहीं चाहते थे और अब रूकना नहीं चाह रहे हैं। कोई बडे घर की तरफ आस भरी नजर से देख रहा है तो कोई राजधानी के दयावानों का दरवाजा खटखटा रहा है। कुछ के हालात तो इतने बूरे हैं कि उन्होंने अच्छे दिनों में बडे घर की तरफ मुंह नहीं किया और राजधानी के दयावानों के सामने हाजरी नहीं बजाई तो अब वे कंपलसरी की और निहार रहे हैं। बोले समय तो वैसे भी पूरा हो चुका है एक डेढ साल में पेंशन पर बहुत ज्यादा असर नहीं आएगा। खुसूर-फुसूर है कि अगर यंग बास का 'टाईट' वर्किंग ऐसे ही चला तो आधा विभाग खाली हो जाएगा और अगली खेप में यंगेस्ट का आगमन ही होगा। पुरानों पर ज्यादा जोर दिया तो काठ टूटने में देर नहीं लगेगी और कई तो इसी का इंतजार कर रहे हैं कि काठ टूटे और पगडंडी को खराब बताया जाए।

### त्यौहारों के बाद पीएचई एक दिन छोडकर जलप्रदाय का प्रस्ताव लगाने की तैयारी में, नर्मदा की लाईन का भूखी माता के पास भी पाइंट चालू हुआ, शिप्रा में त्रिवेणी के पास पहले से

# गंभीर में 25 जून तक का पानी, नर्मदा के भी पाइंट



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गर्मी तेजी से बढ रही है। इसका असर जलस्त्रोतों पर भी हो रहा है। पिछले कुछ दिनों में ही नलकूपों,कुओं का जल स्तर बराबर गिरा है। गंभीर में 25 जून तक सप्लाय का पानी शेष बताया जा रहा है और नर्मदा के जल निगम का पाइंट भी है। नगर निगम लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने भी जल की बचत के लिए एक दिन छोडकर सप्लाय का प्रस्ताव तैयार कर लिया है। संभवतः त्यौहार के बाद इसे एमआईसी को भेजा जाएगा।

नर्मदा का सहारा अब गंभीर को ही नहीं शिप्रा को भी पुरी तरह से मिल सकेगा। जल संकट के दौर में भी नर्मदा के पाइंट से जमकर मदद मिलने की स्थिति बन गई है । नर्मदा की लाईन का पाइंट भूखी माता के पास भी चालू हो गया है। ऐसे में अब जल संकट से निपटने में पीएचई को जमकर मदद मिल सकेगी। गंभीर के पास से जल निगम की लाईन का पाइंट होने से पूर्व में मदद ली जा चुकी है एवं सकंट के समय में इससे पूरी मदद मिल सकेगी।

**गंभीर में 25 जून तक का पानी:** वर्तमान में प्रति सप्लाय औसत 6-8 एमसीएफटी पानी की खपत सामने आ रही है। ऐसे में गर्मी बढने के साथ ही सीपेज एवं वाष्पीकरण के बढने पर यह औसत 9 एमसीएफटी तक जा सकती है। पीएचई के सहायक यंत्री दिलीप नौघाने के अनुसार शनिवार को डेम में 1079 एमसीएफटी पानी शेष है। इसमें 150 एमसीएफटी पानी डेड स्टोरेज का रहता है जिसमें से काफी पानी का उपयोग चैनल काटकर किया जाता है। इस मान से अभी हमारे पास 25-30 जून तक सप्लाय का पानी शेष है। इसके बाद भी नर्मदा के जल निगम की लाईन का पाइंट डेम से कुछ किलोमीटर दूर है जिससे पूर्व में भी पानी लिया जा सका है और आगे भी ऐसी परिस्थिति बनने पर पानी लिया जा सकेगा।

### एक दिन छोडकर प्रदाय का प्रस्ताव तैयार

नगर निगम पीएचई के सूत्रों के अनुसार जल की स्थिति को देखते हुए जल की बचत के लिए एक दिन छोडकर जल प्रदाय का प्रस्ताव पीएचई ने तैयार कर लिया है। संभवतःत्यौहारों के उपरांत इस प्रस्ताव को पीएचई एमआईसी की बैठक में रखने की तैयारी कर रहा है। वर्तमान में त्यौहारों का जोर रहने के चलते इस मुद्दे को शांत रखा जा रहा है।

### नर्मदा का एक और पाइंट चालू

शिप्रा में नर्मदा के जल प्रवाहित करने के लिए एक और पाइंट चालू होने की जानकारी सामने आ रही है। सहायक यंत्री दिलीप नौघाने के अनुसार भूखी माता घाट के पास नर्मदा का एक पाइंट और शुरू हो गया है। इससे शिप्रा के बैराज भरने एवं त्यौहारों पर स्नान की सुविधा के लिए त्वरित गति से जल प्रवाहित किया जा सकेगा। नृसिंह घाट एवं रामघाट पर इससे पानी की पूर्ति त्वरित रूप से हो सकेगी और पानी भी कम लगेगा। पूर्व से नर्मदा के त्रिवेणी पर पाइंट हैं। इससे पानी छोडने पर गऊघाट होता हुआ पानी लालपूल घाट,भूखी माता,नृसिंह घाट से राम घाट पहुंचता था। वर्तमान में शिप्रा में कान्ह का सिवरेज पानी मिलने के कारण शिप्रा से पेयजल के लिए पानी लेना काफी समय से बंद है।

## उज्जैन जिला हार्ट सेफ डिस्ट्रिक्ट बनने की ओर अग्रसर...

### 9 मार्च को नागदा, इंगोरिया, बासखेड़ी एवं शहर के हीरामिल की चाल में शिविर आयोजित



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पूर्णिमाश्री सेवा संगठन द्वारा जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से संपूर्ण उज्जैन जिले में 'दिल से कहो अपने मोहनजी है न' निशुल्क ह्रदय जांच शिविर अभियान जारी है। अभियान की श्रृंखला में शनिवार को तराना विधानसभा के ग्राम रूपाखेड़ी एवं घट्टिया विधानसभा के ग्राम घट्टिया एवं पिपलिया मोलू में शिविर संपन्न हुए।

अभियान के मुख्य संयोजक एवं भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यनारायण खोईवाल ने बताया कि मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा प्रारंभ किए गए इस अभियान के अंतर्गत उज्जैन जिले के 100 से अधिक स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी श्रृंखला में शनिवार को तराना विधानसभा के ग्राम रूपाखेड़ी में गोकुलदास हॉस्पिटल, इंदौर के सहयोग से एवं घट्टिया विधानसभा के ग्राम घट्टिया में अरविंदो हॉस्पिटल, इंदौर व ग्राम पिपलिया मोलू में अमलतास हॉस्पिटल, देवास के सहयोग से शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में क्षेत्र की जनता जनार्दन ने उत्साह से सहभागिता की एवं ह्रदय जांच, परामर्श एवं उपचार का निःशुल्क लाभ लिया। शिविरों में चिह्नित किए गए मरीजों को आयुष्मान अंतर्गत निशुल्क उपचार एवं ऑपरेशन हेतु विभिन्न अस्पतालों में भेजा गया है।

**9 मार्च सोमवार को जिले में चार स्थानों पर शिविर:** खोईवाल ने आगे बताया कि आगामी 9 मार्च सोमवार को नागदा के सिविल अस्पताल में सन कृष्णा हॉस्पिटल, बड़नगर विधानसभा के इंगोरिया में इंडेक्स मेडिकल कॉलेज इंदौर, घट्टिया विधानसभा के बासखेड़ी में अरविंदो हॉस्पिटल इंदौर एवं शहर के हीरा मिल की चाल में अमलतास हॉस्पिटल देवास के सहयोग से शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# नारी ही शक्ति है, नारी है सम्मान, नारी से ही सजा है पूरा जहान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



मीना गर्ग

मां बनकर ममता लुटाती है, बहन बनाकर प्यार लुटाती है ,पत्नी बनकर जीवन संवारती है।

महिला दिवस पर महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए, उन्हें नई दिशा देने के लिए, और प्रोत्साहित करने के लिए यह दिन चुना गया है, यह सच है। लेकिन यह सब करते हुए भी उसे भी संतुष्ट होने का पूरा अधिकार है। वह यह भूल जाती है कि उसका जीवन उसके लिए भी है उसे भी एक ही जीवन मिला है इसके बाद का उसको भी पता नहीं है लेकिन हरदम वह दूसरों की उम्मीद पर खडा उतरने की कोशिश करती रहती है और उसी में ही अपनी खुशी ढूंढ लेती है,

लेकिन यह सच नहीं है आपकी वास्तविक खुशी क्या है?

वास्तविक संतुष्टि आपको किस चीज से मिलेगी?

यह महिलाओं को खुद ही ढूंढना पड़ेगी।

अब समय आ गया है जब वह अपने लिए भी समय निकले अपने लिए भी जिए ।

महिलाएं उनकी अपनी जरूरतों और इच्छाओं को भी समझें।

हमें महिलाओं को यह बताना होगा कि उनकी खुशी और संतुष्टि सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है।

'महिला महिला की दुश्मन' वाली कहावत को बदलने का समय आ गया है। अब समय है महिला महिला की दोस्त बनकर आगे बढ़ने का। एक दूसरे को प्रोत्साहित करें, समर्थन दें, और उन्हें हर हर वह चीज करने दे जो उन्हें खुशी प्रदान करे। मेरा यह संदेश महिला दिवस पर हर महिला तक पहुंचे।

## कल कांग्रेस का नगर निगम घेराव

**उज्जैन।** शहर में चल रहे वर्तमान मार्ग चौडीकरण के विरोध में कांग्रेस मोर्चा खोलने जा रही है। कांग्रेस ने प्रमुख रूप से मांग की है कि प्रस्तावित मार्गों की चौड़ाई को कम किया जाए और प्रभावितों को बाजार मूल्य से दोगुना मुआवजा दिया जाए। इसके साथ ही पीपली नाका एवं एमआर 4 रोड पर चल रहे चौड़ीकरण से रहवासियों को राहत प्रदान की जाए। इन्हीं जनसमस्याओं और मांगों को लेकर आगामी 9 मार्च को प्रातः 10:00 बजे कांग्रेस पार्टी द्वारा नगर निगम का घेराव किया जाएगा। शहर कांग्रेस कार्यालय में शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने शहर के सभी पीड़ित नागरिकों और सामाजिक संस्थाओं से अपील की है कि वे आमजन की इस लड़ाई में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

**निगम सम्मेलन के लिए रणनीति बनाई-** आगामी 9 मार्च को आयोजित होने वाले नगर निगम सम्मेलन को लेकर कांग्रेस ने अपनी विशेष रणनीति तैयार की है। नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस पार्षद आठ प्रमुख बिंदुओं पर सत्तासीन भाजपा बोर्ड को घेरेंगे और जनता से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाएंगे। रणनीति के तहत कांग्रेस पार्षदों ने महाकाल कॉरिडोर में बने सेतु का प्रस्तावित नाम 'अशोक' की जगह 'सम्राट विक्रमादित्य' के नाम पर रखने की मांग करने का निर्णय लिया है।

# मुख्यमंत्री बोले हमारा प्रयास रहेगा कि 2030 में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स के मैच उज्जैन में हो



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को स्व. राजमाता विजयाराजे सिंधिया खेल परिसर नानाखेडा स्टेडियम परिसर में 48.71 करोड रुपए की लागत से बनने वाले अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सिन्थेटिक हॉकी टर्फ और पवेलियन दर्शक दीर्घा के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि आगामी 2030 में आयोजित होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स में इस स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मैच का आयोजन करवाया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर कहा कि यह उज्जैन के हर क्षेत्र में निरंतर विकास का दौर है। भगवान श्री महाकालेश्वर और श्री गोपाल कृष्ण की हम सभी पर विशेष कृपा है। उनके आशीर्वाद से आज उज्जैन और पूरे प्रदेश के खिलाडियों को सौगात मिलने जा रही है।

### अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस अवसर पर विशेष...

# भारतीय ज्ञान परंपरा के निर्वहन में महिलाओं की भूमिका

डॉ प्रेरणा मनाना,
पूर्व निदेशक, आर डी इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग, शिक्षाविद एवम लेखिका



भारत की ज्ञान परंपरा विश्व की सबसे प्राचीन और समृद्ध परंपराओं में से एक है। यहाँ ज्ञान को केवल बौद्धिक उपलब्धि नहीं माना गया, बल्कि जीवन को सत्य, नैतिकता और आत्मबोध की दिशा में ले जाने वाला साधन माना गया है। हमारे शास्त्रों में कहा गया है–

"सा विद्या या विमुक्तये"

अर्थात वह विद्या ही सच्ची विद्या है जो मनुष्य को अज्ञान और बंधनों से मुक्त करे।

भारतीय ज्ञान परंपरा का संरक्षण और संवर्धन केवल पुरुषों द्वारा नहीं हुआ, बल्कि महिलाओं ने भी इसमें अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक भूमिका निभाई है।

### वैदिक काल में विदुषी महिलाएँ

यदि हम वैदिक काल की ओर देखें, तो उस समय महिलाओं को शिक्षा, वेदाध्ययन और शास्त्रार्थ का पूर्ण अधिकार प्राप्त था। उस समय अनेक ऋषिकाएँ (महिला ऋषि) थीं, जिन्होंने वेदों के मंत्रों की रचना की।

### वैदिक ऋषिकाओं में प्रमुख नाम हैं–

• गार्गी वाचक्नवी • मैत्रेयी • लोपामुद्रा • अपाला • घोषा • विश्ववारा • रोमशा • शश्वती

इन विदुषी महिलाओं ने केवल ज्ञान अर्जित ही नहीं किया, बल्कि ज्ञान सृजन और ज्ञान संवाद में भी सक्रिय भूमिका निभाई।

गार्गी वाचक्नवी का उदाहरण अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने राजा जनक की सभा में महान दार्शनिक याज्ञवल्क्य से ब्रह्म और सृष्टि के विषय में गहन प्रश्न किए। यह उस समय की बौद्धिक स्वतंत्रता और महिलाओं की विद्वता को दशार्ता है।

**मैत्रेयी ने अपने पति याज्ञवल्क्य से आत्मज्ञान और अमरत्व के विषय में प्रश्न किया और कहा–**

"येनाहं नामृता स्याम् किमहं तेन कुर्याम्"

अर्थात जिससे मुझे अमरत्व प्राप्त न हो, उस धन का मैं क्या करूँगी।

यह वचन दशार्ता है कि भारतीय ज्ञान परंपरा में महिलाओं का लक्ष्य केवल भौतिक सुख नहीं, बल्कि आध्यात्मिक और दार्शनिक ज्ञान था।

### नारी का सम्मान और ज्ञान परंपरा

**भारतीय संस्कृति में नारी को अत्यंत उच्च स्थान दिया गया है। मनुस्मृति में कहा गया है–**

"यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः।
यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफला क्रियाः॥"

अर्थात जहाँ नारी का सम्मान होता है, वहाँ देवताओं का निवास होता है।

**इसी प्रकार एक अन्य श्लोक में कहा गया है–**

"विद्या समस्तास्तव देवि भेदाः
स्त्रियः समस्ताः सकला जगत्सु।"

अर्थात संसार की सभी विद्या देवी के ही विभिन्न रूप हैं और सभी स्त्रियाँ उसी शक्ति की अभिव्यक्ति हैं।

### महाकाव्य और पुराणों में महिलाओं की भूमिका

रामायण और महाभारत में भी अनेक महिलाओं ने ज्ञान और नीति का मार्गदर्शन किया।

सीता ने धैर्य, त्याग और धर्म का आदर्श प्रस्तुत किया।

द्रौपदी ने न्याय और आत्मसम्मान की रक्षा का संदेश दिया।

कुंती ने जीवन की कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य और विवेक का परिचय दिया।

भारतीय परंपरा में यह भी कहा गया है–

"नास्ति मातृसमा छाया
नास्ति मातृसमा गतिः।
नास्ति मातृसमं त्राणं
नास्ति मातृसमा प्रिया॥"

अर्थात माँ के समान न कोई छाया है, न कोई मार्गदर्शक, न कोई रक्षक और न ही कोई प्रिय।

### मध्यकालीन महिला संत और कवयित्रियाँ

मध्यकाल में भी महिलाओं ने भक्ति, साहित्य और दर्शन के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाया।

**प्रमुख उदाहरण हैं–**

मीराबाई- भक्ति और प्रेम की अद्भुत कवयित्री

अक्का महादेवी- कर्नाटक की महान संत कवयित्री

ललदेवी (लल्लेश्वरी)- कश्मीर की प्रसिद्ध आध्यात्मिक कवयित्री

इन महिलाओं ने अपने साहित्य और आध्यात्मिक अनुभवों के माध्यम से समाज को ज्ञान और भक्ति का संदेश दिया।भारतीय समाज में ज्ञान का प्रसार केवल गुरुकुलों तक सीमित नहीं था, बल्कि परिवार में भी होता था। यहाँ माता को बच्चे की प्रथम गुरु माना गया है।

**चाणक्य ने कहा है–**

"माता शत्रुः पिता वैरी येन बालो न पाठितः।"

अर्थात जो माता-पिता अपने बच्चों को शिक्षा नहीं देते, वे उनके शत्रु के समान हैं।

इस कथन से स्पष्ट है कि बच्चों के संस्कार और ज्ञानार्जन में माता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

भारतीय ज्ञान परंपरा में महिलाओं ने केवल आध्यात्मिक और दार्शनिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि लोकज्ञान और पारंपरिक ज्ञान को भी संरक्षित किया है।

**जैसे–**

आयुर्वेदिक घरेलू उपचार

कृषि और पर्यावरण संबंधी ज्ञान

लोककला और हस्तशिल्प

लोकगीत और सांस्कृतिक परंपराएँ

ये सभी ज्ञान परंपराएँ मुख्यतः महिलाओं के माध्यम से पीढ़ी-दर-पीढ़ी संरक्षित और विकसित होती रही हैं।

### आधुनिक काल में महिलाओं का योगदान

आधुनिक भारत में भी अनेक महिलाओं ने शिक्षा, विज्ञान और समाज सुधार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

सावित्रीबाई फुले को भारत की पहली महिला शिक्षिका माना जाता है। उन्होंने महिला शिक्षा की नींव रखी और समाज में नई चेतना जगाई।

महादेवी वर्मा ने हिंदी साहित्य को समृद्ध किया और नारी चेतना को नई दिशा दी।

### आधुनिक महिला वैज्ञानिकों के उदाहरण

आज के युग में महिलाएँ विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

**उदाहरण के रूप में–**

Janaki Ammal- प्रसिद्ध भारतीय वनस्पति वैज्ञानिक, जिन्होंने पौधों के आनुवंशिकी अनुसंधान में महत्वपूर्ण कार्य किया।

Asima Chatterjee- भारत की महान रसायन वैज्ञानिक, जिन्होंने औषधीय रसायन में महत्वपूर्ण शोध किया।

Tessy Thomas- भारत की मिसाइल वूमन, जिन्होंने रक्षा अनुसंधान में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

Kalpana Chawla- अंतरिक्ष विज्ञान में भारत की प्रेरणादायक वैज्ञानिक।

इन महिलाओं ने यह सिद्ध किया कि ज्ञान और विज्ञान की परंपरा में महिलाओं की भूमिका आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी प्राचीन काल में थी।

निष्कर्षतःभारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण और संवर्धन में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है।

वे कभी ऋषिका, कभी संत, कभी शिक्षिका, और कभी वैज्ञानिक के रूप में समाज को दिशा देती रही हैं।

यदि भारत को ज्ञान आधारित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाना है, तो महिलाओं की शिक्षा और प्रतिभा को और अधिक प्रोत्साहित करना होगा।

"नारी केवल सृजन की शक्ति नहीं,
वह ज्ञान, संस्कृति और सभ्यता की संरक्षक भी है।"

एसी अनुपम कृति को नमन

"या देवी सर्वभूतेषु विद्यारूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥"

अर्थात जो देवी सभी प्राणियों में विद्या के रूप में स्थित हैं, उन्हें बार-बार नमस्कार।

इसी भावना के साथ सभी को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की अनेकानेक बधाईयाँ

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | रविवार, 08 मार्च, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### रूस ने यूक्रेन के खारकीव पर हमला किया, 2 बच्चों समेत 9 की मौत

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के शहर खारकीव पर मिसाइल हमला किया, जिसमें दो बच्चों समेत लगभग 9 लोगों की मौत हो गई। रूस ने शुक्रवार रात यूक्रेन पर ड्रोन और मिसाइल से कई बार हमले किए। इस वजह से शनिवार सुबह यूक्रेन के कई हिस्सों में एयर-रेड अलर्ट जारी किया गया। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, पूर्वी खारकीव क्षेत्र में एक बैलिस्टिक मिसाइल के एक पांच मंजिला आवासीय इमारत से टकराने के बाद मलबे से पांच शव निकाले गए। खारकीव क्षेत्र के चुगुइव में ड्रोन हमले से एक घर पर हमला हुआ, जिसमें दो और लोग घायल हो गए। वहीं निकोपोल जिले में हमले में एक की मौत और एक घायल हुआ। इलाके पर करीब 20 बार ड्रोन और रॉकेट से हमला किया गया।

### कनाडा में भारतीय मूल की इन्फ्लुएंसर नैन्सी ग्रेवाल की हत्या

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर नैन्सी ग्रेवाल की कनाडा में चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना मंगलवार शाम विंडसर के पास हुई। नैन्सी की मां शिंदर पाल ग्रेवाल का आरोप है कि हमलावरों ने उनकी बेटी पर 18 बार चाकू से हमला किया और उसकी हत्या कर दी। परिवार के अनुसार, यह हमला किसी पुराने विवाद के कारण किया गया। परिजनों का कहना है कि नैन्सी मूल रूप से लुधियाना जिले के नरंग गांव की रहने वाली थीं। वह कनाडा में एक मरीज से मिलने गई थीं। घर के बाहर निकलते ही कुछ अज्ञात हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया। मां ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने ऐसी जगह पर वारदात को अंजाम दिया जहां सीसीटीवी कैमरे नहीं थे, जिससे साफ है कि हमला पहले से योजनाबद्ध था। परिवार के मुताबिक, नैन्सी का विवाद एक गुरुद्वारे से जुड़े कुछ लोगों के साथ चल रहा था। आरोप है कि उन्होंने गुरुद्वारे के राशन की चोरी का मुद्दा उठाया था और वहां कैमरे लगवाने में मदद की थी। उनकी मां का कहना है कि इसी विवाद के बाद उन्हें धमकियां मिलने लगी थीं। 45 वर्षीय नैन्सी ग्रेवाल पेशे से नर्स थीं और दो कंपनियों में काम करती थीं, जहां वे अक्सर 16 घंटे तक की शिफ्ट करती थीं।

'जिंदा हिंदू लखनऊ चलें'- लिखे पोस्टर बांट, गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध सभा करेंगे

# दुर्भाग्य है कि धर्मयुद्ध के लिए निकलना पड़ रहा- शंकराचार्य

एजेंसी ▶▶ वाराणसी




शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने ये बातें काशी में लखनऊ रवाना होने से पहले शनिवार को कहीं। शंकराचार्य ने इस आंदोलन को ह्लगो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध सभाह्व का नाम दिया। वह 11 मार्च को लखनऊ पहुंचेंगे। यहां हजारों संतों की मौजूदगी में सभा करेंगे। इसमें सरकार से गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग करेंगे।

शंकराचार्य ने 30 जनवरी को योगी सरकार को 40 दिन का अल्टीमेटम दिया था। उन्होंने तब कहा था- गाय को राष्ट्रमाता घोषित करें। वरना आंदोलन करेंगे। शंकराचार्य काशी से 5 दिन बाद लखनऊ पहुंचेंगे। काशी से शंकराचार्य जौनपुर पहुंचे। यहां उन्होंने कहा- हमारे शंकराचार्यों पर सवाल उठाने का अधिकार किसी को नहीं है। हमारे धर्म में 4 शंकराचार्य हैं। जब सर्वोच्च शंकराचार्यों ने मेरा अभिषेक कर दिया, तो फिर किसी की क्या औकात है कि वह कहे, हम इन्हें नहीं मानते। उन्होंने कहा कि जो शंकराचार्य बनाता है, उसी को हटाने का भी अधिकार है।

यहां उन्होंने कहा- अरे पहले गो-माता की हत्या तो बंद कराओ। आज हिंदू राष्ट्र घोषित कर दोगे, तो क्या कल सवेरे से वहां गो-हत्या बंद हो जाएगी? अगर हिंदू राष्ट्र में भी गो-हत्या जारी रहती है, तो यह अपमानजनक होगा। इसलिए हमारी प्राथमिकता है कि पहले गो-हत्या बंद हो, बाकी बातें बाद में।

### शंकराचार्य ने कहा- योगी राजा नहीं हो सकता

शंकराचार्य ने सरकार पर भी जमकर निशाना साधा। कहा- लोग गोमाता की रक्षा करने का वादा करके सत्ता में आए हैं। हमने सरकार को 40 दिन का समय दिया था कि वह खुद को हिंदू सिद्ध करे। उनकी बातें अलग हैं और आचरण अलग। दोनों में एकरूपता नहीं है। इसीलिए इसका जवाब लेने हम लखनऊ जा रहे। शंकराचार्य ने अपने ऊपर लगे आरोपों को झूठा बताते हुए कहा कि मामला कोर्ट में चल रहा है। बनावटी केस किसी के ऊपर भी किया जा सकता है।

### यात्रा में यह भी शामिल

शंकराचार्य की यात्रा में 20 से अधिक गाड़ियां हैं। 500 से अधिक श्रद्धालु साथ हैं। इस दौरान लोगों को पोस्टर बांटे गए। इनमें लिखा है- जिंदा हिंदू लखनऊ चलें। इससे पहले, शंकराचार्य सुबह 8.30 बजे मठ से निकलकर गौशाला पहुंचे। गाय की पूजा की। फिर पालकी पर सवार हुए।

### शंकराचार्य ने भाजपा को घेरा

शंकराचार्य ने आरोप लगाया, सरकारों को वहम हो गया है कि वे सबसे ऊपर हैं। जो वे कहें, वही सबको करना चाहिए। जो पार्टी आज सत्ता में है, उसके मन में आ गया है कि जो संत उनके अनुसार बोलेगा वही संत है, नहीं तो उसे असंत घोषित कर दिया जाएगा। अब तो स्थिति यह हो गई है कि जो भाजपा का समर्थन करे वही हिंदू माना जाएगा, बाकी लोगों को हिंदू धर्म से अलग कर दिया जाएगा। हमारा उद्देश्य पूरे देश में गोहत्या बंद कराना है। हमारी लखनऊ के बाद दिल्ली जाने की तैयारी है। प्रयागराज की घटना पर शंकराचार्य ने कहा कि प्रथमदृष्टया इसमें पुलिस जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि हमारे ऊपर राजनीतिक बाबा होने का टैग इसलिए लगा दिया जाता है क्योंकि हम राजनीतिक लोगों के लिए समस्या बन जाते हैं।

# यूपी के डिप्टी सीएम केशव मौर्य के हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

## 2000 फीट ऊंचाई पर अचानक डिस्प्ले बंद हुआ, धुआं भरा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी के डिप्टी सीएम केशव मौर्य के हेलिकॉप्टर की शनिवार को इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। उन्होंने सुबह 10.45 बजे लखनऊ से कौशांबी के लिए उड़ान भरी थी। 30 मिनट बाद ही हेलिकॉप्टर का डिस्प्ले अचानक बंद हो गया। अंदर धुआं भरने लगा।

पायलट ने तुरंत लखनऊ एयर ट्रैफिक कंट्रोल यानी एटीसी को सूचना दी। इमरजेंसी लैंडिंग की परमिशन मांगी। विमान तब तक 50 किमी दूर बछरावां तक पहुंच गया था। अनुमति मिलते ही पायलट ने वापस लखनऊ एयरपोर्ट की तरफ मोड़ दिया। एयरपोर्ट पर सुबह 11.15 बजे हेलिकॉप्टर की सुरक्षित लैंडिंग करवाई। लैंडिंग तक हेलिकॉप्टर में काफी धुआं भर गया था। हेलिकॉप्टर से केशव समेत 6 लोगों को सुरक्षित नीचे उतारा गया।

### 2000 फीट की ऊंचाई पर था हेलिकॉप्टर

- केशव के हेलिकॉप्टर ने लखनऊ के ला मार्टिनियर स्कूल ग्राउंड से उड़ान भरी। यह ग्राउंड उनके आवास के पास ही है। हेलिकॉप्टर में केशव समेत 6 लोग थे- दो पायलट, एडवाइजर, एक क्लास फोर का स्टाफ और सिक्योरिटी।
- हेलिकॉप्टर 2000 फीट की ऊंचाई तक पहुंच गया। तभी पायलट को विमान में गड़बड़ी का पता चला। एटीसी से परमिशन लेकर तुरंत विमान लखनऊ की तरफ मोड़ा।

# जींद की फैक्ट्री में आग, 5 की मौत

एजेंसी ▶▶ जींद

हरियाणा के जींद में शनिवार को होली के गुलाल और रंग बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। हादसे में 5 महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 17 मजदूर झुलस गए। इनमें ज्यादातर महिलाएं हैं।

घटना सफीदों की भाट कॉलोनी की है। आरोप है कि फैक्ट्री के मेन गेट पर बाहर से ताला लगा हुआ था। जब फैक्ट्री में आग लगी तो मजदूर बाहर नहीं निकल पाए। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभी यह नहीं पता चल पाया है कि आग कैसे लगी। सूचना पर ऊ मोहम्मद इमरान रजा और रढ कुलदीप सिंह भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया।



### 30 मजदूर काम कर रहे थे, अचानक आग भड़की

जानकारी के अनुसार, सफीदों की भाट कॉलोनी में स्थित एक रंग फैक्ट्री में शनिवार को अन्य दिनों की तरह लगभग 30 मजदूर काम कर रहे थे। तभी अचानक आग लग गई और कुछ ही मिनटों में यह पूरे परिसर में फैल गई। चारों ओर धुएं और आग की लपटें उठने के कारण मजदूरों में चीख-पुकार मच गई।

### कुछ लोग जान बचाने के लिए छत से कूदे

आग फैक्ट्री के प्रवेश द्वार के पास लगी थी, जिसका संभावित कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है। आग लगने के बाद अंदर मौजूद महिलाएं और अन्य लोग घबरा गए। कुछ लोग ऊपर की मंजिल पर चढ़ गए, तो कुछ अंदर के कमरों में छिप गए। कुछ लोगों ने ऊपर से कूदकर अपनी जान बचाई और बाहर शोर मचाया।

### बाहर से बंद था मेन गेट

मजदूरों के अनुसार, काम के दौरान फैक्ट्री के मुख्य दरवाजे पर बाहर से ताला लगा हुआ था। आग लगने के बाद जब मजदूरों ने बाहर निकलने की कोशिश की, तो ताला लगा होने के कारण वे अंदर ही कैद होकर रह गए। स्थानीय युवाओं ने अपनी जान पर खेलकर फैक्ट्री में घुसकर लोगों को बाहर निकाला। पुलिस ने दीवार तोड़कर रास्ता बनाया ताकि फंसे हुए लोगों को निकाला जा सके।

## महिलाओं के आत्मविश्वास में कई गुणा बढोतरी हुई

मौलिक रूप से हमारा समाज पुरुष प्रधान समाज रहा है। महिलाओं को यहाँ हमेशा दोयम दर्जे का स्थान ही प्रदान किया गया है। पहले महिलाओं के पास किसी भी प्रकार की स्वतंत्रता न होने के कारण उनकी सामाजिक व पारिवारिक स्थिति एक पराश्रित से अधिक कुछ नही थी जिसे हर कदम पर पुरूष के सहारे की जरूरत पड़ती थी। वैसे तो आजादी के बाद से ही महिला उत्थान के उद्देश्य से विभिन्न प्रयास किये जाते रहे है, लेकिन पिछले कुछ वर्षो में महिला सशक्तिकरण की बयार में अत्यधिक तेजी देखी गई है। इन्हीं प्रयासों के परिणाम स्वरूप महिलाओं के आत्मविश्वास में कई गुणा बढोतरी हुई है और वे किसी भी चुनौती को स्वीकार करने के लिये खुद को तैयार करने लगी हैं पर यह बातें मरीचिका समान प्रतीत होने लगती हैं जब हमारे सामने आज के सच्चाई का दर्पण आता है। आज भी हमारे समाज में लड़की को जन्म से पहले कोख में मार दिया जाता है तकदीर ने उसका साथ दिया और वो जीवित रह गई तो उसे कूड़ेदान के हवाले कर दिया जायेगा। नारी पर अत्याचार भ्रूण से शुरू होकर जीवन के अंत तक चलता है।

नारियों में अपरिमित शक्ति और क्षमताएँ विद्यमान हैं, व्यवहारित जगत के सभी क्षेत्रों में उन्होंने कीर्तिमान स्थापित किये हैं, अपने अद्भूत साहस, अथक परिश्रम तथा दूरदर्शी बुद्धिमत्ता के आधार पर विश्वपटल पर अपनी पहचान बनाने में कामयाब रही हैं, मानवीय संवेदना, करुणा, वात्सल्य जैसे भावों से परिपूर्ण अनेक नारियों ने युग निर्माण में अपना योगदान दिया है, ऐसी ही महान नारियों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का संक्षिप्त परिचय देने का प्रयास कर रहे हैं, आज की नारी ने अपनी मेहनत और काबिलियत के बल पर उन्होंने अपनी एक अलग पहचान बनाई है नई सदी की नारी के पास कामयाबी के उच्चतम शिखर को छूने की अपार क्षमता है दृढ़ इच्छा शक्ति एवं शिक्षा ने नारी मन को उच्च आकांक्षएँ, सपनों के सतरंग एवं अंतर्मन की परतों को खोलने की नई राह दी हैं। परन्तु सब से बड़ी कमजोरी हमारी अशिक्षा है। आज भी गांवों में व छोटे शहरों में कन्या को शिक्षा से वंचित रखा जाता है वो अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नही होती। उसे मात्र एक घरेलू काम करने की मशीन मान लिया जाता है। बेटी को विद्यालय भेजने की जगह उनसे घरेलु कामकाज करवाना अभिभावकों द्वारा बालिका मजदूरी करवाना, बेटी को पराया होने के रूप में मान्यता, बेटे व बेटी में अंतर करके बेटी को शिक्षा से वंचित कर देना आदि मानसिकताओं को लेकर नारी का शैक्षणिक शोषण होता आया है। अशिक्षा के कारण एवं गृहिणी होकर भी सही अर्थों में गृहिणी सिद्ध नही हो पाती हैं। आज बहुत जरूरत है नारी का शिक्षित होना एवं आत्म निर्भर होना। जब नारी आत्मनिर्भर होती है इसमें आत्मविश्वास जगता है और वो कई निर्णय स्वयं ले सकती है। जैसे एक शिक्षित नारी अपने पूरे परिवार को शिक्षित करती है वैसे ही एक स्वावलम्बी नारी अपानी लड़कियों को शिक्षित व स्वावलम्बी बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ती। मुझे बहुत खुशी है आज लघु उद्योग जैसी संस्थाऐं आगे आकर महिलाओं को प्रोत्साहित कर रही है। उन्हें देखकर दूसरी महिलाओं को प्रेरणा मिलेगी एवं और भी महिलाएँ इससे जुड़कर स्वालम्बी हो सकेगी। मेरी शुभकामनाऐं आज सबके साथ है और मैं सोचती हूँ महिलाओं द्वारा ही महिलाओं की उन्नति संभव है। हम सबको मिलकर महिलाओं का उत्थान करना है एवं उनमें आत्म विश्वास उठाना है ताकि अपनी और अपने परिवार की आधार स्तंभ बन सके।



**डॉ. सतिंदर कौर सलूजा**

## नारी ही नारायणी है

महिला दिवस मनाने वाले कई.........कोख में मरवा देते हैं बेटियां ₹ सुनकर बड़ा अजीब लगता है लेकिन वर्तमान समाज की सच्चाई यही है। हमारे देश में महिलाओं के सम्मान की एक गौरवशाली परंपरा रही है। वैदिक कालीन गार्गी, मैत्रेयी, लोपामुद्रा, घोषा, अपाला और विश्ववारा जैसी विदुषियों ने न केवल वेदों की ऋचाओं की रचना की, बल्कि आध्यात्मिक ज्ञान में भी निपुण थीं। मध्यकालीन प्रमुख विदुषी महिलाओं में मीराबाई (कृष्णभक्ति), ललद्यद (कश्मीरी रहस्यवादी), अक्कमहादेवी (कर्नाटक), आण्डाल (तमिलनाडु), और उभय भारती (8वीं शताब्दी) शामिल हैं, जिन्होंने ज्ञान व भक्ति के क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ी और यह परम्परा आज तक विद्यमान हैं।

**यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः,** यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः अर्थात जहाँ नारियों का आदर-सम्मान होता है, वहाँ देवता निवास करते हैं और जहाँ ऐसा नहीं होता , वहाँ की गई सारी पूजा निष्फल हो जाती है। ऐसी महान संस्कृति वाले भारत देश में जब हम अखबारों की सुर्खियों में महिलाओं से बलात्कार आदि की खबरें पढ़ते हैं तब प्रतीत होता है कि क्या वास्तव में इस पुरूष प्रधान समाज में महिलाओं का सम्मान है? वर्तमान में इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि आज कई अहम ओहदों पर महिलाएं विराजमान हैं। चाहे राष्ट्रपति का पद हो या प्रधानमंत्री का चाहे सेनानायक का ... । आज महिलाएं ट्रेन चला रहीं हैं, वायुयान उड़ा रही है, अंतरिक्ष में जा रही है और कोई ऐसा कार्य नहीं जो महिलाएं नहीं कर रही हो । आज कोई क्षेत्र महिलाओं ने अछूता नहीं छोड़ा है यह सब समाज में महिलाओं के बढ़ते कद को इंगित करता है। ऐसे समय में महिलाओं की जवाबदारी और बढ़ जाती है, उन्हें अपना सम्मान तो बरकरार रखना ही है, साथ ही अपने दायित्वों का भी बखूबी निर्वहन करना होता है। नारी घर से लेकर अपने कार्यालय तक सारी जवाबदारियां बिना किसी शिकायत के निभाती है और इसीलिए वास्तव में उसका सम्मान किया जाना चाहिए।




जिस प्रकार हर सिक्के के दो पहलू होते हैं उसी प्रकार समाज की जवाबदारी है कि वह महिलाओं को समाज में यथोचित स्थान प्रदान करें, समय-समय पर उनके उत्कृष्ट कार्यों हेतु उन्हें समुचित सम्मान प्रदान करें ठीक ऐसे ही महिलाओं को भी चाहिए कि वे अपने आचरण में भारतीय परम्परा और संस्कृति को उतारें। न केवल अपने ज्ञान एवं कार्यों से बल्कि समरस आचरण से अपने परिवार और समाज में अपनी प्रतीष्ठा को कायम रखें। व्यक्ति का व्यवहार वह आयना होता है जिसमें उसका सम्पूर्ण जीवन चरित्र देखा जा सकता है और महिलाएं तो ईश्वर की वह अनुपम रचना है जिस पर यह संसार टिका है। नारी न केवल इस समाज की जननी है बल्कि इसकी पालनहार भी है और तारणहार भी तभी तो नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ स्वरूप महिलाओं की असीम शक्तियों का प्रतीक है। तो केवल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ही नहीं प्रतिक्षण हम महिलाओं का सम्मान करें, उनके प्रति आभार व्यक्त करें फिर देखिए एक सुंदर समाज की सृष्टि होगी जिसकी दिव्य दृष्टि होगी जो स्त्री पुरुष में भेद-भाव नहीं बल्कि समभाव रखेगी और तभी महिला दिवस मनाना भी सार्थक होगा।

नारी तू नारायणी है, शीष अपना मत झुका,
नर की जीवनदायिनी है, बात ये मत भूला।

**हेमलता शर्मा, भोली बेन**
**वरिष्ठ साहित्यकार**

UDGAM · Unclaimed Deposits Gateway To Access inforMation

अपने बैंक में 10 वर्ष से अधिक समय से बिना दावे के पड़े अपने पैसे को उपयोग में लाने का समाधान पाएँ



UDGAM पर जाएँ और जानें कि बैंक से इसका दावा कैसे करें

- UDGAM पोर्टल पर पंजीकरण करें।
- खाताधारक का नाम, बैंक का नाम और जन्म तिथि, पैन कार्ड इत्यादि विवरण का उपयोग करके खोजें।

UDGAM केवल एक खोज सुविधा है। बिना दावे वाली जमाराशियों का दावा संबंधित बैंक(ओं) से करना होगा।




UDGAM पोर्टल पर बैंकों की सूची उपलब्ध है।

अधिक जानकारी के लिए, https://rbikehtahai.rbi.org.in/ud पर विज़िट करें
फीडबैक देने के लिए, rbikehtahai@rbi.org.in को लिखें

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

## न्यूज-कॉलम



### दशा वेष्णव पोरवाड़ समाज महिला मण्डल द्वारा फाग उत्सव आयोजित

**आलीराजपुर।** श्री दशा वैष्णव पोरवाड़ समाज महिला मण्डल, आलीराजपुर द्वारा समाज भवन में रंगारंग फाग उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अलग-अलग थीम पर ग्रुप बनकर अपनी-अपनी प्रस्तुति दी गई। मीडिया प्रभारी कृष्णकान्त बेड़िया ने बताया कि किसी ग्रुप ने आदिवासी वेशभुषा पहनकर प्रस्तुति दी व किसी ने तारक मेहता उल्टा चश्मा की दया भाभी बनकर प्रस्तुति दी। विभिन्न किरदार निभाकर महिला मण्डल ने दर्शकों व समाजजनों की जमकर तारीफ लुटी। किसी ग्रुप ने टीचर-स्टुडेंट का किरदार निभाया और किसी ने प्राचीन सभ्यता, जंगली जीवन को चरितार्थ किया। महिला मण्डल ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी व फाग उत्सव मनाया। यह कार्यक्रम यादगार बन गया।

### पक्षाल सेक्रेटरी यु.पी.एस.सी. एग्जाम क्लियर कर बने आई.ए.एस.




**आलीराजपुर ।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व अधिवक्ता रहे स्व. प्रकाशचन्द्र जैन, आलीराजपुर की सुपुत्री दिप्ती जैन के सुपुत्र व परमार्थ मेडिकल स्टोर के राहुल जैन (लक्की) व मनीष जैन नानपुर के भांजे पक्षाल सेकेट्री बाग ने यु.पी.एस.सी. एग्जाम क्लियर कर, ऑल इण्डिया में 8वीं रेंक प्राप्त की व आई.ए.एस. कलेक्टर बनकर आलीराजपुर व बाग का नाम रोशन किया। इसके लिए आलीराजपुर जैन समाज व आलीराजपुर के नागरिकों ने पक्षाल सेक्रेटरी की उपलब्धि पर उन्हें और परिवार को बधाई व शुभकामना दी।

### जिला चिकित्सालय आलीराजपुर में मनाया विश्व श्रवण दिवस

**आलीराजपुर,।** कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के निर्देशन में विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय आलीराजपुर में श्रवण स्वास्थ्य के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने हेतु विशेष कार्यक्रम एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों, मरीजों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को श्रवण स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जानकारी दी गई तथा लोगों से समय-समय पर श्रवण परीक्षण कराने की अपील की गई।कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय बधिरता नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. सचिन पाटीदार ने इस वर्ष की थीम च्च फ्रॉम कम्युनिटी टू क्लासरूमः हियरिंग केयर फॉर ऑल चिल्ड्रनज्ज के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्चों में श्रवण संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान और उचित उपचार से भविष्य में होने वाली गंभीर परेशानियों से बचा जा सकता है। साथ ही उन्होंने आमजन को श्रवण हानि के कारणों, लक्षणों, बचाव के उपायों एवं समय पर उपचार के महत्व के बारे में जागरूक किया।

### समर्थन मूल्य पर गेहू उपार्जन के लिए किसान पंजीयन अब 10 मार्च तक

**खरगोन।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। पूर्व में पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च 2026 निर्धारित की गई थी, जिसे बढ़ाकर अब 10 मार्च 2026 कर दिया गया है। आपूर्ति अधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खाद्य विभाग भोपाल के पत्र के परिपालन में यह निर्णय लिया गया है। जारी निर्देशों में ई-गवर्नेंस प्रबंधक तथा जिले के सभी पंजीयन केंद्रों को निर्देशित किया गया है कि शेष पात्र किसानों का पंजीयन निर्धारित समय-सीमा में कराना सुनिश्चित करें, जिससे किसान समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय की सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकें। प्रशासन द्वारा जिले के किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि तक अपने नजदीकी पंजीयन केंद्र पर जाकर पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण कर लें

### आईटीआई निवाली में नि:शुल्क शार्ट टर्म कोर्स प्रारंभ

**बड़वानी ।** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, निवाली में निशुल्क शॉर्ट टर्म कोर्स 5 मार्च से प्रारंभ हो चुके है । संस्था प्राचार्य से प्राप्त जानकारी अनुसार संस्था में सर्विस टेक्नीशियन (होम अप्लायंसेस) रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, एयर कंडीशनर, आर.ओ. वाटर प्यूरीफायर आदि का इंस्टॉलेशन एवं सर्विसिंग का प्रशिक्षण 172 से 600 घंटे (लगभग 2 से 3 माह) तक दिया जायेगा। वही फिटर (फैब्रिकेशन) वेल्डिंग, शीट मेटल, पाइपलाइन आदि का प्रशिक्षण 172 से 480 घंटे (लगभग 1 से 2 माह) की अवधि के लिए दिया जायेगा। एक बैच हेतु रजिस्ट्रेशन अभी भी जारी है,अतः इक्छुक प्रशिक्षणार्थी शीघ्र ही रजिस्ट्रेशन करवाए। आगामी पांच दिवसों में संस्था में असिसटेंट ब्यूटी एण्ड वेलनेस (पार्लर) का कोर्स प्रारंभ किया जाना है, इस हेतु भी संस्था से संपर्क कर सकते हैं।

### आजमगढ़-बांद्रा के बीच चलेगी सुपर फास्ट ट्रेन

**उज्जैन।** ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल से होकर आजमगढ़ से बांद्रा टर्मिनस के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है।पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया गाड़ी संख्या 05183 आजमगढ़-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल 7 एवं 14 मार्च, शनिवार को आजमगढ़ से 23.15 बजे चलेगी और सोमवार को 8.10 बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। इस ट्रेन का रतलाम मंडल के नागदा एवं रतलाम स्टेशन पर 22.45 बजे आगमन व 22.50 बजे प्रस्थान होगा।

## प्राकृतिक रंगों से खेलेगें होली, नक्षत्र गार्डन में होगा पारिवारिक आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खंडवा

रासायनिक रंगों से होने वाले दुष्प्रभावों से बचाव और स्वस्थ परंपराओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अखिल विश्व गायत्री परिवार के स्वास्थ्य आंदोलन के तहत शहर में प्राकृतिक रंगों की होली का आयोजन किया जा रहा है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि यह आयोजन 8 मार्च (रविवार) को सुबह 7 बजे से 10.30 बजे तक नक्षत्र गार्डन में आयोजित होगा, जिसमें शहरवासी परिवार सहित शामिल होकर सुरक्षित और प्राकृतिक होली का आनंद ले सकेंगे। आयोजकों ने बताया कि इस विशेष होली में हल्दी, चुकंदर, मुलतानी मिट्टी, टेसू के फूल, अष्टगंध, नीम रस और गोपी चंदन से तैयार प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जाएगा। इन रंगों में कपूर काचरी, अम्बा हल्दी, मौसंबी, संतरा, नींबू छिलका पाउडर और गुलाबजल मिलाकर सुगंधित एवं त्वचा के लिए लाभकारी रंग तैयार किए गए हैं, जो त्वचा को निखारने और शुष्कता दूर करने में सहायक होंगे।

कार्यक्रम में महिला, पुरुष, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग-अलग संगीतमय व्यवस्था की जाएगी, ताकि सभी आयु वर्ग के लोग पारिवारिक और सभ्य वातावरण में होली का आनंद ले सकें। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि आयोजन स्थल पर ही सभी प्राकृतिक रंगों की व्यवस्था रहेगी तथा बाहर से रंग-गुलाल लाना प्रतिबंधित रहेगा।

सीमित स्थान के कारण आयोजन में प्रवेश कूपन के माध्यम से दिया जाएगा। इच्छुक लोगों से शीघ्र कूपन प्राप्त करने की अपील की गई है। कूपन एवं जानकारी के लिए बृजेश पटेल, अजय लाड़, डॉ. आर.के. सोनी, अजय गुप्ता और मुकेश मालवीया सहित अन्य आयोजकों से संपर्क किया जा सकता है। इस आयोजन में गायत्री शक्तिपीठ सूरजकुंड से जुड़े प्रमुख कार्यकर्ता एवं समाजसेवी भी मौजूद रहेंगे। आयोजकों ने शहरवासियों से परिवार सहित शामिल होकर प्राकृतिक और स्वास्थ्य वर्धक होली मनाने की अपील की है।

## सदभावना मंच ने होली एवं रंगपंचमी मिलन समारोह मनाया

**खंडवा।** सद्भावना मंच सदस्यों द्वारा मंच संस्थापक प्रमोद जैन की उपस्थिति में माली कुआं स्थित मंच कार्यालय में होली एवं रंगपंचमी मिलन समारोह आयोजित किया गया। सभी ने एक दुसरे को गले लग मिठाई खिलाकर बधाईयां दी गयी। यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस मौके पर शुभकामनाएं देते हुए मंच संस्थापक प्रमोद जैन ने कहा कि नफरत के रंग मिटाएं, प्यार के रंग सजाएं। प्यार का रंग, यारी का रंग, खुशियों का रंग, यही है असली होली का रंग। आइए मिलकर इस होली के त्योहार में मिठास और खुशियाँ बांटें। यह होली का उत्सव आपके और आपके परिवार के लिए सुखद, शांतिदायक और मंगलमय हो।

## सनावद के बैडमिंटन स्टार संजय पाटीदार ने एक बार फिर चमक बिखेरी

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सनावद

नगर के प्रतिभाशाली बैडमिंटन खिलाड़ी अन्य प्रदेशों में विजय हासिल कर अपनी प्रतिभा की चमक फैला रहे हैं। गत दिवस चालीसगांव (महाराष्ट्र) में आयोजित प्रतिष्ठित डबल्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में नगर के खिलाड़ी संजय पाटीदार ने भाग लिया। 35 वर्ष आयु वर्ग में बैडमिंटन खिलाड़ी संजय पाटीदार और उनके साथी सुमित तोमर (इंदौर) ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की। डबल्स टूनामेंट में पाटीदार लगातार पांच बार विजय कर चैंपियन बने हैं।

प्रतियोगिता में पाटीदार ने उम्दा खेल का प्रदर्शन करते हुए लीग राउंड में चालीसगांव, साकरी, नंदुरबार,मालेगांव, दोण्डाइचा, बुरहानपुर, सहादा और चापड़ा जैसी मजबूत टीमों को मात दी। पाटीदार और तोमर ने निर्णायक फाइनल मुकाबले में धुले की जोड़ी को सीधे सेटों में 21-13 और 21-16 से हराकर उन्होंने खिताब अपने नाम किया।पाटीदार की उपलब्धि पर सनावद



बैडमिंटन क्लब के सीजी प्रकोल्य,आशीष मित्तल, रामगोविंद बेन,प्रकाश चौहान, एससी चौहान, गणेश पटेल,एस.डावर,हिमांशु पाटील, भरतसिंह दरबार,मुस्तन अली बोहरा ने बधाई दी और कहा कि पाटीदार की यह उपलब्धि उम्र को कोई बाधा न मानते हुए खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की मिसाल पेश करती है और सनावद नगर के बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा प्रदान करती है।

## एचपीवी का टीका सुरक्षा का संकल्प, सर्वाइकल कैंसर से बेटियों का जीवन बचाने का नया विकल्प

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सनावद

कलेक्टर मैडम एवं मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी महोदय के निर्देश से 7 मार्च 2026 को जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर हरिशचंद्र आर्य, संस्था प्रभारी डॉ अभिषेक मुकाती के मार्गदर्शन में सिविल अस्पताल सनावद में आज टीकाकरण सत्र आयोजित कर सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु 14 वर्ष की उम्र की किशोरी बालिकाओं को एचपीव्ही वैक्सीन के टीके लगाए गए किशोरी बालिकाओं को उमा पटेल , एएनएम शहनाज खान वर्षा पवार ,अनीता कर्म , वंदना कंगाले पिंकी सावनेर ,हेमा राठौर ने टीके लगाए गए आज डॉ अभिषेक मुकाती ने बताया कि एचपीवी ह्यूमन पेपिलोमा वायरस से बचाव का टीका महिलाओं में होने वाली सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा करता है । अभियान के दौरान ऐसी बालिकाओं का टीकाकरण किया जाना है जिनके द्वारा



अपना 14वां जन्मदिवस की पूर्ण कर लिया गया हो एवं 15 वर्ष एवं तीन माह की किशोरी बालिकाओं को ही टीकाकरण किया जाएगा एवं किशोरी बालिकाओं के अभिभावकों से एचपीवी का टीका जरूर लगवाएं जाने का अनुरोध किया गया यह टीके सिविल अस्पताल सनावद में निशुल्क लगाए जा रहे है 28 फरवरी से शुरू हुए इस अभियान के तहत जिले के साथ शहर में टीकाकरण केंद्र बनाया गया है। अभियान शुरू होने से अब तक 141 बालिकाओं का ही वैक्सीनेशन हुआ। अभियान के शुरूआती दिनों में लक्ष्य से कम टीकाकरण के बाद अधिकारियों ने टीकाकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए है तीन माह चलने वाले इस अभियान को लेकर अब स्वास्थ्य विभाग के साथ शिक्षा व महिला बाल विकास विभाग के बीच समन्वय स्थापित किया गया है। अभियान को जमीनी स्तर पर गति देने के लिए सभी विभागों के कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया है। टीकाकरण के लिए केंद्रों पर आने वाली बालिकाओं की कम संख्या को देखते हुए छुट्टियों के दिनों में भी टीकाकरण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर बालिकाओं व उनके अभिभावकों को टीके के फायदे बताकर जागरूक कर रही है।

## बुरहानपुर महिला शक्ति का संकल्प




**बुरहानपुर।** जिले की सामाजिक संस्था मां पोहरा देवी वूमेन एंड चिल्ड्रन वेलफेयर सोसाइटी, घाघरला द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने, शिक्षा के लिए प्रेरित करने और बाल विवाह पर रोक लगाने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्या हुआ कार्यक्रम में- महिलाओं को बाल विवाह का विरोध करने, स्वच्छता अपनाने और अपने बच्चों को शिक्षित बनाने की शपथ दिलाई गई।महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और समाज में शिक्षा के महत्व को समझाया गया।संस्था के सदस्यों ने महिलाओं को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने, बेटियों को पढ़ाने और बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोकने के लिए प्रेरित किया।*किसने लिया हिस्सा? संस्था के उपाध्यक्ष राहुल राठौड़ सुरेश राठौड़, इंदल राठौड़, पवन राठौड़, विकास पवार, सोनू पवार, गोपाल चौहान, योगेश राठौड़, सुमेर सिंह राठौड़, अजय राठौड़, निलेश मांडवे, मनोज राठौड़, लखन राठौड़, चरण चौहान, राजू तारासिंह राठौड़ आदि उपस्थित रहे।

## कट्ठीवाड़ा पुलिस की अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही, 26 पेटी माउण्ट 6 हजार बीयर जब्त, आरोपी गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ अलीराजपुर

कटिठवाडा पुलिस के द्वारा अवैध शराब की सूचना पर कार्यवाही करते हुये आरोपी को गिरफतार करने में सफलता प्राप्?त की है। मुखबिर की सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए ग्राम कोल्यारी होली फलिया में दबिश देकर अवैध रूप से घर के बरामदे में संगृहित कर रखी बीयर की पेटीयां जब्त की गई है।

**घटना का विवरण:** दिनांक 7 मार्च को थाना कट्ठीवाड़ा पुलिस टीम अन्य अपराधों के अनुसंधान व आरोपियों की तलाश में ग्राम नानीबड़ोई क्षेत्र में थे। इसी दौरान विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कोल्यारी होली फलिया निवासी सेवला पिता नाना मसानिया ने अपने घर के बरामदे में रखी सूखी घास के नीचे बडी मात्रा में




बीयर की पेटियां अवैध रूप से संगृहित कर छिपाकर रखी हैं। पुलिस कार्रवाई व जप्तीः मुखबीर से प्राप्त सूचना पुलिस टीम ने आरोपी के निवास पर दबिश दी। तलाशी के दौरान घर के बरामदे में रखी सूखी घास के अंदर से 26 पेटियां माउण्ट 6 हजार कंपनी की बीयर बरामद की गई।

आरोपी सेवला मसानिया (उम्र 43 वर्ष) से उक्त शराब रखने या विक्रय करने के संबंध में वैध लाइसेंस संबंधी जानकारी प्राप्त करने पर जो उसके पास उपलब्ध नहीं था। आरोपी का कृत्य आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं ३६ के तहत दंडनीय पाए जाने पर पुलिस ने अवैध शराब को विधिवत जब्त करते हुये आरोपी को गिरफतार कर थाना कटिठवाडा पर अपराध क्रमांक 21/2026 पंजीबद्ध कर प्रकरण अनुसंधान मे लिया गया है।

सराहनीय भूमिकाः उक्त सफलता पूर्वक कार्रवाई में थाना प्रभारी कट्ठीवाड़ा निरीक्षक दिनेश सोलंकी, सउनि यशवंत पाटीदार, म.प्रआर. सुनिता, प्रआर. चंदरसिंह, प्रआर पारस, आर. अनिल भूरा, आर. विकास, आर. जितेन्द्र नरगावे एवं आर. आशीष का विशेष एवं सराहनीय योगदान रहा।

## गुड़ी पड़वा पर्व हेतु मातृशक्ति की बैठक संपन्न

**खंडवा।** पूर्व निमाड़ सामाजिक सांस्कृतिक सेवा समिति के गौरवपूर्ण आयोजन भजन संध्या में इस वर्ष वृंदावन की कलाकार गायिका साध्वी पूनम दीदी अपनी प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम को सफल एवं सुचारु बनाने के लिए मातृशक्ति की एक बैठक का आयोजन श्रीगणेश गौशाला में किया गया। समिति अध्यक्ष आशीष चटकेले, सचिव भूपेंद्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम को भव्य बनाने हेतु रामचंद्र मोर्य, शोभा तोमर, ममता बोरसे,ने मार्गदर्शन प्रदान किया।

## ट्रस्ट के सेवा कार्यों में सहभागी होना सौभाग्य की बात-एसपी

**बड़वानी।** किसी भी सेवा कार्य की शुरूआत प्रारंभिक तौर पर एकल प्रयास के कारण थोड़ी कठिन होती है किंतु जैसे-जैसे हमारे सेवा कार्य परिणाम में परिवर्तित होते हैं तो अन्य सेवाभावी लोग भी जुड़कर हमें संबल प्रदान करते हैं उक्त बातें आशा ग्राम ट्रस्ट द्वारा संचालित निराश्रित मनोरोगियों के आशा आश्रय गृह से तीन मनोरोगियों का पारिवारिक पुनर्वास कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ला ने कहीं। उन्होंने कहा ट्रस्ट के सेवा कार्यों में सहभागी होना हमारे लिए भी सौभाग्य की बात है तथा जनहित के सेवा पुनर्वास कार्यों में पुलिस विभाग सदैव सहयोगी रहेगा। आज तीन मनोरोगी जिनमें ग्राम उगत जिला नवसारी गुजरात के गुणवंत दूसरा किशनवाडी बड़ौदा गुजरात के विजय तथा तीसरा मनोरोगी बड़वानी जिले के दवाना कालू सिंह जो की वर्षों से परिवार से बिछड़ कर निराश्रित जीवन जी रहे थे जिन्हें टीम आशा आश्रय गृह के द्वारा रेस्क्यू कर आशाग्राम लाया गया जहां समुचित उपचार मनोरोग विशेषज्ञ डॉ राहुल पाटीदार के मार्गदर्शन में किया गया । तथा परामर्श से प्राप्त निष्कर्ष के आधार पर पता लगने पर आज तीनों का पारिवारिक पुनर्वास किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर रोटरी गवर्नर श्री सुशील मल्होत्रा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती सोनाली शर्मा, पुलिस थाना प्रभारी श्री बलजीत सिंह,आशाग्राम ट्रस्ट के सचिव डॉ चक्रेश पहाड़िया, चुने गये।

## दरियापुर में बिल्डिंग मटेरियल शॉप पर सेंट्रल जीएसटी का सर्वे

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर

जिले के ग्राम दरियापुर में शुक्रवार देर शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब सेंट्रल जीएसटी की टीम ने अचानक एक बिल्डिंग मटेरियल की दुकान पर सर्वे कार्रवाई शुरू कर दी। खंडवा से आई अधिकारियों की टीम ने लक्ष्मीधाम बिल्डिंग मटेरियल शॉप पर पहुंचकर दस्तावेजों की गहन जांच की। कार्रवाई देर रात तक चलती रही, जिससे क्षेत्र के व्यापारिक जगत में चचाओं का दौर शुरू हो गया।

जानकारी के अनुसार, खंडवा से 10 से अधिक अधिकारियों की टीम दरियापुर पहुंची और दुकान पर सर्वे की कार्रवाई शुरू की। टीम ने दुकान के बिल, खरीदी-बिक्री के रिकॉर्ड, जीएसटी रजिस्टर और अन्य वित्तीय दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। अधिकारियों ने कंप्यूटर और दस्तावेजों में दर्ज लेन-देन का मिलान भी किया। देर रात तक अधिकारी



दुकान में मौजूद रहकर रिकॉर्ड खंगालते रहे। कार्रवाई के दौरान दुकान के बाहर लोगों की भीड़ भी जुटती रही। अचानक हुई इस कार्रवाई को लेकर व्यापारियों और स्थानीय लोगों में तरह-तरह की चचाएं होती रहीं।

सर्वे के दौरान अधिकारियों ने मीडिया से दूरी बनाए रखी। देर रात तक कार्रवाई जारी रहने के बावजूद किसी भी अधिकारी ने औपचारिक रूप से कार्रवाई के संबंध में जानकारी देने से परहेज किया। इससे यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि जांच किस शिकायत या किन कारणों के आधार पर की जा रही है।

बुरहानपुर वाणिज्यिक कर विभाग के सहायक आयुक्त यूसुफ खान ने बताया कि सेंट्रल जीएसटी की टीम खंडवा से आई है और दरियापुर स्थित एक बिल्डिंग मटेरियल की दुकान पर सर्वे कर रही है। उन्होंने कहा कि कार्रवाई से जुड़ी अधिकृत जानकारी वही अधिकारी देंगे जो सर्वे कर रहे हैं।

कुछ दिन पहले बुरहानपुर की टीम ने नेपानगर में भी एक बिल्डिंग मटेरियल व्यापारी के यहां सर्वे किया था। उस कार्रवाई की जानकारी विभाग ने कई दिनों तक सार्वजनिक नहीं की थी। बाद में सामने आया कि जांच में करीब २० लाख रुपए का कर अपवंचन पाया गया था।

इसके अलावा बुरहानपुर में इससे पहले भी दो फर्मों पर जीएसटी से जुड़ी कार्रवाई हो चुकी है, लेकिन उन मामलों में कितना कर अपवंचन मिला, इसकी जानकारी अब तक सार्वजनिक नहीं की गई है। उस समय इंदौर से आए अधिकारियों ने कहा था कि जांच पूरी कर प्रकरण तैयार कर बुरहानपुर वाणिज्यिक कर कार्यालय भेजा जाएगा।

दरियापुर में चल रही इस कार्रवाई के बाद व्यापारिक क्षेत्र में हलचल है। हालांकि सर्वे में क्या सामने आया है और किसी प्रकार का कर अपवंचन मिला है या नहीं, इसका खुलासा जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल सेंट्रल जीएसटी की टीम देर रात तक दस्तावेजों की पड़ताल में जुटी रही।

## रोजाना 2.5 किमी पैदल चलने को मजबूर कॉलेज छात्राएं : बाग में हाथ देने पर वाहन भी नहीं रोकते चालक; मंत्री के निर्देश भी बेअसर

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बाग

धार जिले के बाग में कॉलेज जाने वाली छात्राओं को प्रतिदिन भीषण गर्मी और असुरक्षित रास्तों पर 2.5 किलोमीटर पैदल चलना पड़ रहा है। कॉलेज स्टॉप पर बसों के न रुकने के कारण छात्राएं परेशान हो रही है। केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर के स्पष्ट निर्देशों के आठ महीने बाद भी प्रशासन इस समस्या का समाधान नहीं निकाल पाया है।

**बस संचालकों की मनमानी : हाथ देने पर भी नहीं रुकते वाहन**

शुक्रवार को कड़ी धूप में पैदल लौट रही छात्रा काजल पांडे, सुनीता और सुमन सहित अन्य छात्राओं ने बताया कि कॉलेज की छुट्टी के बाद वे छाबड़ा और सुभाष



कंपनी की बसों सहित कई वाहनों को रोकने का प्रयास करती हैं, लेकिन चालक उन्हें नजरअंदाज कर आगे बढ़ जाते हैं।

छात्राओं का आरोप है कि बस संचालक अन्य सवारियों के लिए गाड़ी रोकते हैं, लेकिन कॉलेज छात्राओं को बैठाने में आनाकानी करते हैं।

**सुनसान रास्ते पर पहले भी हो चुकी हैं घटनाएं**

छात्राओं को जिस रास्ते से पैदल गुजरना पड़ता है, वह काफी सुनसान है। कॉलेज प्राचार्य सखाराम भूरिया और प्राध्यापक अंजली जोशी ने बताया कि पूर्व में भी इस मार्ग पर छात्राओं के साथ अप्रिय घटनाएं हो चुकी हैं। कॉलेज प्रबंधन ने पहले भी पुलिस प्रशासन को बस स्टॉप पर अनिवार्य रूप से बसें रुकवाने के लिए पत्र लिखा था, लेकिन स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया।

**केंद्रीय मंत्री के आदेशों की अनदेखी**

आठ महीने पहले जब केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर बाग आई थीं, तब छात्राओं ने उन्हें इस समस्या से अवगत कराया था। मंत्री ने तत्काल पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को बसें रुकवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद अधिकारियों की निष्क्रियता के कारणात्राएं आज भी परेशान हैं।

**पुलिस प्रशासन को फिर दी जाएगी सूचना**

प्राचार्य सखाराम भूरिया ने कहा है कि छात्राओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए वे एक बार फिर पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगे। छात्राओं ने मांग की है कि बस संचालकों पर सख्त कार्रवाई की जाए और कॉलेज के समय पर बसों का ठहराव सुनिश्चित किया जाए ताकि उन्हें इस मुसीबत से छुटकारा मिल सके।

## अवंतिका हाट बाजार दो साल से विवाद के कारण शुरू नहीं हुआ

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर से मात्र 100 मीटर की दूरी पर स्थित अवंतिका हाट बाजार दो साल पहले 39.87 करोड़ से तैयार हुआ लेकिन आम जनता के लिए खुल नहीं सका। बाजार बनने के बाद पहले से व्यापार कर रहे दुकानदारों ने इन दुकानों की मांग की और मामला कोर्ट तक पहुंच गया। कोर्ट में केसः स्मार्ट सिटी सीईओ संदीप शिवा ने कहा कि कोर्ट केस के चलते दुकानों का वितरण नहीं किया जा सका है।

**सप्त सागरों के पानी में सीवरेज का जल नहीं**

**उज्जैन।** एनजीटी भोपाल ने जनवरी में उज्जैन के सप्त सागर के संरक्षण के लिए कड़े निर्देश जारी किए थे।

## न्यूज -कॉलम

### अवैध शराब के साथ गिरफ्त में आया सांवेर का युवक

**उज्जैन।** सर्कल भ्रमण के दौरान शुक्रवार-शनिवार रात नानाखेडा थाना पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति सफेद चैक शर्ट पहने बिना नंबर की नीली एक्टिवा से अवैध शराब लेकर तारामंडल के पास किसी को देने आया हुआ है। पुलिस टीम ने तारामंडल के आसपास घेराबंदी की। सूचना के मुताबिक एक युवक एक्टिवा पर दिखाई दिया। जिसे योजना बनाकर पकडा गया। उसके पास से झोले मिला, जिसमें देशी शराब भरी हुई थी। पूछताछ करने पर उक्त व्यक्ति का नाम सौदान पिता नरसिंह राठौर 41 साल निवासी ग्राम हिण्डोलिया तहसील सांवेर जिला इंदौर सामने आया। उसके पास से शराब के 335 क्वार्टर कीमत 30 हजार से अधिक बरामद कर मामले में आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया। थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव के अनुसार आरोपित से पूछताछ जारी है। इस बात का पता लगाया जा रहा है कि वह शराब किसे देने आया था। विदित हो कि शहर में शराब प्रतिबंधित होने के बाद से लगातार इंदौर-देवास के रास्ते शराब उज्जैन तक लाई जा रही है। नानाखेडा क्षेत्र इंदौर से जुडा हुआ है। पूर्व में भी अवैध शराब के साथ कई लोग गिरफ्त में आ चुके है।

### रंजिश में भाईयों पर हमला, बीच-बचाव में दादा घायल

**उज्जैन।** माकडोन के ग्राम भगवतपुर में शुक्रवार रात पुरानी रंजीश के चलते दिनेश पिता इंदरसिंह गुर्जर 19 साल और उसके भाई विनोदसिंह गुर्जर पर गांव में रहने वाले भगतसिंह, देवीसिंह, निर्भयसिंह, तूफानसिंह, ईश्वरसिंह सहित 4-5 अन्यों ने लाठियों से हमला कर दिया। दोनों भाईयों को बुरी तरह से पीटा जा रहा था। तभी दोनों भाईयों के दादा इंदूसिंह गुर्जर 80 साल बीच-बचाव के लिये पहुंचे। हमलावरों ने उनके साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। माकडोन थाना पुलिस ने बताया कि तीनों घायलों को उपचार के लिये उज्जैन शासकीय चरक अस्पताल भेजा गया है। वहीं घायलों की ओर से करणसिंह गुर्जर 36 साल की शिकायत पर मारपीट करने वालों के खिलाफ धारा 109 (1), 190, 191 (2), 191 (3), 115 (2), 296 (बी), 351 (3), 3 (5) में प्रकरण दर्ज किया है। सभी हमलावर गांव से भाग निकले थे। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

### सफाई को लेकर 2 पक्षों में चले लात-घूंसे और पाइप

**उज्जैन।** खाराकुआ थाना क्षेत्र में जामा मस्जिद के पीछे मुस्लिम समुदाय के 2 पक्षों में प्लाट की साफ-सफाई को लेकर लात-घूंसों के साथ पाइप चल गये। दोनों पक्षों के बीच विवाद होता देख अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और विवाद करने वालों को थाने ले आई। जहां विवाद में घायल लोगों को मेडिकल परीक्षण कराया गया। वहीं मुजाहिद पिता एजाज अहमद निवासी जामा मस्जिद की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया। मुजाहिद ने बताया कि उसे और चाचा के लडके वसीम पिता मोहम्मद युनूस को मोहम्मद गुलरेज और उसके साथियों ने मारा है। दूसरे पक्ष से अंडा गली में रहने वाले मोहम्मद गुलरेज पिता शेर मोहम्मद की शिकायत पर मुजाहिद, वसीम और अन्य के खिलाफ मारपीट का प्रकरण दर्ज किया गया। दोनों पक्ष से मारपीट करने वाले पुलिस की कस्टडी में है।

### बुरी नजर का आरोप लगाकर 2 युवकों से मारपीट

**उज्जैन।** उन्हेल के ग्राम पासलोद में रहने वाले अरूण पिता निर्भयसिंह भाटी मोंगिया 26 साल और कुलदीप पिता लालसिंह राजपूत 20 साल के साथ पासलोद में रहने वाले पप्पू और उसके साथियों ने साली पर बुरी नजर रखने का आरोप लगाकर रबड के पाइप से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मामला उन्हेल थाना पुलिस के पास पहुंचने पर अरूण भाटी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया। अरूण का कहना था कि उन पर बेवजह का आरोप लगाया गया है। पुलिस का कहना था कि मामले की जांच की जा रही है। पप्पू के गिरफ्त में आने पर विवाद की वजह स्पष्ट हो पायेगी।

### हिरासत में आये चाकू लेकर घूम रहे 2 बदमाश

**उज्जैन।** रंगपंचमी से एक दिन पहले सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट हो गई थी। हर थाना क्षेत्र में संदिग्धों और बदमाशों पर नजर रख धरपकड शुरू की गई। इस दौरान नीलगंगा थाना पुलिस ने दोपहर में बंधन गार्डन के आगे से महावीरबाग में रहने वाले ईशान पिता विक्रम यादव को रोक तलाशी ली। उसके पास से चाकू बरामद हो गया। वहीं दाऊदखेडी पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास अम्बेडकर नगर में रहने वाले सौरभ पिता नकुश को संदिग्ध हालत में देख पकडा और तलाशी ली तो उसके पास से चाकू बरामद हो गया। दोनों के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट की धारा में प्रकरण दर्ज किया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 150-6 | 670-3 |
| मेन बाजार | | |
| कल्याण नाइट | | |
| मिलन डे | 559-9 | 899-6 |
| मिलन नाइट | 225-9 | 258 -5 |
| मधुर डे | 189-8 | 367-6 |
| मधुर नाइट | 126-9 | 669-1 |
| शुभांक | 2 5 | 9 |

चंद घंटों में पुलिस ने 4 बदमाशों को लिया हिरासत में....

# दोस्त निकला 8 लाख की लूट का मुख्य षड्यंत्रकारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मामा के घर से 8 लाख रूपये लेकर लौट रहे युवक और उसके दोस्त को शुक्रवार-शनिवार रात तीन नकाबपोश बदमाशों ने रास्ते में रोक लूट लिया। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू की। चंद घंटो बाद शनिवार को पता चला कि लूट का मुख्य षडयंत्रकारी दोस्त है। उसे हिरासत में लिया और तीन अन्य बदमाशों को भी दबोच लिया गया।



चिमनगंज थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि नागेश्वरधाम कालोनी में रहने वाला अनुराग पिता राजेन्द्रसिंह आंजना शुक्रवार शाम दोस्त अनिरूद्ध सेन के साथ तराना तहसील के ग्राम हालूखेडी में मामा ईश्वरसिंह के यहां पहुंचा था। जहां से 8 लाख रूपये लेकर एक्टिवा क्रमांक एमपी 13 ईवी 9130 से दोनों वापस उज्जैन लौट रहे थे। ग्राम सायरखेड़ी के पास बिना नम्बर की गाडी से आये 3 नकाबपोश बदमाशों ने रोका और बहन-बेटी के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए दोनों को सूनसान जगह ले गये। जहां मारपीट कर एक्टिवा की डिक्की में रखे 8 लाख रूपये लूटकर भाग निकले। अनुराग ने मामले की सूचना चिमनगंज थाना पुलिस को दी। मामले की गंभीरता को देख तत्काल एसआई जयदीप राठौर, एएसआई दिनेश भाट, आरक्षक आनंद मिश्रा, योगेश शर्मा, संदीप चौधरी, राजेश, सर्वेश और मनोज की टीम गठित की। लूट की वारदात की जांच शुरू की गई, इस दौरान अनुराग के दोस्त अनिरूद्ध पिता धर्मेन्द्र सेन निवासी गुदरी चौराहा पर संदेह हुआ, जब उससे सख्ती से पूछताछ की गई तो वह टूट गया और अपने 3 साथियों रोहित पिता राकेश बनोलिया 23 साल निवासी तिरुपतिधाम कालोनी, आलोक उर्फ बुद्धा पिता लालु उर्फ अनिल लोट 22 साल निवासी दिल्ली दरबाजा भैरुगढ और यश पिता विनेश सोलंकी 23 सार्ल निवासी द्रविड़ मार्ग बहादुरगंज के साथ मिलकर लूट करना स्वीकार कर लिया। थाना प्रभारी के अनुसार चारों आरोपियों के गिरफ्त में आने पर उनके पास से लूटे गये 8 लाख में से 5 लाख रूपये बरामद कर लिये गये है। शेष 3 लाख की बरामदगी के प्रयास जारी है। बदमाशों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जायेगा।

### तराना में एक्टिवा से उतर गया था अनिरूद्ध

बताया जा रहा है कि अनुराग के साथ तराना पहुंचा अनिरूद्ध रास्ते में उतर गया था और वापस लौटने पर साथ चलने की बात कहीं थी।

इस दौरान उसने अपने दोस्त रोहित बनोलिया को अनुराग के साथ लूट करने की बात मोबाइल से की। रोहित अपने दो साथी आलोक और यश के साथ हीरो एक्सट्रीम मोटर सायकल से वारदात के निकला। मोटर सायकल उसने अपने दोस्त से मांगी की जिसकी नम्बर प्लेट निकाल कर सायरखेड़ी तक पहुंचे। पहले उन्होने अनुराग और अनिरूद्ध को आता देख उन्हे क्रास किया और कुछ दूर जाने के बाद वापस लौटकर आये और झमाझम कैफे के पास रोक लिया।

### 18 लाख में बेची थी जमीन, खरीदना थी स्कार्पियों

अनुराग ने लूट होने के बाद पुलिस को बताया कि कुछ माह पहले उसने अपनी 1 बीघा जमीन 18 लाख में बेची थी। रूपये मामा के यहां रखे थे। वह एल्युमिनियम की दुकान चलाता है। उसे व्यापार मेले से स्कार्पियों खरीदना थी। जिसके चलते मामा के यहां से रूपये लेने गया था। उसने दोस्त अनिरूद्ध को रूपये लेकर आने की बात बताई थी। लौटते समय अनिरूद्ध ने एक्टिवा चलाने की बात कहीं। अनिरूद्ध गाडी चला रहा था, वह पीछे बैठ था। तभी रास्ते में बदमाशों ने रोक लिया।

### आरोपियों में 2 आदतन बदमाश

थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि 8 लाख की लूट में शामिल 2 बदमाश आलोक लोट और रोहित बनोलिया आदतन बदमाश है। रोहित के खिलाफ पूर्व में 3 और आलोक के खिलाफ 7 मामले पूर्व में दर्ज है।

## टॉवर चौक पर आकर्षक मंच बनकर तैयार, मुख्यमंत्री होंगे शामिल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



आज रंग पंचमी के अवसर पर शहर में होने वाले श्री कृष्ण सुदामा रंग उत्सव के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल होंगे। जिसे लेकर तैयारियां दो दिन पहले से चल रही थी कार्यक्रम को लेकर कार्यक्रम स्थल सहित पूरे मार्ग पर साज सज्जा की गई है। कार्यक्रम को लेकर फ्रीगंज टावर चौक पर एक आकर्षक मंच तैयार किया गया है।वहीं पूरे मार्ग को सजाया गया है तथा जगह-जगह स्वागत मंच बनाए गए हैं। कार्यक्रम स्थल सहित पूरे मार्ग पर रंग बिरंगी लिगिया व झंडे सहित बैनर लगाए गए हैं तथा आयोजन को लेकर शनिवार देर रात तक तैयारी चल रही थी। शनिवार को अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर वहां की व्यवस्था देखी कार्यक्रम स्थल पर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर निगम द्वारा की जा रही व्यवस्थाएं शनिवार देर रात तक चल रही थी। आकर्षक मंच व्यवस्था, संपूर्ण मार्ग को रंग बिरंगी लिगियों एवं झंडो से सजाया गया एवं स्वागत द्वार सजाए गये हैं। आयोजन जीरो वेस्ट इवेंट पर आधारित रहेगा साथ ही निगम आयुक्त के निर्देश पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सतत रूप से मॉनिटरिंग की जा रही थी। जिसमें अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, जनसंपर्क अधिकारी पवन कुमार, सहायक आयुक्त प्रफुल्ल गठरे, रविकांत मगरदे, राघवेंद्र सिंह पालिया, घनश्याम मचार प्रवीण मुकाती द्वारा आयोजन स्थल पर उपस्थित रहकर कार्यों की मॉनिटरिंग की जा रही थी।



## क्षिप्रा में डूबते हरियाणा के युवक की बचाई जान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

क्षिप्रा नदी के दत्त अखा?ा घाट पर शनिवार सुबह युवक पानी की गहराई में चला गया। उसे डूबता देख होमगार्ड सैनिक और मां क्षिप्रा तैराक दल के सचिव ने छलांग लगाई। कुछ देर में युवक बचाकर सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।



हरियाणा का रहने वाला अंकित पिता राजेन्द्र सेनी 23 साल पिता और रिश्तेदार के साथ शनिवार को देवदर्शन के लिये उज्जैन आया था। तीनों आस्था का नहान करने के लिये क्षिप्रा नदी के दत्त अखाडा घाट पहुंचे। जहां अंकित नहान के लिये पानी में उतर गया। उसे गहराई का अंदेशा नहीं था, जिसके चलते वह घाट की सीडियों से गहराई में चला गया। उसे तैरना नहीं आता था। उसे डूबता देख लोगों ने शोर मचाया। इस दौरान घाट पर ड्युटी कर रहे होमगार्ड जवान राहुल मंगलेश्वरी और मां क्षिप्रा तैराक दल के सचिव संतोष सोलंकी ने बिना देरी किये नदी में छलांग लगा दी।

रामघाट तैराक दल के सदस्य भी नदी में उतर गये। कुछ देर में ही डूबते युवक को बचाकर सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। युवक का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, युवक पूरी तरह से सामन्य और सुरक्षित होना सामने आया, उसे पिता और रिश्तेदार के साथ रवाना किया। क्षिप्रा नदी के घाटों पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में देशभर से श्रद्धालु आस्था की डूबकी लगाने पहुंचते है। इस दौरान कई बार श्रद्धालुओं के साथ हादसे होना सामने आते है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिये 24 घंटे होमगार्ड के जवान तीन शिफ्ट में तैनात रहते है और पेट्रोलिंग करते रहते है। जवानों के साथ ही मां क्षिप्रा तैराक दल भी सालों से डूबते श्रद्धालुओं की जान बचाने में अपनी भूमिका निभा रहा है।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, मेरे पक्षकार ने 1 पीयूष पंड्या पिता श्री दिनेश चन्द्र पंडया 2-मनोहर पिता श्री मोहनलाल निवासीगण ग्राम धनोड़िया तहसील झारड़ा जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-525/1/1/1/1/1 रकबा 0.74 हैक्टर लगानी बरूऐट स्थित ग्राम धनोडिया पटवारी हल्का नम्बर-50 तहसील झारड़ा जिला उज्जैन (म.प्र.) में हैं, कोक्रय करने का मौखिक सौदा किया गया होकर टोकन राशि अदा कर दी हैं, अब शेष विक्रय धन अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन अथवा किसी भी व्यक्ति्त, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि दो (2) दिन में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने अवधि मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी, सूचित हो । दिनांक-07.03.2026

**क्र.मनोहरसिंह राणावत सर्विस प्रोवाईडर**
**सी -10 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन**
**मो. 98268 87494**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार मुथुट होम फिंन इंडिया लिमिटेड, शाखा 201 सेकण्ड फ्लोर कल्पट्रेड सेंटर शहीद पार्क फ्रीगंज उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन जो कि भूमि सर्वे क्रमांक 150/1/1/मीन-1 स्थित ग्राम पंवासा, मक्सी रोड, उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफल 56.39 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व मे- मकान राजेन्द्र सिंह का, पश्चिम मे- रास्ता कॉलोनी का, उत्तर में- भूखण्ड शर्मानंद जी का, दक्षिण में- मकान अब्दुल का स्थित है। उक्त सम्पत्ति देवकरण मालवीय पिता भैरूलाल जी ने बजर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एपमी 432022019ए1161706 दिनांक 07/03/2019 के माध्यम से विधिवत रूप से क्रय किया है तथा उक्त संपत्ति से संबंधित पूर्व का मुल विक्रय पत्र क्रमांक 982 दिनांक 22/05/2008 कही गुम हो गया है तथा देवकरण मालवीय ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु मुथुट होम फिंन इंडिया लिमिटेड में आवेदन किया है। तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं अत: सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरें कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार मेरे पक्षकार का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो । दिनांक 07/03/2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो. 9301860352**


### डिजिटल कवच से पुलिस की निगरानी

**उज्जैन।** अवंतिका नगरी की रंगपंचमी पर निकलने वाली पारंपरिक गैर के साथ महाकालेश्वर ध्वज यात्रा के दौरान उमड़ने वाले जनसैलाब की सुरक्षा के लिए पुलिस ने डिजिटल कवच के साथ त्रिस्तरीय निगरानी शुरू कर दी है।

रंगपंचमी पर आज नगर गैर के साथ कृष्ण सुदामा रंग उत्सव की मस्ती का नजर अवंतिका नगरी में दिखाई देगा, वही शाम को महाकालेश्वर मंदिर से निकलने वाली ध्वज यात्रा में भी आस्था के साथ रंग गुलाल दिखाई देगा। रंग उत्सव के दौरान मुख्यमंत्री की मौजूदगी गृहनगर में होगी। जिसके चलते पुलिस प्रशासन द्वारा जनसुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम शुरू किए हैं। सुरक्षा के लिए डिजिटल कवच के रूप में ड्रोन से निगरानी की जा रही है। शनिवार सुबह से ही पुलिस द्वारा निकलने वाली गैर मार्ग पर डिजिटल स्तर पर सघन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया था। चेकिंग पर अधिकारियों द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम से रियल-टाइम मॉनिटरिंग कर नजर रखी जा रही है। रंगपंचमी पर सुरक्षा व्यवस्था के लिये पुलिस महानिरीक्षक राकेश गुप्ता और पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई है। जो हर मार्ग की ऊंची बिल्डिंगो, संकरी गलियों और संवेदनशील चौराहों पर तीसरी आंख ड्रोन कैमरों के जरिए से नजर रख रही है। इस दौरान कोई अप्रिय वस्तु या पत्थर जमा ना कर सके इसका ध्यान रखा जा रहा है, साथ ही भीड़ के घनत्व की निगरानी कर रहे हैं, जिससे ट्रैफिक और भीड़ को समय रहते डायवर्ट किया जा सके। डिजिटल स्तर पर निगरानी के साथ शहर के प्रमुख चौराहा पर चेकिंग पाइंट लगाए गए हैं ताकि कोई असामाजिक तत्व हुड़दंग ना कर सके। चेकिंग पाइंट पर हाई-डेफिनिशन कैमरों का उपयोग किया जा रहा है।


### जाहिर सूचना

भूमि सर्वे क्रमांक 147/1 रकबा 0.5900 हेक्टर स्थित ग्राम पिपलिया मुज्फता तहसील घट्टिया जिला उज्जैन के संबंध में

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रमसिंह पिता चन्दरसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम उज्जैनिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन कृषक ग्राम पिपलिया मुज्फता तहसील घट्टिया जिला उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे क्रं. 147/1 रकबा 0.59 हैक्टर स्थित ग्राम पिपलिया मुज्फता तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में है। उक्त भूमि को क्रय करने का सौदा किया है तथा सौदा चिट्ठी का संपादन किया है, बयाना राशि अदा कर अनुबंध पत्र का संपादन करा कर व विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है। यदि उपरोक्त वर्णित भूमि पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार हो या उपरोक्त भूमि कहीं पर भी रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त व प्रतिभूतिग्रस्त अनुबंधग्रस्त, विक्रयग्रस्त, बंधकग्रस्त किया हुआ हो या भूमि किसी अन्य के हित में अनुबंधित हो या उपरोक्त भूमि के संबंध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधिन हो या उक्त विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस में मय लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी उसके पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 7-3-2026 स्थान उज्जैन

**राजेन्द्रकुमार जैन ( पालरेचा ) एडवोकेट एवं नोटरी**
**51स्नेह दीप, खाराकुंआ उज्जैन**
**मो. 9425091124**


### पत्नी को चाकू मारकर भागा शराबी पति



**उज्जैन।** काम पर जाने के लिये निकली 2 बच्चों की मां को रास्ते में शराबी पति ने रोका और विवाद करते हुए चाकू मार दिया। हाथ पर चाकू लगने से महिला लहूलुहान हो गई। पति हमला करने के बाद भाग निकला। फाजलपुरा नगर कोट क्षेत्र में रहने वाली नीतू 40 साल एक वर्ष पहले पति भगवानसिंह से अलग हो गई थी और 2 बच्चों के साथ रहकर उनके पालन-पोषण के लिये घरों में बर्तन साफ करने के साथ झाड़ू पोछा लगाने का काम करती है। शनिवार सुबह वह घर से काम पर जाने के लिये निकली थी, तभी पति भगवानसिंह ने उसे रास्ते में रोक लिया और विवाद करने लगा। नीतू ने विरोध किया तो पति ने चाकू निकाला और हमला किया। नीतू ने खुद को बचाने के लिये हाथ आगे किया तो वार लगने पर लहूलुहान हो गई। आसपास के लोगों ने घटनाक्रम देखा तो बचाने के लिये आगे आये। पति भीड लगती देख भाग निकला। नीतू को लोगों की मदद से उपचार के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया गया। मामले की जानकारी लगने पर पुलिस अस्पताल पहुंचकर घायल नीतू के बयान दर्ज किये। इस दौरान सामने आया कि पति मिस्त्री का काम करता है और शराब पीने का आदी है। आये दिन के विवाद से परेशान होकर वह 2 बच्चों के साथ सालभर से अलग रह रही है। बावजूद पति रूपयों की मांग करता रहता है। चिमनगंज थाना पुलिस के अनुसार मामले में प्रकरण दर्ज कर पति की तलाश शुरू की गई है।

## रात 10.30 बजे पोहा फैक्ट्री में लगी आग

**उज्जैन।** रात 10.30 बजे दारू गोदाम के पास छोटी मायापुरी में डायमंड एग्रो पोहा फैक्ट्री में आग लग गई। लपटे देख अफरा-तफरी फैली। सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की दमकले पहुंची और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किये। एक घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। बताया जा रहा है कि मयंक जैन निवासी तुलसीनगर द्वारा छोटी मायपुरी में पोहा फैक्ट्री संचालित की जाती है। रात में अचानक आग लगने से फैक्ट्री लपटों से घिर गई। धुआं और लपटे देख आसपास के लोगों ने फायर बिग्रेड को सूचना दी। तत्काल पांच दमकले मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया गया। एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। गनीमत रही रात का समय होने पर पोहा फैक्ट्री में कर्मचारी नहीं थे। आग लगने की वजह शार्ट सर्किट बताई जा रही है। देर रात तक आग में हुए नुकसान का आकंलन नहीं हो पाया था। विदित हो कि अगस्त माह में उक्त पोहा फैक्ट्री में एक महिला की मशीन में आ जाने पर मौत भी हुई थी।

# आस्था या सौदेबाजी



ईश्वर के साथ आपका कोई प्रत्यक्ष अनुभव नहीं। इसलिए दूसरे लोगों ने जो कहा, उसे स्वीकार करते हुए आपने उन पर विश्वास कर रखा है। आप मंदिर किसलिए जाते हैं? ईश्वर का साक्षात्कार करने के लिए? हे प्रभो, मुझे यह दो, वह दे दो, यही मनौती मांगने के लिए तो जाते हैं। ईश्वर के प्रति आपका जो विश्वास है, वह प्रायः लालच और भय के आधार पर पाला गया है? अपने घर में आपने देवी-देवताओं के दर्जनों चित्र रखे हैं। इसके बावजूद क्या आपका भय दूर हो गया? ह्यभय-भक्तिह्न से आप चलाए जाते हैं। यदि ईश्वर प्रेम-स्वरूप हैं, तो क्या उनके प्रति भक्ति का होना काफी नहीं है? भय किसलिए? जो लोग ईश्वर का अनुभव नहीं कर पाते, वही आज भक्ति के बारे में ज्यादा बोलते हैं। कहा जाता है कि इस धरती पर भगवान नौ बार अवतार ले चुके हैं। अपने आस-पास और दूर-दूर तक नजर दौड़ाइए। क्या उनके आगमन से दुनिया में कोई खास परिवर्तन आया है? अगर आप अपनी जिंदगी स्वयं जीना नहीं सीखेंगे, तो भगवान दसवीं बार आएं, तब भी कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। महान लोग दस हजार बार आएं, तब भी कुछ होने वाला नहीं है। संसार में केंचुए से लेकर भीमकाय हाथी तक, सारे ही जानवर अपनी जरूरत की चीजों को ढूंढ़ने के लिए निजी क्षमता पर निर्भर रहते हैं; वे इस काम में किसी से मदद नहीं मांगते। इन सभी की तुलना में अधिक बुद्धिमान माना जाने वाला मनुष्य अपनी जरूरत की चीजों के लिए भगवान का मोहताज बनकर बैठा हुआ है? आप हर सांस में यह कहते हैं कि ईश्वर सर्वशक्तिमान हैं। उनकी मर्जी के बिना एक तिनका भी नहीं हिल सकता। फिर ईश्वर पर भरोसा करते हुए क्या आप स्वयं को पूर्ण रूप से उनके हाथों में सौंप देंगे? नहीं न? उनकी बुद्धिमानी पर संदेह करते हुए हर दिन उनके सामने आंखें बंद किए खड़े होकर आप ही तो भगवान को बताते रहते हैं कि उन्हें क्या करना चाहिए और क्या नहीं? आप उनसे यही कहते हैं, ह्यबिना मेहनत किए भोजन मिलता रहे, बिना पढ़े परीक्षा में सफलता मिलती रहे और मेरी हर गलती को, हर अपराध को अनदेखा कर दिया जाए। हे ईश्वर, आप इसमें सहायक बने रहें। जीवन अचानक पटरी से उतर जाए, तो क्या किया जाए, यही सोचते हुए आपने ईश्वर को एक बीमा की तरह रख छोड़ा है। इसीलिए मंदिर पर मंदिर बनाकर बीमे की किस्त भरते हैं। मेरे लिए ये-ये चीजें ले आओ और फलां-फलां आफतों से बचाया करो, यह निर्देश देते हुए आप ईश्वर को अपने सेवक और अंगरक्षक के रूप में बहाल करना चाहते हैं। यदि केवल जीवन के खतरों के भय ने आपके अंदर ईश्वर संबंधी विश्वास को बढ़ाया है, तो आपके पास न ईश्वर बचेगा, न जीवन ही।

## सम्पादकीय

# भारत से मुकाबला

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते की तैयारी अपने अंतिम चरण में पहुंचने वाली है और दोनों तरफ, उम्मीदों के अंबार हैं। दोनों देश समझौते के तहत ज्यादा से ज्यादा लाभ चाहते हैं, पर फिलहाल अमेरिकी उप-विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ ने जो कहा है, वह भारत के लिए काबिलेगौर है। उन्होंने कहा है, अमेरिका अब भारत के साथ वह गलती नहीं दोहराएगा, जो उसने चीन के साथ की थी। उनका इरादा स्पष्ट है कि अमेरिका कभी भारत को अपना प्रतिद्वंद्वी नहीं बनने देगा। व्यापार समझौते में हमेशा अमेरिकी हितों को तरजीह दी जाएगी। यहां विडंबना यह है कि अमेरिका व्यापार में भारत के साथ साझेदारी मजबूत करना चाहता है, पर हमेशा अपने स्वार्थ को ऊपर रखना चाहता है। क्या विश्व व्यापार में यह संभव है? एक विकसित देश एक विकासशील देश को हमेशा अपने पीछे रखते हुए चलना चाहता है।

रायसीना वार्ता में क्रिस्टोफर के ऐसा कहने के अनेक निहितार्थ हैं। अव्वल तो, वह बताना चाहते हैं कि अमेरिका ने चीन को आर्थिक रूप से मदद पहुंचाकर गलती की है। वैसे, उन्हें यह बात बीजिंग में बोलनी चाहिए। आप भारत को कुछ भी कहते हैं, क्योंकि वह शालीनता से सुन लेता है। दुनिया जानती है, अमेरिका में श्रम बहुत महंगा था और आर्थिक नियम-कायदे बहुत कड़े थे, तब अमेरिकी कंपनियों को चीन जाकर उपक्रम खोलने के लिए उत्साहित किया गया। दो दशक में ही एक ऐसा समय आ गया, जब अमेरिकी अर्थव्यवस्था चीन पर निर्भर हो गई। डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ रणनीति चीन से मुकाबले के लिए ही शुरू हुई थी, लेकिन वास्तव में वह चीन का कुछ नहीं बिगाड़ पाए, पर अनेक पुराने साथियों को नाराज कर दिया। वैसे, क्रिस्टोफर यह समझाने की कोशिश में लगे हैं कि अमेरिका प्रथम की नीति अलगाव की नीति नहीं है, पर क्या वह समझा पाएंगे? आज अनेक अमेरिकी विशेषज्ञ मानते हैं कि अमेरिका अगर भारत को तकनीकी और आर्थिक मदद देता, तो ज्यादा मुफीद होता। दोनों देश लोकतांत्रिक हैं। हालांकि, यहां अमेरिका की एक और बड़ी गलती गौरतलब है, वह अक्सर तानाशाहों या सैन्य शासकों को ज्यादा पसंद करता आया है। कैसे भुला दिया जाए कि कुछ ही माह पहले डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को मृत अर्थव्यवस्था कहा था, क्या अमेरिका इसे गलती मानेगा?

## (8 मार्च – अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष)

# महिलाओं के लिए रोल मॉडल विश्व बैंक की अर्थशास्त्री डॉ. एस. अनुकृति

डॉ. अनुकृति को देखकर कोई कल्पना भी नहीं कर सकता कि साधारण-सी दिखने वाली यह युवा महिला विश्व बैंक, वाशिंगटन डीसी (अमेरिका) में वरिष्ठ अर्थशास्त्री जैसे महत्त्वपूर्ण पद पर प्रतिष्ठित डॉ. एस. अनुकृति हैं।



प्रियंका सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

लेकिन यह सच है। विश्व बैंक में बतौर अर्थशास्त्री ज्वाइन करने के साथ ही डॉ. अनुकृति विश्व की अर्थव्यवस्था को नियंत्रित करने वाली इस सर्वोच्च बैंकिंग संस्था की दस सदस्यीय मानव संसाधन समिति की सदस्य भी बन गई थीं। वर्तमान में यह विश्व बैंक के 'सेंटर फॉर रिसर्च ऑन वीमेन एंड जॉब्स' की सह-अध्यक्ष, पीएफ-इंपेक्ट कंसोर्टियम के टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप की सदस्य तथा 'डेवलपमेंट इंपैक्ट ब्लॉग' की सक्रिय योगदानकर्ता के साथ-साथ बंग्लादेश बेस्ड सोशल साइंस रिसर्च इंस्टीट्यूट 'ब्राक इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड डिवेलपमेंट' की दो समितियों 'वी-डिफाइन' और 'वी-कॉनेक्ट' की सदस्य? भी हैं। इससे पूर्व, सात वर्षों तक बीसी यूनिवर्सिटी, बोस्टन (अमेरिका) में अर्थशास्त्र की प्रोफेसर रही डॉ. अनुकृति के पति सिद्धार्थ रामलिंगम भी हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर और विश्व बैंक में सीनियर कंसल्टेंट रह चुके हैं तथा वर्तमान में वाशिंगटन डीसी (अमेरिका) बेस्ड एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में स्ट्रैटजिक और प्लानिंग मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं।

डॉ. अनुकृति साधारण होकर भी असाधारण हैं। अपनी विशिष्ट उपलब्धियों के कारण यह आज युवाओं और विशेष रूप से महिलाओं के लिए रोल मॉडल तथा प्रेरणा-स्रोत बन चुकी हैं। डॉ. अनुकृति बचपन से ही बड़ी मेधावी और विलक्षण रही हैं। इन्होंने अपने माता-पिता से न कभी एक रुपया जेबखर्च लिया और न ही कभी सड़क पर खड़े होकर किसी ठेली-रेहड़ी वाले से कुछ खरीदा-खाया। एक दिन भी ट्यूशन नहीं किया, फिर भी, सीबीएसई की 10+2 (नॉन मेडिकल) परीक्षा में 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कीर्तिमान स्थापित किया। डॉ. अनुकृति का जन्म हरियाणा के नारनौल शहर में हुआ, लेकिन अठारह वर्ष हिसार में और सात वर्ष दिल्ली में रहीं; अब बीस वर्षों से अमेरिका जैसे विश्व के सर्वाधिक विकसित और संपन्न देश में रह रही हैं। लेकिन दिखावा या आडंबर इन्हें छू तक भी नहीं पाया है। गर्मी हो या सर्दी, भारत आते ही यहाँ के परिवेश के अनुरूप ढल जाती हैं। दो दशकों से हवाई जहाज से सफर कर रही हैं, बीस से अधिक देशों की यात्रा कर चुकी हैं, लोकल में भी मैट्रो या एसी बस से जाती-आती हैं, लेकिन साइकिल के अतिरिक्त एक्टिवा तक इन्हें चलानी नहीं आती।

वरिष्ठ साहित्यकार और शिक्षाविद् डॉ. रामनिवास 'मानव' तथा अर्थशास्त्र की पूर्व प्रवक्ता डॉ. कांता भारती की लाडली बेटी तथा जन्मजात विशिष्ट प्रतिभा की धनी डॉ. अनुकृति की उपलब्धियाँ वैश्विक स्तर की रही हैं। दिल्ली के सेंट स्टीफेंस कॉलेज से बीए इकोनॉमिक्स (ऑनर्स) और दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से एमए (इकोनॉमिक्स) करने के उपरांत विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में से एक कोलंबिया यूनिवर्सिटी, मैनहैट्टन (अमेरिका) से एमए (इकोनॉमिक्स), एमफिल और पीएचडी की तीन उपाधियाँ एकसाथ प्राप्त कीं।

पढ़ाई में हमेशा अव्वल रहने वाली डॉ. अनुकृति ने विश्वस्तरीय संस्थानों से शिक्षा प्राप्त की है, लेकिन अन्य विद्यार्थियों की भाँति इन्हें प्रवेश लेने में कभी कोई कठिनाई नहीं हुई। 10+2 तक की शिक्षा हिसार के स्कूलों से प्राप्त करने के उपरांत इन्होंने बीए इकोनॉमिक्स (ऑनर्स) दिल्ली के सेंट स्टीफेंस कॉलेज से किया। तत्पश्चात दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में एमए (अंतरराष्ट्रीय संबंध), दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में एमए (अर्थशास्त्र) और इंडियन स्टेटिस्टिकल इंस्टीट्यूट में एमए (गणित) हेतु आवेदन किया और तीनों में ही इनका चयन हो गया। इनमें से दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स को इन्होंने चुना। यही नहीं, दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से एमए (अर्थशास्त्र) करने के बाद पीएचडी हेतु इन्होंने अमेरिका के छह अग्रणी विश्वविद्यालयों- रोचेस्टर, ब्राउन, विसकोंसिन मेडिसिन, कोलंबिया, न्यूयॉर्क और मेरीलैंड में आवेदन किया और सभी छह विश्वविद्यालयों में इनका चयन हो गया। डॉ. अनुकृति ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी, मैनहैट्टन (न्यूयॉर्क) को चुना और वहाँ से एमए (इकोनॉमिक्स), एमफिल और पीएचडी की तीन उपाधियाँ एक साथ प्राप्त कीं। लेकिन इससे भी बड़ी बात यह है कि पीएचडी करने के बाद अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, स्वीडन, आस्ट्रेलिया और भारत सहित छह देशों के सत्रह विश्वविद्यालयों या समतुल्य संस्थानों में इनकी नियुक्ति हो गई, जिनमें से बीसी यूनिवर्सिटी को इन्होंने ज्वाइन किया। आर्थिक दृष्टि से डॉ. अनुकृति कभी अपने माता-पिता पर बोझ नहीं बनीं। शिक्षा और शोधकार्य के दौरान इन्हें अमेरिका की जीई फंड स्कॉलरशिप, विकरी और हैरिस जैसे अवार्ड तथा कोलंबिया यूनिवर्सिटी रिसर्च स्कॉलरशिप प्राप्त हुई। कोलंबिया यूनिवर्सिटी के 6-वर्षीय पीएचडी प्रोग्राम के दौरान तो इन्हें अपने माता-पिता से एक रुपए की भी आर्थिक सहायता नहीं लेनी पड़ी।

डॉ. अनुकृति कहती हैं कि मैं अपने सफर को कठिन तो नहीं कहूँगी, किंतु आज जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूँ, तो लगता है, हरियाणा के एक छोटे-से पिछड़े शहर से विश्व बैंक तक का सफर कम ही लोग तय कर पाते हैं, विशेषकर लड़कियों और महिलाओं के लिए भारत के कई राज्यों में अपनी पढाई और करियर को प्राथमिकता देना आसान नहीं है। किंतु मेरे परिवार के सहयोग और प्रोत्साहन के कारण मुझे इस प्रकार की किसी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ा। मेरे माता-पिता ने मेरी और मेरे भाई (जो भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी बने) की परवरिश इस प्रकार से की थी कि हमें कभी यह नहीं लगा कि हमारे लक्ष्य या आकांक्षाएँ केवल अपने शहर, राज्य या देश तक ही सीमित रहें। प्रारंभ में हरियाणा के एक छोटे शहर से दिल्ली के सेंट स्टीफेंस कॉलेज जाने में मुझे शायद अधिक अंतर अनुभव हुआ और समायोजन करने में कुछ समय लगा। किंतु बाद में मेरे लिए आगे का सफर अधिक मुश्किल नहीं रहा। अतः मैं माता-पिता और अभिभावकों से यही कहना चाहूँगी कि अपने बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा का निर्णय बहुत सोच-विचारकर करें, क्योंकि उसका प्रभाव उनके पूरे जीवन और कैरियर पर पड़ता है।

# कस्टमर केयर से प्रेम

यदि आपको लगता है कि इस दुनिया में 'धैर्य' का अंतिम अध्याय हिमालय की गुफाओं में लिखा जाता है, तो आप गलत हैं। धैर्य की असली पराकाष्ठा तो उस समय दिखती है जब एक आम भारतीय नागरिक अपने 'इंटरनेट' के न चलने की शिकायत करने के लिए 'कस्टमर केयर' को फोन लगाता है। यह वह प्रेम-प्रसंग है जिसमें प्रेमी तड़पता रहता है और प्रेमिका केवल रिकॉर्डेड संगीत सुनाकर उसे बहलाती रहती है।

हमारे मोहल्ले के 'बनवारी लाल' जी का वाई-फाई पिछले तीन दिनों से 'कोमा' में था। उन्होंने हिम्मत जुटाई और कंपनी के नंबर पर डायल किया। उधर से एक सुरीली, मगर निर्जीव आवाज आई– नमस्ते! हमारे सभी 'एग्जीक्यूटिव' अभी दूसरे ग्राहकों की सेवा में व्यस्त हैं। आपकी कॉल हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

बनवारी लाल जी को लगा कि शायद उनकी 'महत्ता' का मूल्यांकन अभी होने वाला है। लेकिन अगले ही पल एक ऐसा संगीत शुरू हुआ जो न तो पूरी तरह शास्त्रीय था और न ही पॉप। वह उस बांसुरी की आवाज थी जिसे सुनकर शायद सांप भी अपना बिल छोड़कर भाग जाए, पर ग्राहक को वह मजबूरी में सुननी ही पड़ती है।

बनवारी लाल जी ने भी तर्क दिया, भाई, ये संगीत नहीं, ये तो हमारी बेबसी का बैकग्राउंड म्यूजिक है! दस मिनट बीते। संगीत की धुन बदली। अब सितार बजने लगा। बनवारी लाल जी को लगा कि अब शायद कोई इंसान बोलेगा। पर फिर वही सुरीली आवाज– धैर्य बनाए रखें, आप कतार में 'सातवें' नंबर पर हैं। बनवारी लाल जी को अपनी शिक्षा पर शक होने लगा। उन्हें लगा कि शायद वे 'कस्टमर केयर' को नहीं, बल्कि 'मोक्ष' प्राप्ति के लिए स्वर्ग की लाइन में लगे हैं, जहाँ सातवें नंबर का मतलब है–अगले जन्म तक की प्रतीक्षा।

आधे घंटे बाद, जब बनवारी लाल जी का फोन गर्म होकर तवे जैसा हो गया और उनके कान का आकार फोन के स्पीकर जैसा हो गया, तब अचानक संगीत रुका। एक कर्कश आवाज आई– हेलो, मैं आपकी क्या सहायता कर सकता हूँ?

बनवारी लाल जी की आँखों में खुशी के आँसू आ गए। उन्होंने अपनी पूरी व्यथा सुनाई– कैसे उनका नेट नहीं चल रहा, कैसे उनका पोता ऑनलाइन क्लास नहीं ले पा रहा।

उधर से जवाब मिला– क्षमा करें सर, आपका फोन गलत विभाग में लग गया है। मैं आपको 'टेक्नीकल टीम' को ट्रांसफर कर रहा हूँ। कृपया लाइन पर बने रहें।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 08 मार्च 2026 रविवार
सूर्योदय - 06:46 सूर्यास्त 18:30
चैत्र मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - पंचमी 19:17 उपरांत षष्ठी
नक्षत्र - स्वाति 11:16 उपरांत विशाखा
योग - ध्रुव 06:52 उपरांत व्याघ्र
करण - कौलव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण तुला में रहेगा।
मुस्लिम मास - रमजान मास 18 तारिख

**मेष-** प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा।
**वृषभ-** लाभ देगा। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि में जल्दबाजी न करें। लाभ होगा।
**मिथुन-** फिजूलखर्ची ज्यादा होगी। शत्रु भय रहेगा। शारीरिक कष्ट से बाधा उत्पन्न होगी।
**कर्क-** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नए काम करने का मन बनेगा। कार्य में बाधा संभव है।
**सिंह-** दूर यात्रा की योजना बनेगी। व्यापार से लाभ होगा। नौकरी में चैन रहेगा। जोखिम न लें।
**कन्या-** घर के छोटे सदस्यों संबंधी चिंता रहेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। जल्दबाजी न करें।
**तुला-** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार मनोनुकूल रहेगा।
**वृश्चिक-** वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय सताएगा।
**धनु-** चिंता तथा तनाव रहेंगे। तंत्र-मंत्र में रुचि जागृत होगी। किसी जानकार व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त हो सकता है।
**मकर-** कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।
**कुंभ-** नौकरी में अधिकार मिल सकते हैं। सुख के साधन जुटेंगे। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं।
**मीन-** उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। स्वास्थ्य संबंधी चिंता बनी रहेगी। आशंका व कुशंका रहेगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
(भरदीवाले) 9926034545

## समसामयिक

# इन्दौर की रंग पंचमी में राजा हो या रंक सभी एकजुटता के रंग में रंगे नजर आते हैं

इंदौर मध्यप्रदेश में रंग पंचमी की वर्षों पुरानी होलकरकालीन परंपरा है, जो विश्व प्रसिद्ध है। यह उत्सव भाईचारा, उमंगता और रंगों के माध्यम से नफरत मिटाने का संदेश भी देता है। होली के बाद पंचमी तिथि पर रंगों भरा आसमान शहर के हृदय स्थल राजवाड़ा से निकलने वाली परंपरागत 'गेर' में रंग-गुलाल से सराबोर शहर का अनूठा नजारा देखने को मिलता है । ऐसा लगता है कि , देवी देवता स्वयं आसमान से रंग बरसा रहे हो । इन्दौर की यह रंग पंचमी अब सांस्कृतिक धरोहर बन चुकी है। इंदौर शहर की रंग पंचमी की अपनी एक अलग पहचान है।



हरिसिंह चौहान
(दैनिक अवन्तिका)

और ऐतिहासिक परंपरा भी है, इस परंपरा की शुरूआत लगभग 300 साल पहले होलकर राजवंश द्वारा आम जनता के साथ मिलकर होली खेलने और भेदभाव मिटाने के लिए की गई थी। जहां आज भी उसी तरह मिलजुलकर रंग पंचमी मनाई जाती है। इन्दौर में रंग पंचमी के दिन राजा हो या रंक सभी एकजुटता के रंग में रंगे हुए नजर आते हैं।

'गेर' का महत्वः भी यही है यहां कोई पराया नहीं सब अपने है। रंगपंचमी पर निकलने वाली 'गेर' का मतलब है 'अपनेपन' वह रिश्तों की कड़वाहट मिटाने हेतु मिलजुलकर सौहार्द समन्वय और भाईचारे को बढ़ावा मिले, यही इसका पहला उद्देश्य भी है । यहां इसी लिए भाईचारा कायम है और प्रेम व मैत्रीपूर्ण संबंध होलकर वंश के समय से चल रहा है । पुराने समय की ऐतिहासिक परंपरा के अनुसार लोग बैलगाड़ियों में रंग-गुलाल लेकर निकलते थे। उसके बाद टोरी कार्नर चौराहे पर बड़े बड़े कडाव रखे जाते थे, और लोग उसमें डुबकी लगाते थे। आज ट्रेक्टर ट्राली बड़े बड़े वाहनों में रंग गुलाल उड़ानें के लिए कम्प्रेसर मशीनों व हवा भरने वाले पंपों द्वारा दूर ऊंचाई तक रंग गुलाल उड़ाते हैं। तब भी इस पर्व का उत्साह उमंगता इतनी ही थी। जो आज भी इस आधुनिक दौर में भी पूरे देश को सनातन धर्म की परम्परा और सांस्कृतिक संदेश भी दें रही है, इन्दौर की रंग पंचमी पर निकलने वाली 'गेर'। इस त्योहार को प्यार और शांति का संदेशवाहक भी बताया गया है, जो नफरत को भुलाकर रंगों के जरिए एकता को बढ़ावा देता है। होलकर शासकों की भूमिकाः में तब कहा जाता है कि श्रीमंत यशवंत राव होलकर द्वितीय के समय से ही इस उत्सव का विशेष रूप से विस्तार हुआ । इंदौर की यह रंगपंचमी सिर्फ एक रंग खेलने का त्योहार नहीं, बल्कि सांस्कृतिक धरोहर की एक अनूठी मिशाल है। हम सब शहरवासियों की जिम्मेदारी है इस रंगारंग त्यौहार को उसी तरह शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में से मनाएं और देश दुनिया से नफरत की बीज को खत्म करें। प्रेम सबसे बड़ा होता है। जो मानवीय सरोकार का एक अहम भाव है। रंग कोई भी हो उसका अपना फर्ज उसकी अपनी भावनात्मक दृष्टि है, जो आदमी को आत्मीय भाव प्रदान करती है। इसलिए इन्दौर की रंग पंचमी और इस दिन निकलने वाली परम्परागत गेर सबसे अलग है। तभी तो देश-विदेश से लोग इसे देखने और रंगों के इस सरोवर में डुबने आ ही जाते हैं। पिछले कुछ सालों से इसमें धार्मिकता का अटूट संगम देखा जानें लगा है, जब से हिन्दू के दिलों में बसे जन-जन के प्यारे नेता व मध्यप्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री स्व श्री लक्ष्मण सिंह गौड़ ने इस गेर में राधाकृष्ण की फाग यात्रा जिसमें मातृशक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित होती है। पूरे मार्ग पर भक्ति भाव से भगवान लक्ष्मीनारायण व राधे राधे कृष्णा कृष्णा का गुणगान करते नाचते गाते गुलाल व फूलों के साथ रंग पंचमी खेलते हुए नजर आते हैं। इस आयोजन में भगवान की मनोहारी झांकी व गोपाल कृष्ण और राधारानी सरकार की पालकी व रथ भी शामिल होता है। जो इसे समाजिक व धार्मिकता के साथ साथ भारतीय संस्कृति से भी जोड़े हुए रखती है।

# असली नायिकाएँ कहाँ हैं? नारी पुरस्कारों का बाजार

समाज में सम्मान का अर्थ कभी बहुत गहरा हुआ करता था। किसी को सम्मानित करना केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि उसके संघर्ष, श्रम और योगदान को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करने का एक नैतिक दायित्व माना जाता था। सम्मान का अर्थ था समाज की ओर से यह स्वीकार करना कि किसी व्यक्ति ने अपने जीवन से दूसरों के लिए रास्ता बनाया है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में एक अजीब प्रवृत्ति तेजी से उभरी है–नारी सम्मान के नाम पर पुरस्कारों का बाजार।



डॉ सत्यवान सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

आज ऐसा लगता है मानो हर संस्था, हर मंच और हर संगठन नारी शक्ति सम्मान, वुमन आइकन अवॉर्ड, वुमन लीडरशिप अवॉर्ड, ग्लोबल वुमन एक्सीलेंस अवॉर्ड जैसे भव्य नामों से पुरस्कार बाँटने की होड़ में लगा है। सोशल मीडिया खोलिए तो हर दूसरे दिन किसी न किसी महिला को अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मान या राष्ट्रीय महिला रत्न से सम्मानित किए जाने की तस्वीरें दिखाई देती हैं। मंच पर मुस्कुराते चेहरे, हाथों में चमकती ट्रॉफियाँ, और पीछे बड़े-बड़े बैनर–सब कुछ देखने में बेहद आकर्षक लगता है। लेकिन इस चमकदार तस्वीर के पीछे कई ऐसे सवाल छिपे हैं जिन्हें अक्सर पूछने से बचा लिया जाता है। सवाल यह नहीं कि महिलाओं को सम्मान क्यों दिया जा रहा है; सवाल यह है कि क्या ये सम्मान सचमुच सम्मान हैं, या केवल दिखावे और प्रचार का साधन बनते जा रहे हैं? दरअसल आज नारी सशक्तिकरण एक ऐसा शब्द बन गया है जिसका प्रयोग जितना ज्यादा होता है, उसका वास्तविक अर्थ उतना ही कमजोर होता जाता है। मंचों पर बड़ी-बड़ी बातें होती हैं, भाषणों में महिलाओं की शक्ति और क्षमता का गुणगान किया जाता है, लंबी-लंबी सूची में पुरस्कार बाँटे जाते हैं, फोटो खिंचते हैं, सोशल मीडिया पोस्ट बनते हैं और अगले दिन सब कुछ सामान्य हो जाता है। इस पूरे क्रम में अक्सर वह महिला गायब रहती है जिसके जीवन में सशक्तिकरण की सबसे ज्यादा जरूरत है।

भारतीय समाज में सम्मान का अर्थ केवल ट्रॉफी या प्रमाणपत्र नहीं था। किसी को सम्मानित करना उस व्यक्ति के सामाजिक योगदान को स्वीकार करना था। यह एक तरह से समाज की ओर से कहा गया धन्यवाद होता था–कि आपने अपने जीवन से दूसरों के लिए रास्ता बनाया। लेकिन जब सम्मान का उद्देश्य बदलकर प्रचार, नेटवर्किंग और व्यक्तिगत ब्रांडिंग बन जाए, तो उसका मूल्य भी धीरे-धीरे कम हो जाता है। आज कई पुरस्कार समारोह ऐसे होते हैं जिनमें वास्तविक चयन प्रक्रिया अस्पष्ट होती है। कई बार प्रतिभागियों को स्वयं नामांकन करना पड़ता है, कुछ जगहों पर नामांकन के साथ शुल्क भी लिया जाता है, और अंत में एक भव्य समारोह में लगभग सभी को सम्मानित कर दिया जाता है। ऐसे आयोजनों में सम्मान की गरिमा से ज्यादा महत्व मंच की सजावट, कैमरों की फ्लैश और सोशल मीडिया पोस्ट को दिया जाता है। सोशल मीडिया के दौर ने इस प्रवृत्ति को और तेज कर दिया है। आज सम्मान केवल एक प्रमाणपत्र नहीं, बल्कि डिजिटल पहचान का हिस्सा बन गया है। किसी को भी कोई पुरस्कार मिलते ही उसकी तस्वीरें फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप पर साझा की जाती हैं। कैप्शन में लिखा जाता है–मुझे अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मान प्राप्त हुआ। इन पोस्टों को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि मानो सम्मान प्राप्त करना ही सशक्तिकरण का अंतिम लक्ष्य हो। धीरे-धीरे यह स्थिति बन जाती है कि सम्मान पाने की होड़ असली काम से ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती है। यह प्रवृत्ति केवल व्यक्तिगत स्तर पर ही नहीं, बल्कि संस्थागत स्तर पर भी दिखाई देती है। कई संगठन सम्मान समारोहों को अपने प्रचार का साधन बना लेते हैं। वे बड़ी-बड़ी उपाधियाँ देते हैं, मंच पर भव्य आयोजन करते हैं और फिर उस कार्यक्रम का उपयोग अपने संगठन की पहचान बढ़ाने के लिए करते हैं। कभी-कभी तो यह स्थिति भी देखने को मिलती है कि एक ही व्यक्ति कुछ महीनों के भीतर कई अलग-अलग संस्थाओं से सम्मानित हो जाता है।

## 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष लेख

# भारतीय समाज में नारी का स्थान

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता।
यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रिया।। (मनु स्मृति)

भारतीय समाज में नारी एक विशिष्ट गौरवपूर्ण स्थान पर प्रतिष्ठित है। जैसा इस श्लोक में स्पष्ट है कि जिस समाज में स्त्रियों का सम्मान आदर होता है, वहां देवता प्रसन्न रहते हैं और इसके विपरीत जहां ऐसा नहीं होता है उस समाज-परिवार में समस्त क्रियाएं व्यर्थ रहती हैं। भारतीय संस्कृति में पुरुष ने सदा ही उसे अपनी अर्द्धांगिनी एवं बायाँ हाथ मानकर उसे समाज में श्रेष्ठ स्थान पर प्रतिष्ठित किया है। साथ ही साथ व्यवहार में पुरुष-मयार्दा से नारी मयार्दा सदा ही उत्कृष्ट मानी गयी है। भारतीय संस्कृति में नारी-समाज के प्रति यह केवल शाब्दिक सद्भावना का प्रदर्शन ही नहीं है, अपितु भारतीय गृहस्थ जीवन में पदे-पदे इनकी व्यावहारिकता सार्थकता सिद्ध है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी भारतीय नारी कहीं कम नहीं है। विश्व में एक ही नहीं दो भारतीय नारियों ने चन्द्रमा पर पहुंचकर विजय का झंडा फहराया है यथा प्रथम कल्पना चावला तो दूसरी सुनीता विलियम्स। आज विश्व में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जोरदार स्वागत कर उसके मान-सम्मान का ढिढोरा पीटा जा रहा है, किन्तु भारतीय संस्कृति आदिकाल से ही नारी को पुरुष के बराबर का दर्जा देने में कभी भी विमुख नहीं हुई। समाज में ईश्वर भक्ति में भी राधाकृष्ण तो सीताराम का नाम लेकर नारी श्रेष्ठता का बिगुल बजाता रहा है।

स्वयं गांधीजी ने नारी का सम्मान व श्रद्धा से उसे अपने जीवन भर प्रतिष्ठा दिलवायी। वे अंधेरे में जाने से डरते थे तब उनकी माता पुतलीदेवी ने भगवान का नाम लेकर सामना करने को कहा। गांधीजी जीवन भर इस बात को माता का उपदेश मानकर अंधेरा ही नहीं कठिनाइयों से भी सामना करते रहे। उनकी माता ही उनकी शक्ति का प्रमुख स्रोत रही हैं।

अमेरिका के भूतपूर्व राष्ट्रपति स्व. अब्राहम लिंकन ने भी एक स्थान पर लिखा है कि, आज मैं जो कुछ भी हूँ या होने की कामना करता हूँ उसका सम्पूर्ण श्रेय देवी स्वरूप मेरी माता को ही है। आज नारी विश्व के समस्त क्षेत्रों में, कई क्षेत्रों में पुरुषों से भी अग्रणी है। शिक्षा के समस्त क्षेत्रों में विशेष योग्यता की सूची में देखें तो पुरुषों की अपेक्षा नारी (लड़कियों) की संख्या व स्थान तुलनात्मक ज्यादा ही है।

पाश्चात्य विद्वानों का मत था कि उनके देश की नारियां बहुत आगे हैं किन्तु यह धारणा एक पक्षीय ही रही है। साहित्य के क्षेत्र में यदि रत्नावली न होतीं तो रामचरित मानस जैसे महान ग्रंथ के रचयिता तुलसीदासजी न होते। संस्कृत साहित्य में विद्योत्तमा जैसी विदुषी नारी ने कालिदास जैसे महाकवि को उत्कृष्ट संस्कृत साहित्य के सृजन के लिये प्रेरित किया। अति प्राचीनकाल में जब भारत सम्पूर्ण विश्व को अपने ज्ञान का प्रकाश पुंज फैला रहा था उस समय की विदुषियों को आज के इस प्रसंग पर हम विस्मृत नहीं कर सकते हैं, जिनमें प्रमुख हैं गार्गी, मैत्रेयी, अपला, अदिति, इन्द्राणी, सावित्री आदि कई नाम विशेष रूप से उल्लेखित हैं। इन्होंने पुरुषों के साथ वेदों की ऋचाएं सृजित की हैं। इनका नाम लेते ही हमारा मस्तक गौरवान्वित हो जाता है।



डॉ. नरेन्द्र मेहता
(दैनिक अवन्तिका)

संसार के इस परिवर्तनशील चक्र में नारी का कठोर व्यवहार भी मानव जीवन में आशीर्वाद एवं प्रेरणा स्रोत बनकर उसको महान व्यक्ति बनाने में सहायक रहा है यथा - संत भक्त कवि नरसी मेहता की पूज्यनीय भाभी, दूरित गौरी जिनके व्यंग्य बाण नरसी मेहता के लिये रामबाण साबित हुए और उनकी सम्पूर्ण जीवन धारा का प्रवाही परिवर्तित हो गया। तानों के कुछ नमूने यहाँ प्रस्तुत हैं भजन में साधु, भोजन में भीम। रामायण के पात्र - कैकेयी तथा मंथरा को भी हम विस्मृत नहीं कर सकते हैं। जिन्होंने मयार्दा पुरुषोत्तम राम की जीवनधारा ही परिवर्तित कर दी - कहाँ राज्याभिषेक और कहाँ चौदह वर्ष का वनवास। हाय रे, नियति! किसे दोष दें। सीता का त्याग दुर्लभ है।

महाभारत काल में नारी पारिवारिक, सामाजिक तथा राजनीतिक गतिविधियों को संचालित करने वाली केन्द्रीय शक्ति रही है। आधुनिक काल में नारी सशक्त हुई है। यथा भारतीय नारियां शक्ति पुंज के रूप में प्रसिद्ध हैं। साहित्य के क्षेत्र मेंः सरोजनी नायडू (भारत कोकिला), महादेवी वर्मा, सरोजिनी प्रीतम, सुभद्रा कुमारी चौहान, तनुप्रिया, मीराबाई आदि। प्रशासनिक क्षेत्र मेंः सरोजनी नायडू, राजकुमारी अमृतकौर, नजमा हेपतुल्ला, निर्मला सीतारमण, सुमित्रा महाजन आदि।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1831-2729 चना काबली- 4000-4801, चना बड़ा- 2401-5411, रायड़ा- 5445, बलटा- 3601, सोयाबीन- 2027-5851, मसूर- 5091-5976 तिल्ली- 8290, धनिया- 7500 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,62,200, रवा- 1,62,000 चांदी- टंच- 2,69,000 पाट- 2,68,000।

## उज्जैन किराना
### अशोक कुमार भगवानदास
152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**
editor.awantika@gmail.com

## खुले नाले में गिरी गाय, सुरक्षित रेस्क्यू, उक्त नाले में मवेशी गिरने की यह 10वीं घटना

**शाजापुर।** शहर के विजय नगर स्थित हनुमान मंदिर के पास नगर पालिका द्वारा बनाए गए खुले नाले में रात के समय एक गाय गिर गई। घटना की सूचना मिलते ही गौरक्षा सेना के सदस्यों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर गाय का सफल रेस्क्यू किया और उसकी जान बचाई। बार-बार हो रहे ऐसे हादसों के कारण स्थानीय लोगों में नगर पालिका के प्रति रोष व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार रात करीब 8.30 बजे गौरक्षा सेना को सूचना मिली थी कि विजय नगर क्षेत्र में हनुमान मंदिर के समीप स्थित नाले में एक गाय गिर गई है और बाहर निकलने के लिए संघर्ष कर रही है। सूचना मिलते ही गौरक्षा सेना की टीम तुरंत रस्सियों और आवश्यक संसाधनों के साथ घटनास्थल पर पहुंची। नाला गहरा होने के कारण गाय को निकालने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि, युवाओं ने हार नहीं मानी और रस्सियों की मदद से करीब 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गाय को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस सराहनीय रेस्क्यू अभियान में गौरक्षा सेना के हर्षित परमार, चिंटू परमार, चंद्रशेखर जाटव, गोलू गवली, कान्हा गवली सहित अन्य सदस्यों की विशेष भूमिका रही। गौरतलब है कि नगर पालिका द्वारा बनाया गया उक्त नाला अब मवेशियों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। क्षेत्रवासियों के अनुसार, उक्त नाले में गाय, गोवंश और नंदी के गिरने की यह लगभग 10वीं घटना है। बार-बार हो रहे इन हादसों के बावजूद जिम्मेदारों द्वारा नाले को ढकने या वहां सुरक्षा जाली लगाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

## माहेश्वरी महिला मंडल के चुनाव संपन्न



**आगर मालवा।** माहेश्वरी समाज माहेश्वरी महिला मंडल के चुनाव की निर्विरोध सम्पन्न हुए माहेश्वरी भवन आगर में जिसमे निर्विरोध अध्यक्ष प्राची अटल को चुना गया। सचिव झलक अटल, कोषाध्यक्ष ममता फ्लोर, उपाध्यक्ष ज्योति अटल, सहसचिव शैफाली गगरानी को चुना गया। माहेश्वरी समाज की सभी महिलाओं ने हर्ष जताया और बधाई दी। चुनाव मैं पूर्व पधाधिकारी और जिला पदाधिकारी शिरोमणि गिल्डा और वंदना मालानी सभी की उपस्थिति मैं हुआ।

## रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित, 93 युवाओं का प्रारंभिक चयन




**आगर मालवा।** तकनीकी शिक्षा, कौशल एवं रोजगार विभाग और कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव के निदेशानुसार जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला रोजगार कार्यालय एवं शासकीय महाविद्यालय बड़ोद द्वारा गुरुवार को शासकीय महाविद्यालय बड़ौद में युवा संगमः रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना शर्मा एवं आईटीआई प्राचार्य सुमित रत्न पारखी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। मेले में कुल 198 आवेदकों ने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन पंजीयन कराया, जिनमें से 93 शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों का रोजगार हेतु प्रारंभिक चयन किया गया। वहीं 30 आवेदकों का प्रशिक्षण के लिए चयन, 16 युवाओं का स्वरोजगार हेतु चयन तथा मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना एवं प्रधानमंत्री अप्रेंटिसशिप योजना के अंतर्गत 2 आवेदकों का पंजीयन किया गया। इस दौरान आईटीआई द्वारा विकसित भारत रोजगार योजना की जानकारी दी गई तथा करीब 100 विद्यार्थियों को करियर काउंसलिंग और मार्गदर्शन प्रदान किया गया। मेले में टीएसपीएल पुणे, एडब्ल्यूपीएल सेल्स मार्केटिंग नई दिल्ली, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस आगर मालवा, बीओआई आरसेटी आगर, स्माइल फाउंडेशन नई दिल्ली, आरबीआई देवास, एमसीसी इंदौर एवं वीजीए एग्रो बायोटेक भोपाल सहित विभिन्न कंपनियों ने भाग लेकर फील्ड ऑफिसर, ब्रांच मैनेजर, बीमा अभिकर्ता, प्लम्बर, सिक्योरिटी गार्ड, टेलीकॉलर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, कंप्यूटर ऑपरेटर, मशीन ऑपरेटर एवं फार्मा सेल्स एग्जीक्यूटिव सहित अन्य पदों पर भर्ती की प्रक्रिया संपन्न की।

## गेहूं पंजीयन की तारीख 10 मार्च हुई

**सारंगपुर।** सारंगपुर में गेहूं पंजीयन की अंतिम तारीख 7 मार्च से बढाकर 10 मार्च कर दी गई है। इससे किसानों को राहत मिली है, लेकिन पिछले एक सप्ताह से सर्वर डाउन होने के कारण किसानों को ओटीपी प्राप्त नहीं हो रही है, जिससे पंजीयन प्रक्रिया बाधित हो रही है। तहसील मुख्यालय स्थित प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समिति के पंजीयन केंद्रो पर किसान पिछले एक सप्ताह से परेशान हैं। पंजीयन केंद्र के कंप्यूटर ऑपरेटर ने बताया कि सर्वर डाउन होने के कारण पोर्टल बंद है, जिससे किसानों को ओटीपी नहीं मिल पा रही है। विकासखंड में किसानों की सुविधा के लिए बनाए गए पंजीयन केंद्रों पर अब किसान 10 मार्च तक शासकीय कार्य दिवसों में निःशुल्क पंजीयन करा सकते हैं।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी देना है**

बेरछा, अकोदिया, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें
दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं फिट इंडिया वुमेंस वीक 2026 का आयोजन

# समाज की प्रगति एवं खुशहाली के लिए महिलाओं का सशक्त होना जरूरी- सिद्दीकी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा




अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर फिट इंडिया वुमेंस वीक 2026 के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र, आजीविका भवन, आगर मालवा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बालिकाओं को मार्शल आर्ट एवं आत्मरक्षा का प्रशिक्षण शावन ठाकुर द्वारा प्रदान किया गया। इसके साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए पृथक-पृथक चेयर रेस एवं नींबू रेस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट, आगर सुश्री मोनिका यादव, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला विधिक सहायता अधिकारी साबिर अहमद सिद्दीकी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव गुप्ता ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास एवं वर्तमान समय में महिलाओं के सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं जिला विधिक सहायता अधिकारी साबिर अहमद सिद्दीकी ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज की प्रगति एवं खुशहाली के लिए महिलाओं का सशक्त होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने शासन द्वारा बाल विवाह रोकथाम हेतु संचालित 100 दिवसीय जागरूकता अभियान की जानकारी देते हुए समाज में व्याप्त कुरीतियों एवं रूढ़िवादिता को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्रीयादव ने महिलाओं के अधिकारों एवं कर्तव्यों के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक महिला को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए। उन्होंने बालिकाओं को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए पढ़ाई के प्रति गंभीर रहने के लिए प्रेरित किया तथा बताया कि महिला एवं बालिका शिक्षा के माध्यम से ही समाज में व्याप्त कुरीतियों जैसे बाल विवाह आदि को समाप्त किया जा सकता है।

कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह रोकथाम हेतु शपथ जिला समन्वयक अंकित सोलंकी द्वारा दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता जमील अहमद काजी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में परियोजना अधिकारी श्रीमती मनीषा चौबे ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं।

## कायस्थ समाज की जिला टीम ने 22 शोका-कुल परिवारों में निभाई रंग डालने की परंपरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ राजगढ़।



अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मध्य प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव, संगठन मंत्री कैलाश सक्सेना एवं प्रांतीय सचिव श्याम बाबू सक्सेना के निदेर्शानुसार तथा जिलाध्यक्ष राकेश सक्सेना एवं श्रीमती प्रमिला सक्सेना के मार्गदर्शन में राजगढ़ जिला टीम द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर 22 शोकाकुल परिवारों में पहुंचकर रंग डालने की परंपरा का निर्वहन किया गया।

जिला टीम ने नरसिंहगढ़ में 4, अंदलहेड़ा मे 1, झाड़ला मे 1, मंडावर में 2, नहली में 1, मिजार्पुर में 1, तलेन मे 1, अमलार मे 1, पानिया मे 1, पचोर मे 1, मिट्टनपुर मे 1, सारंगपुर मे 1, ब्यावरा मे 2 एवं राजगढ़ मे 4 कुल 22 शोकाकुल परिवारों में पहुंचकर दिवंगतजनों के चित्र पर माल्यार्पण कर रंग, गुलाल एवं पताशा अर्पित किए।

राजगढ़ में राजेंद्र सक्सेना नगर अध्यक्ष, दुष्यंत भटनागर तहसील अध्यक्ष, हृदय सक्सेना, अशोक सक्सेना, निर्मल श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, श्रीमती ममता सक्सेना प्रांतीय प्रतिनिधि एवं श्रीमती कुसुम भटनागर, श्रीमती कमला सक्सेना उपस्थित रहीं।

नरसिंहगढ़ में मनोज सक्सेना प्रांतीय प्रतिनिधि, जितेंद्र सक्सेना नगर अध्यक्ष, विष्णु प्रसाद सक्सेना पूर्व अध्यक्ष, जगमोहन सक्सेना, सुभाष सक्सेना एवं नरेंद्र सक्सेना शामिल हुए। अंदलहेड़ा में एडवोकेट आशीष सक्सेना, सारंगपुर में राजेश सक्सेना तहसील अध्यक्ष एवं ओम सक्सेना जिला संरक्षक पचोर में अरुण सक्सेना तहसील प्रभारी, पानिया में रमेश सक्सेना, कृष्णस्वरूप सक्सेना मिट्टनपुर में शाश्वत सक्सेना, मिजार्पुर में कपिल सक्सेना, अमलार में नरेंद्र सक्सेना, तलेन में जितेंद्र सक्सेना तहसील अध्यक्ष एवं युवा चेतन स्वरूप माथुर तहसील प्रभारी, नहली में रामबाबू सक्सेना प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य, झाड़ला व मंडावर में राकेश सक्सेना जिलाध्यक्ष एवं संजय सक्सेना तहसील प्रभारी, तथा ब्यावरा में अशोक सक्सेना प्रांतीय प्रतिनिधि एवं दीपक सक्सेना नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

जिलाध्यक्ष राकेश सक्सेना ने बताया कि जिला टीम का गठन कर सभी स्थानों पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवारों के प्रति समाज की संवेदना व्यक्त की गई तथा दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समाज द्वारा वर्षों से निभाई जा रही रंग डालने की परंपरा का विधिवत पालन किया गया।

## चैत्र नवरात्रि पर मां राज-राजेश्वरी मंदिर में 19 मार्च से सजेगा मेला, तैयारियां शुरू

**शाजापुर।** जिले की आस्था का केंद्र कहे जाने वाले मां राज-राजेश्वरी मंदिर परिसर में चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर मेले का आयोजन किया जाएगा। आगामी 19 मार्च से शुरू होने वाला यह पंद्रह दिवसीय मेला श्रद्धालुओं और शहरवासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। मेले को लेकर प्रशासन और समिति ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मेले की सुगबुगाहट शुरू होते ही मंदिर परिसर के पास खाली मैदान में हलचल बढ़ गई है। बाहरी राज्यों और अन्य जिलों से झूला संचालक शाजापुर पहुंचने लगे हैं। मेले में बच्चों के लिए मिकी माउस, छोटे झूले से लेकर बड़ों के लिए बड़े जाइंट व्हील (आकाश झूले), ब्रेक डांस और नाव वाले झूले लगाए जा रहे हैं।

### सुरक्षा और सुविधाओं पर रहेगा जोर

19 मार्च से शुरू होकर यह मेला अगले 15 दिनों तक चलेगा। नवरात्रि के दौरान उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर और मेला क्षेत्र में पुलिस बल की तैनाती रहेगी। चैत्र नवरात्रि के दौरान मां राज-राजेश्वरी के दर्शन के लिए जिले भर से हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। मेले के आयोजन से जहां स्थानीय व्यापार को गति मिलती है, वहीं बच्चों और परिवारों के लिए यह मनोरंजन का बड़ा साधन बनता है। झूला संचालकों का कहना है कि 19 मार्च तक सभी बड़े झूले पूरी तरह स्थापित कर लिए जाएंगे।

सतत ड्यूटी के बाद पुलिस लाइन आगर में हुआ पुलिस की होली मिलन समारोह,

# रंग, गुलाल और डीजे की धुन पर पुलिस ने मनाई होली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा।



होली पर्व के दौरान तीन दिवस तक लगातार कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहने के पश्चात शुक्रवार दिनांक 06 मार्च 2026 को पुलिस लाइन आगर परिसर में पारंपरिक ह्लपुलिस की होलीह्व मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आपसी भाईचारे और उल्लास के साथ रंगों के इस पर्व को मनाया।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने इस अवसर पर सभी अधिकारी-कर्मचारियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली जैसे बड़े पर्व के दौरान पुलिस बल द्वारा लगातार तीन दिनों तक सतत ड्यूटी करते हुए जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आप सभी का यह उत्साह इस बात का प्रतीक है कि पुलिस बल हर परिस्थिति में स्वयं को ढालने की क्षमता रखता है और किसी भी चुनौतीपूर्ण स्थिति में भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करता है। उन्होंने पुलिसकर्मियों की मेहनत, अनुशासन और टीमवर्क की सराहना करते हुए कहा कि जनता की सुरक्षा और विश्वास को बनाए रखना पुलिस का सर्वोच्च दायित्व है, जिसे आप सभी निरंतर उत्कृष्ट ढंग से निभा रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक वातावरण में पुलिस परिवार ने रंग-गुलाल के साथ उत्सव का आनंद लिया। डीजे की धुन पर पुलिस अधिकारी एवं जवानों ने सामूहिक नृत्य किया, वहीं फायर ब्रिगेड द्वारा पानी की बौछार कर माहौल को और अधिक उत्साहपूर्ण बना दिया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह भी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ डीजे की धुन पर थिरकते हुए दिखाई दिए, जिससे पूरे कार्यक्रम में उत्साह और बढ़ गया।

समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार बोयट, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी आगर मोतीलाल कुशवाहा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी सुसनेर देवनारायण यादव, रेडियो निरीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारियों व जवानों द्वारा गीत प्रस्तुत किए गए।



**कांग्रेस ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील का विरोध किया**

## देवास में ट्रंप का मुखौटा पहनकर मानव श्रृंखला बनाई

**देवास।** शहर के इंदिरा गांधी प्रतिमा चौराहे पर कांग्रेस कार्यकताओं ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील का विरोध किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने मानव श्रृंखला बनाकर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कुछ कार्यकताओं ने सांकेतिक रूप से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का मुखौटा पहनकर अपना विरोध जताया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के दबाव में काम कर रहे हैं। उनका कहना था कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील में देश के हितों से समझौता किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार अंतरराष्ट्रीय फैसलों में अमेरिका पर अत्यधिक भरोसा कर रही है, जो देश के लिए उचित नहीं है। उन्होंने मांग की कि किसी भी डील से पहले देश के किसानों, व्यापारियों और आम जनता के हितों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। भारत देश के फैसले अमेरिका से लिए जा रहे हैं हमारे प्रधानमंत्री अमेरिका के राष्ट्रपति की कठपुतली बन गए। इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे और उन्होंने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर अपना विरोध दर्ज कराया।

## रंगपंचमी पर शुष्क दिवस घोषित

**आगर मालवा।** रंगपंचमी के त्यौहार पर लोकशांति एवं कानून व्यवस्था बनाएं रखने हेतु कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव ने मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की कंडिका 48.1 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 07 मार्च की रात्रि 11.30 बजे से 08 मार्च को सायं 04.00 बजे तक शुष्क दिवस घोषित किया है। उक्त अवधि में जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानें एवं वाईन शॉप आउटलेट पूर्णतः बंद रहेगी और मदिरा का विक्रय प्रतिबंधित रहेगा।

## जिला स्तरीय जनगणना अधि-कारियों के प्रशिक्षण 10-11 मार्च को

**राजगढ़।** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिला स्तरीय अधिकारियों के प्रशिक्षण के द्वितीय चरण में एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण 10 एवं 11 मार्च, 2026 को प्रातः 10:30 से सांयः 5:00 बजे तक का आयोजन किया जा रहा है। इस द्वितीय चरण के प्रशिक्षण में जिला जनगणना पुस्तिका संबंधी प्रशिक्षण के साथ-साथ सीएमएमएस पोर्टल पर हेण?डस-ऑन अभ्यास भी करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला जनगणना अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जनगणना लिपिक जिला कार्यालय तकनीकी सहायक, ग्रामीण चार्ज अधिकारी, अतिरिक्त चार्ज अधिकारी, जनगणना लिपिक चार्ज कार्यालय एवं तकनीकी सहायक को 10 मार्च, 2026 को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। साथ ही मुख्य नगरपालिका अधिकारी, जनगणना लिपिक नगर पालिका, नगर पालिका परिषद कार्यालय एवं तकनीकी सहायक का प्रशिक्षण 11 मार्च, 2026 को प्रदान किया जाएगा। समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी नियत दिनांक तथा समय पर जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रशिक्षण हेतु अपनी उपस्थिति अनिवार्यतः सुनिश्चित करें।

## नरवाई प्रबंधन हेतु बैठक का आयोजन

**राजगढ़।** कलेक्टर के निर्देशन में जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने एवं प्रभावी नरवाई प्रबंधन सुनिश्चित करने हेतु वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड नरसिंहगढ़ द्वारा थाना कुरावर एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड ब्यावरा द्वारा थाना सुठालिया में हार्वेस्टर संचालको एवं थाना प्रभारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में किसानो को नरवाई न जलाने के लिये जागरूक करने तथा हार्वेस्टर मशीनो में स्ट्रॉ मेनेजमेंट सिस्टम के उपयोग को सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। थाना प्रभारियों को विकासखण्ड में चल रहे हार्वेस्टर संचालको का संपर्क विवरण भी दिया गया। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया की कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा जिले में नरवाई प्रबंधन अंतर्गत धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 अंतर्गत आदेश जारी किया गया। जिसके तहत उल्लंघन करने वालो के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, खाचरौद जिला-उज्जैन (म.प्र.)**
E-mail-cmokhachrod@mpurban.gov.in
क्रमांक/रा.शा./2026/419 — दिनांक 06/03/2026

**ठेका निलामी विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं, कि नगर पालिका खाचरौद द्वारा वित्तिय वर्ष 2026-27 हेतु दिनांक 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक 12 माह हेतु विभिन्न ठेको की निलामी हेतु मोहर बंद निविदा दिनांक 24/03/2026 को प्रातः 11:00 बजे से 02:00 बजे तक निविदा प्रपन्न कय कर एवं अमानत राशि जमा कर दोपहर 02:00 बजे से 03:00 बजे तक मोहर बंद निविदा मय हस्ताक्षर निकाय में रखे ड्रॉप बॉक्स में डाल सकते हैं। निविदा दिनांक 24/03/2026 को अपरान्ह 04:00 बजे खोली जावेगी।

| क्र. | नाम ठेका | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | निकाय की सरकारी बोली |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. |
| 1 | पशु पंजीयन वसूली ठेका | 1,00,000/- | 2000/- | 20,00,000/- |
| 2 | पशु वध वसूली ठेका | 20,000/- | 1000/- | 01,80,000/- |

नोट-
1. उक्त ठेको की अवधि दिनांक 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक की रहेगी।
2. निलामी दरों को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा। अस्वीकृत करने का कोई कारण नहीं बताया जावेगा।
3. निलामी की समस्त शर्ते कार्यालय के राजस्व शाखा में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है। जो कि इस विज्ञप्ति का भाग रहेगा एवं अनुबंध की शर्तों पर बंधनकारी रहेगा।

(रवि गुप्ता) मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद खाचरौद
(ललित यादव) प्र. राजस्व उप निरीक्षक नगर पालिका परिषद खाचरौद
(गोविन्द भरावा) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद खाचरौद

**कार्यालय नगर परिषद तराना जिला उज्जैन**
FAX:07369-236575 E-mail: cmotaran@mpurban.gov.in
क्रमांक ई-टेंडर/2026-27/428 — तराना, दिनांक 06/03/2026

**ई-निविदा नियम व शर्ते**

नगर परिषद तराना द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में अनुसूची अनुसार पेयजल शुद्धिकरण सामग्री, विद्युत सामग्री, जलप्रदाय सामग्री एवं स्वच्छता सागग्री प्रदाय हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई हैं अधिक जानकारी WWW.MPTENDERS.GOV.IN से प्राप्त की जा सकती। किसी भी प्रकार के संशोधन केवल वेबसाईड पर ही प्रकाशित किये जावेंगे।

निविदा क्रय एवं बिड सबमिशन दिनांक 02.03.2026 से की जा सकेगी। निविदा लिफाफा केवल ऑनलाईन ही जमा किये जायेंगे।

| क्र. | टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_486543_1 | वित्तीय वर्ष 2026-27 में पेयजल सामग्री का प्रदाय । | 31.03.2027 20.00 लाख | 2000/- 20000/- | 31.03.2026 |
| 2 | 2026_UAD_486546_1 | वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वच्छता सामग्री का प्रदाय। | 31.03.2027 20.00 लाख | 2000/- 20000/- | 31.03.2026 |
| 3 | 2026_UAD_486548_1 | वित्तीय वर्ष 2026-27 में विद्युत सामग्री का प्रदाय। | 31.03.2027 20.00 लाख | 2000/- 20000/- | 31.03.2026 |
| 4 | 2026_UAD_486549_1 | वित्तीय वर्ष 2026-27 में पेयजल शुद्धिकरण सामग्री का प्रदाय। | 31.03.2027 20.00 लाख | 2000/- 20000/- | 31.03.2026 |

(विरेन्द्र कुमार मेहता)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद् तराना जिला उज्जैन

## न्यूज कॉलम

### घरेलू सिलेंडर के दाम 60 रुपए बढ़े, ईरान जंग से रसोई गैस की किल्लत की आशंका

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर 60 रुपए महंगा कर दिया है। दिल्ली में 14.2 किलोग्राम की एलपीजी गैस अब 913 रुपए की मिलेगी। पहले यह 853 रुपए की थी। वहीं 19 किग्रा वाले कॉमर्शियल सिलेंडर में 115 रुपए का इजाफा किया गया है। यह अब 1883 रुपए का मिलेगा। बढ़ी हुई कीमतें 7 मार्च से लागू हो गई है। इससे पहले सरकार ने 8 अप्रैल 2025 को घरेलू सिलेंडर के दामों में 50 रुपए का इजाफा किया था। यानी ये बढ़ोतरी करीब एक साल बाद की गई है। वहीं 1 मार्च 2026 को कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम 31 रुपए तक बढ़ाए गए थे। सरकार ने गैस के दामों में बढ़ोत्तरी ऐसे वक्त की है जब अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग के चलते देश में गैस किल्लत की आशंका जताई गई है। सरकार ने 5 मार्च को इमरजेंसी पावर इस्तेमाल करते हुए देश की सभी ऑयल रिफाइनरी कंपनियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का आदेश दिया था। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव से गैस की सप्लाई प्रभावित हो सकती है। इसी खतरे को देखते हुए सरकार ने यह आदेश जारी किया। इसमें कहा गया है कि अब रिफाइनरियां प्रोपेन और ब्यूटेन का इस्तेमाल सिर्फ रसोई गैस बनाने के लिए करेंगी। सभी कंपनियों को प्रोपेन और ब्यूटेन की सप्लाई सरकारी तेल कंपनियों को करनी होगी। सरकारी तेल कंपनियों में इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम शामिल है।

### पाकिस्तान में पेट्रोल-डीजल 55 रुपए महंगा पेट्रोल 336 और डीजल 321 रु. लीटर हुआ

**लाहौर।** पाकिस्तान ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में करीब 20% की बढ़ोतरी की है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 55 रुपए (पाकिस्तानी रुपया) प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की गई है। इस बढ़ोतरी के बाद पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत अब 335.86 रुपए प्रति लीटर हो गई है। वहीं डीजल 321.17 रुपए प्रति लीटर के स्तर पर पहुंच गया है। सरकार का तर्क है कि अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग व मिडिल ईस्ट में तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम तेजी से बढ़े हैं, जिसकी वजह से यह फैसला लेना पड़ा। पेट्रोल पंपों पर भीड़ जमा हुई कीमतों में बढ़ोतरी की खबर आने के बाद होते ही पाकिस्तान के बड़े शहरों जैसे लाहौर और कराची में पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोग घंटों अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। लोगों को डर है कि आने वाले दिनों में कहीं तेल की किल्लत न हो जाए। पीएम शहबाज पेट्रोल की कमी की अफवाहों और जमाखोरी की शिकायतों के बीच प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि जो भी लोग पेट्रोल का स्टॉक छिपाकर रख रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पेट्रोलियम मंत्री अली परवेज मलिक ने स्पष्ट किया कि देश में पेट्रोल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। मिडिल ईस्ट संकट कब खत्म होगा, कुछ पता नहीं पाकिस्तान सरकार का कहना है कि वे मौजूदा पेट्रोल रिजर्व को लंबे समय तक खींचने की योजना बना रहे हैं।

### फिल्म धुरंधर 2 का ट्रेलर रिलीज, डबल रोल में रणवीर सिंह का दमदार अंदाज

**मुंबई।** रणवीर सिंह स्टारर फिल्म धुरंधर 2 का ट्रेलर शनिवार को रिलीज कर दिया गया है। फिल्म का ट्रेलर शनिवार को जारी किया गया। बता दें कि धुरंधर 2 में रणवीर सिंह के अलावा अर्जुन रामपाल, संजय दत्त और आर. माधवन भी नजर आएंगे। फिल्म को आदित्य धर ने लिखा, डायरेक्ट और प्रोड्यूस किया है। इसके साथ ही ज्योति देशपांडे और लोकेश धर भी फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। फिल्म को जियो स्टूडियोज ने प्रेजेंट किया है और यह बी62 स्टूडियोज के बैनर तले बनी है। यह फिल्म 19 मार्च को दुनियाभर में रिलीज होगी। फिल्म को पांच भाषाओं - हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज किया जाएगा। फिल्म की रिलीज का समय भी खास है, क्योंकि यह गुड़ी पड़वा और उगादी के मौके पर और ईद से ठीक पहले दर्शकों के बीच आएगी। फिल्म धुरंधर 2 के ट्रेलर की शुरूआत एक तीखे डायलॉग से होती है, जिसमें कहा जाता है कि हिंदू एक बहुत डरपोक कौम हैं। इसके जवाब में एक चुनौतीपूर्ण आवाज सुनाई देती है। इसके बाद कहानी उस स्थिति की ओर बढ़ती है, जब अक्षय खन्ना के किरदार रहमान डकैत की मौत के बाद सड़कों पर अराजक माहौल बन जाता है। ट्रेलर में गोलीबारी और रॉकेट लॉन्चर के धमाकों के बीच यह सवाल उठता है कि रहमान के मरने के बाद अब लियारी का नया बादशाह कौन बनेगा? ट्रेलर में रणवीर सिंह जस्किरत सिंह रंगी और हमजा दोनों किरदारों में नजर आ रहे हैं।

### नेता नहीं होता,तो एयरोस्पेस कारोबारी होता: राहुल गांधी

**त्रिवेंद्रम।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को त्रिवेंद्रम में कहा कि अगर वे पॉलिटिक्स में नहीं होते, तो एयरोस्पेस की दुनिया में एंटरप्रेन्योर (कारोबारी) होते। राहुल ने कहा कि वे एक पायलट हैं। उनके पिता और चाचा भी पायलट थे। यह परिवार में चलता है। राहुल केरल के दो दिन के दौरे पर हैं। वे टेक्नोपार्क में इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी फ्रेटरनिटी के साथ बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने चाइना के इंडस्ट्रियल सिस्टम की तारीफ की। कांग्रेस सांसद ने कहा- चीन ने एक शानदार इंडस्ट्रियल सिस्टम बनाया है जिसका दुनिया में कोई मुकाबला नहीं है। लेकिन हमें उनका जबरदस्ती वाला सिस्टम पसंद नहीं। वे डेमोक्रेटिक नहीं हैं। राहुल गांधी ने केरल के इडुक्की जिले के कुट्टिकनम में चाय बागान के मजदूरों से बातचीत की और वर्कला के शिवगिरी मठ में श्री नारायण गुरु की समाधि पर भी गए। चीन ने इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन सेक्टर पर मजबूत पकड़ बना ली है। वहीं अमेरिका, भारत और दुनिया के ज्यादातर देश सामान बनाने के बजाय उन्हें इस्तेमाल करने या बेचने वाले सेक्टर पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। असल में ज्यादा और स्थायी नौकरियां प्रोडक्शन सेक्टर में बनती हैं, जबकि आईटी जैसे सेक्टर ज्यादातर सेवाएं और खपत से जुड़े होते हैं। अभी चीन इस क्षेत्र में बिना ज्यादा चुनौती के काम कर रहा है, लेकिन उसे चिंता है कि भारत भी धीरे-धीरे इस क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है और भविष्य में उसके लिए चुनौती बन सकता है।

### इमरान खान की पार्टी के 47 नेताओं को 10 साल की सजा, हिंसा भड़काने का दोषी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एंटी-टेररिज्म कोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के 47 नेताओं और समर्थकों को 10-10 साल की जेल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही हर आरोपी पर 5 लाख पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। यह फैसला 9 मई 2023 को हुए हिंसक प्रदर्शनों से जुड़े मामले में दिया गया। ये प्रदर्शन उस समय शुरू हुए थे जब पीटीआई के संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को इस्लामाबाद में गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद देशभर में उनके समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन किए, जो कई जगह हिंसक हो गए और तोड़फोड़ की घटनाएं हुईं। प्रदर्शन के दौरान कुछ लोगों ने रावलपिंडी स्थित सेना के जनरल मुख्यालय में घुसने की कोशिश भी की। इस दौरान कई सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया। अदालत के न्यायाधीश अमजद अली शाह ने यह फैसला आरोपियों की गैरहाजिरी में सुनाया, क्योंकि वे बार-बार बुलाए जाने के बावजूद अदालत में पेश नहीं हो रहे थे। इमरान खान फिलहाल अडियाला जेल में बंद हैं और उनके खिलाफ कई मामले चल रहे हैं। भ्रष्टाचार के एक मामले में उन्हें पहले ही 17 साल की सजा सुनाई जा चुकी है।

### घुटने की दो जटिल शल्य-चिकित्साएं भी नहीं डिगा पाई हौसला

# शाजापुर की चंद्रिका मितौला ने पदकों की झड़ी लगाकर रचा इतिहास

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर**

जब नियति ने पैरों की शक्ति छीनने का प्रयास किया, तो अपने अदम्य साहस से शाजापुर की होनहार बेटी ने आकाश नाप लिया! घुटने के स्नायुबंध (लिगामेंट) टूटने और पैरों की दो बड़ी व जटिल शल्य-चिकित्साओं (ऑपरेशन) की असहनीय पीड़ा के उपरांत भी, शाजापुर की चंद्रिका मितौला ने पराजय स्वीकार करना नहीं सीखा। द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित प्रशिक्षक (कोच) योगेश मालवीय के मार्गदर्शन में 21 वर्षीय मल्लखंब खिलाड़ी ने न केवल पीड़ा को परास्त कर क्रीड़ांगन (मैदान) में ओजस्वी वापसी की, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर एक के बाद एक पदक जीतकर संपूर्ण राष्ट्र में नारी शक्ति और जीवटता का एक अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। शाजापुर शहर के राकेश मितौला, रीता मितौला की बेटी चंद्रिका ने मात्र 13 वर्ष की आयु में मल्लखंब जैसे शरीर की परीक्षा लेने वाले अत्यंत कठिन स्वदेशी खेल को अपना





लिया था। प्रशिक्षक योगेश मालवीय की पारखी दृष्टि और चंद्रिका के दिन-रात के अथक परिश्रम ने शीघ्र ही परिणाम देना आरंभ कर दिया और जिले का नाम राष्ट्रीय पटल पर स्वर्णाक्षरों में अंकित हो गया।

#### आघात, पीड़ा और एक विजेता का पुनरागमन

चंद्रिका की सफलता का यह मार्ग जरा भी सुगम नहीं रहा। राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के मध्य उनके घुटने का लिगामेंट बुरी तरह टूट गया था। परिस्थिति इतनी गंभीर थी कि उन्हें पैरों की दो बड़ी शल्य-चिकित्साओं से गुजरना पड़ा। किसी भी सामान्य खिलाड़ी के लिए यह उसके खेल जीवन के अंत जैसा बुरा सपना था, परंतु पीड़ा और संकटों के उस भयंकर काल में भी चंद्रिका का उत्साह क्षीण नहीं हुआ। उन्होंने पराजय स्वीकार करने के स्थान पर शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया और खेल मैदान में लौटकर पदक जीतकर यह सिद्ध कर दिया कि वास्तविक शक्ति शरीर में नहीं, बल्कि फौलादी संकल्पों में होती है।

#### स्वर्णिम खेल यात्रा और प्रमुख उपलब्धियां

चंद्रिका ने अपनी खेल यात्रा में कई विशाल मंचों पर पदकों का अंबार लगाया है। वर्ष 2018 एम.एफ.आई. मल्लखंब प्रतियोगिता, चेन्नई में आयोजित की गई जिसमें चंद्रिका ने 2 स्वर्ण और 1 रजत पदक जीता। इसी वर्ष में ही एक भारत श्रेष्ठ भारत, मथुरा में हुए आयोजन में 1 स्वर्ण, 2 रजत पदक हासिल किए। कामयाबी का यह सिलसिला यहीं नही रूका। चंद्रिका ने अपने हौंसलों को पंख देकर उड़ान भरते हुए गोवा में एम.एफ.आई. राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में शामिल होकर 1 स्वर्ण , 1 रजत और 1 कांस्य पदक को जीत लिया। इसके बाद 2019 (राष्ट्रीय दल स्पर्धा, तमिलनाडु) में कांस्य पदक, 2021 (खेलो इंडिया, हरियाणा) में स्वर्ण पदक, 2022 36वें राष्ट्रीय खेल, गोवा में रजत पदक, 2023 खेलो इंडिया, तमिलनाडु 1 स्वर्ण और 1 रजत पदक, 2024 अखिल भारतीय विश्वविद्यालय स्पर्धा, जयपुर में स्वर्ण पदक, 2025 चंडीगढ़ विश्वविद्यालय स्पर्धा में 4 स्वर्ण, 1 रजत पदक हासिल किया। चंद्रिका का कहना है वह आज भी ऊर्जा और लगन के साथ निरंतर अभ्यास कर रही हैं। उनका स्पष्ट कथन है कि अभी उड़ान शेष है और कई बड़े स्वप्न पूर्ण करने हैं। महिला दिवस पर चंद्रिका के संघर्ष और सफलता की यह कहानी हर उस युवा के लिए एक संजीवनी है, जो कठिनाइयों से भयभीत होकर अपने कदम पीछे खींच लेते हैं।

### शुजालपुर सिटी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद

# बाइक चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर**

जिले की शुजालपुर सिटी पुलिस ने वाहन चोरी के एक मामले का पदार्फाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गई हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल (कीमत लगभग 40,000 रुपये) बरामद कर ली है, साथ ही एक अन्य संदिग्ध मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, फरियादी मोतीलाल उर्फ राकेश पिता बाबूलाल रजक, निवासी खाराकुआं, शुजालपुर सिटी ने 25 फरवरी 2026 को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। फरियादी ने बताया था कि 21 फरवरी 2026 की रात पचोर रोड स्थित सौभाग्य पैलेस के सामने से किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल चुरा ली है। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 71/2026 के तहत धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की।



#### सीसीटीवी और मुखबिर तंत्र से मिला सुराग

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय और अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) निमेश देशमुख के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार पाठक के नेतृत्व में इस टीम ने घटनास्थल के डेटा, शहर के विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने संदेह के आधार पर दो युवकों को हिरासत में लिया। पूछताछ और जांच के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए आरोपियों के नाम बनवारी उर्फ बबलू पिता बद्रीलाल सेन, उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम जरखी, थाना सुंदरसी, कुलदीप उर्फ अन्नू पिता नारायण मालवीय, उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम मकोड़ी, थाना सुंदरसी हैं। इस पूरी कार्रवाई का पदार्फाश करने में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार पाठक, रामकेश्वर भगत, महेश धपानी, 66 योगेन्द्रसिंह, रामबाबू सिसोदिया, राहुल सौंधिया, रामबाबू लववंशी का महत्वपूर्ण और सराहनीय योगदान रहा।

### एमपी में खसरे की दस्तक

# 4 जिलों में 12 नए मरीज स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**



मध्य प्रदेश में खसरे का खतरा बढ़ गया है। इस साल 2026 में अलीराजपुर, दतिया, शिवपुरी और बुरहानपुर जिले में 12 नए मरीजों की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग ने पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट जारी कर दिया है। प्रभावित क्षेत्रों में घर-घर सर्वे शुरू हो गया है, साथ ही टीकाकरण अभियान तेज कर दिया गया। राज्य स्वास्थ्य संचालनालय के अनुसार, अलीराजपुर में 5, दतिया में 3, शिवपुरी में 2 और बुरहानपुर में 2 मामले सामने आए हैं। ज्यादातर मरीज 1 से 5 वर्ष के बच्चे हैं, जिन्हें एमआर (मीजल्स-रूबेला) वैक्सीन नहीं मिली थी। विभाग के महानिदेशक डॉ. भानु चतुवेर्दी ने बताया कि खसरे के लक्षण जैसे तेज बुखार, आंखों में जलन, चकत्ते और खांसी दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचें।प्रदेश स्तर पर अलर्ट के तहत सभी 55 जिलों में आशा कार्यकताओं और एएनएम के जरिए घर-घर सर्वे चल रहा है। 9 माह से 16 वर्ष के बच्चों को दूसरा डोज जरूर लगवाने की अपील की गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि खसरा अत्यधिक संक्रामक है और भीड़भाड़ वाले इलाकों में तेजी से फैल सकता है।स्वास्थ्य विभाग ने स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और बाजारों में जागरूकता अभियान शुरू किया है। स्टॉक चेक करने पर वैक्सीन की कोई कमी नहीं पाई गई। विभाग ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मामलों की दैनिक रिपोर्ट भेजें।जनता से अपील है कि मास्क पहनें, हाथ धोएं और बुखार आने पर डॉक्टर से संपर्क करें।

### पुलिस चौकी में घुसा जहरीला सांप, सर्पमित्र ने किया रेस्क्यू



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर**

जिले की उकावता पुलिस चौकी परिसर में शुक्रवार की दरम्यानी रात उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की नजर एक जहरीले सांप पर पड़ी। परिसर में सांप को रेंगता देख पुलिसकर्मी तुरंत सतर्क हो गए और सुरक्षा की दृष्टि से सांप को पकड़ने की कवायद शुरू की गई। इस पूरी घटना का एक वीडियो शनिवार दोपहर करीब 3 बजे सोशल मीडिया पर सामने आया। वीडियो में स्पष्ट देखा जा सकता है कि सांप चौकी परिसर के खुले हिस्से में घूम रहा है। रात के अंधेरे में सांप की मौजूदगी ने पुलिसकर्मियों की चिंता बढ़ा दी थी, जिसके बाद तुरंत विशेषज्ञ की मदद लेने का निर्णय लिया गया। सांप की सूचना मिलते ही उकावता चौकी प्रभारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अभयपुर निवासी सर्पमित्र को फोन कर मौके पर बुलाया। सूचना मिलने के कुछ ही देर बाद सर्पमित्र चौकी पहुंचे और सांप का सुरक्षित रेस्क्यू किया। सांप के पकड़े जाने के बाद पुलिसकर्मियों ने राहत की सांस ली। बाद में सर्पमित्र द्वारा सांप को सुरक्षित रूप से जंगल में छोड़ दिया गया।

### पीएम कॉलेज आफ एक्सीलेंस में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक तिथि नहीं, बल्कि उन संघर्षों और सफलताओं के उत्सव का नाम है, जिसे समाज की बेटियां अपने हौसलों से लिखती हैं। इसी गौरवशाली परंपरा को जीवंत रखते हुए प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर की एनएसएस इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में एनएसएस राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि प्राप्त छात्रा वॉलंटियर्स, महाविद्यालय की महिला प्राध्यापक एवं स्टॉफ की महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एस. के. तिवारी ने करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का उद्देश्य महिलाओं की आवाज को मजबूत करना, समाज में फैले भेदभाव और रूढ़िवादिता को चुनौती देकर ऐसा बदलाव लाना है जिससे महिलाओं को हर क्षेत्र में बराबरी और सम्मान मिले। स्वागत भाषण देते हुए रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रकाश बर्फा ने बताया कि इस साल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस ह्यगीव टू गैनह्य थीम पर मनाया जा रहा है। यह थीम इस बात पर जोर देती है कि महिलाओं के उत्थान में योगदान देना पूरे समाज की प्रगति का मार्ग है। जब हम महिलाओं को अवसर, शिक्षा, और संसाधन देते हैं, तो बदले में एक बेहतर और संतुलित समाज प्राप्त होता है। प्रो. मीनू गिडवानी ने भारत की कुछ महान महिलाओं रानी लक्ष्मीबाई, ज्योति बाई फुले, कल्पना चावला का उदाहरण देते हुए कहा कि ये महिलाएं हमारे व भावी महिला पीढ़ी के सशक्तिकरण के लिए प्रेरणादायक है। डॉ. वी पी मीणा ने बताया कि हमारी छात्राओं ने सिद्ध किया कि एनएसएस केवल समाज सेवा का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की वह कार्यशाला है, जहां साधारण स्वयंसेवक असाधारण नायक बनते हैं।

### चित्रगुप्त मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ मनाया होली मिलन समारोह

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर**

होली पर्व के बाद यम द्वितीया के अवसर पर कायस्थ समाज शुजालपुर द्वारा किला स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में पूजा-अर्चना कर होली मिलन समारोह मनाया गया। इस दौरान समाजजनों ने सामूहिक महाआरती कर भगवान चित्रगुप्त का पूजन किया। कायस्थ महासभा युवा इकाई के जिलाध्यक्ष गौरव सक्सेना ने बताया कि भाई दूज के अवसर पर समाज के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त की सामूहिक महाआरती और कलम-दवात पूजन पंडित तरुण उपाध्याय द्वारा विधिविधान से संपन्न कराया गया। इसके बाद आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में समाजजनों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर और फू लों की होली खेलकर पर्व की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर कायस्थ महासभा शुजालपुर के अध्यक्ष शैलेन्द्र सक्सेना एडवोकेट ने मंदिर में चल रहे निर्माण कार्य की जानकारी देते हुए वर्षभर की सामाजिक गतिविधियों से समाजजनों को अवगत कराया तथा मंदिर निर्माण में सहयोग देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कायस्थ महासभा संरक्षक रमेशचंद्र सक्सेना, सचिव संतोष सक्सेना, कोषाध्यक्ष राघवेन्द्र श्रीवास्तव, सरपंच ओमप्रकाश सक्सेना सहित मनोहर सक्सेना, सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।


#### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार मुथुट होम फिंन इंडिया लिमिटेड, शाखा 201 सेकण्ड फ्लोर कल्पट्रेड सेंटर शहीद पार्क फ्रिंगज उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन जो कि भूमि सर्वे क्रमांक 150/1/1/मीन-1 स्थित ग्राम पंवासा, मक्सी रोड, उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफल 56.39 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व मे- मकान राजेन्द्र सिंह का, पश्चिम मे- रास्ता कॉलोनी का, उत्तर मे- भूखण्ड शमानंद जी का, दक्षिण में- मकान अब्दुल का स्थित है। उक्त सम्पत्ति देवकरण मालवीय पिता भैरूलाल जी ने बजर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी432022019ए1161706 दिनांक 07/03/2019 के माध्यम से विधिवत रूप से क्रय किया है तथा उक्त संपत्ति से संबंधित पूर्व का मुल विक्रय पत्र क्रमांक 982 दिनांक 22/05/2008 कही गुम हो गया है तथा देवकरण मालवीय ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु मुथुट होम फिंन इंडिया लिमिटेड में आवेदन किया है। तथा मेंरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार मेरे पक्षकार का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो ।

दिनांक 07/03/2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चैराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो. 9301860352**

#### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी सोदान सिंह डोडिया जी पिता श्री रतन सिंह जी, उम्र 58 वर्ष, व्यवसाय-कृषि, निवासी- ग्राम पालखंदा तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. से उनके अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे नम्बर 321/5 रकबा 1.190 हेक्टर में से रकबा 0.400 हेक्टर भूमि (लगभग), ग्राम पालखंदा तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है, उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि मे से बयाना राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब केवल विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है।

उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक-07/03/2026

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट**
**ऑफिस -डी -12 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन**
**मो. 94248 78460**

#### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने कचरू लाल पिता मेरजी परिहार निवासी ग्राम तुमड़ावदा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन के उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 77 रकबा 0.2900 हेक्टर में से 0.1400 हेक्टर,सर्वे क्रमांक 79 रकबा 0.1200 हेक्टर,सर्वे क्रमांक 81 रकबा 1.5700 हेक्टर कुल किता 3 कुल रकबा 1.8300 हेक्टर ग्राम तुमड़ावदा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित है को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा कर टोकन राशि अदाकर सौदा चिट्ठी का सम्पादन करवा लिया है और बयाना राषि अदाकर अनुबंध पत्र का सम्पादन करवाया जाना शेष है। उक्त भूमियों पर कोई व्यक्ति अपना हित व हिस्सा रखता हो या किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक,अथवा सरकारी,साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके। अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा। तथा कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांकः- 07-03-2026 उज्जैन

**श्रीमती नीलम अग्रवाल (एडवोकेट)**
**एम.ए.एल.एल.बी.**
**डी-5, भरतपुरी शापिंग काम्पलेक्स आर.टी.ओ. ऑफिस के पीछे उज्जैन (म.प्र.), मो. 98264-44002**

**न्यूज-कॉलम**

## रंगपंचमी पर शहर में निकलेगी भव्य फाग यात्रा

**मन्दसौर।** सामाजिक समरसता मंच के तत्वाधान में आज रंगपंचमी के पावन अवसर पर मंदसौर में ऐतिहासिक विशाल फाग यात्रा निकाली जाएगी। फाग महोत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश कासठ और सचिव वर्दीचंद कुमावत ने बताया कि इस वर्ष यात्रा में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। शहर की 20 अलग-अलग बस्तियों से टोलियां गैर के रूप में सुबह 11 बजे आजाद चौक घंटाघर पर एकत्रित होंगी। यहां से फाग यात्रा का भव्य शुभारंभ होगा, जिसमें 51 ढोल-नगाड़ों की थाप पर युवा थिरकते हुए चलेंगे। इस यात्रा के दौरान विशेष मशीनों के माध्यम से 31 क्विंटल गुलाल उड़ाया जाएगा। यात्रा में राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी, भजन मंडलियां और विशेष फायर फाइटर शामिल रहेंगे, जो गुलाल के साथ पानी की बौछार करेंगे। यह यात्रा घंटाघर से शुरू होकर भारत माता चौराहा और बस स्टैंड होते हुए गांधी चौराहा पहुंचेगी। मार्ग में विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा लगभग 15 स्थानों पर अल्पाहार के स्टॉल लगाकर यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा।

## 10 मार्च को खिड़की माता मेले में गोकुल शर्मा की भजन संध्या

**मंदसौर।** नगरपालिका परिषद द्वारा शीतला सप्तमी के उपलक्ष्य में 10 मार्च को बायपास स्थित श्री खिड़की माता मंदिर परिसर में एक दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रातः 11,30 बजे से प्रसिद्ध भजन गायक श्री गोकुल शर्मा द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर और मेला सभापति माया भावसार ने बताया कि कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बंशीलाल गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, उपाध्यक्ष मनुप्रिया यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष पं. राजेश दीक्षित, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया, उज्जैन प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदलाल यादव, समाजसेविका अनीता दीदी, भाजपा पदाधिकारी अनिल कियावत, सुषमा आर्य, मुकेश काला, विजय सुराना, शिवराजसिंह राणा घटावदा, सहित कई गणमान्य अतिथि शामिल होंगे। मेले की तैयारियों को लेकर सीएमओ प्रेम कुमार सुमन ने मेला स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए मेला परिसर में पेयजल, टेंट और छाया की माकूल व्यवस्था की गई है। शिवना नदी के किनारे सुरक्षा की दृष्टि से शेड लगाए गए हैं और वहां कर्मचारियों की तैनाती भी सुनिश्चित की गई है।

## मंदिरों में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर।** शहर के दो प्रसिद्ध मंदिरों में हुई चोरी की वारदातों का पदार्फाश करते हुए थाना कोतवाली पुलिस ने एक शातिर आरोपी नवीन पिता प्रदीप शर्मा निवासी भानपुरा हा.मु. श्रीकोल्ड के पास मंदसौर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने जगदीश मंदिर से चोरी किए गए चांदी के मुकुट, मोर पंख, गदा, बांसुरी और गणपति मंदिर से चोरी की गई दो दानपेटियां सहित नगद राशि बरामद कर ली है।घटनाक्रम के अनुसार, 21 जनवरी 2026 को जीवागंज स्थित जगदीश मंदिर और 6 मार्च की दरमियानी रात गणपति मंदिर में चोरी की वारदात हुई थी। जगदीश मंदिर के पुजारी जितेन्द्र व्यास और गणपति मंदिर के संतोष पुरोहित की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस ने गश्त के दौरान मंदिर के पास रहने वाले एक निराश्रित व्यक्ति से पूछताछ की, जिसने आरोपी के हुलिए और उसकी गतिविधियों की जानकारी दी।

## विश्वकप में भारत की विजय हेतु किया अभिषेक

**रतलाम।** श्री सनातन धर्म सभा ,रतलाम द्वारा आज बागड़ों का वास स्थित श्री अगर जी के मंदिर में चौमुखा महादेव का अभिषेक कर आगामी 8 मार्च, रविवार को अहमदाबाद में होने जा रहे हैं टी 20 विश्व कप में भारत को विजयश्री दिलाने के लिए प्रार्थना की गई। यह अभिषेक समाजसेवी प्रशांत व्यास उनकी धर्मपत्नी श्रीमती दीपाली व्यास सुपुत्री सुश्री ध्वनि व्यास के द्वारा किया गया। चौमुखा महादेव पर नित्य हो रहे अभिषेक की इस श्रृंखला में इससे पूर्व अभिषेक आयोजन प्रमुख जुगल पंड्या, श्रीमती राधिका, दोनों सुपुत्र ओजस व भव्य सहित पूरे परिवार द्वारा अभिषेक किया गया था।

**सूचना**

समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

मोबा. 9977755777
7771090777

# पोषण आहार में लापरवाही पर कार्रवाई : 9 पर्यवेक्षकों का वेतन राजसात, 13 स्व सहायता समूहों की राशि काटी गई

### गंगा स्वयं सहायता समूह का अनुबंध समाप्त

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास रामनिवास बुधौलिया ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह द्वारा विकसित व्यवस्था अंतर्गत परियोजना में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों की मॉनिटरिंग हेतु 6 मार्च को अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाडलिया घाटा जोधपुरा ग्राम के गंगा स्वयं सहायता समूह द्वारा सांझा चूल्हा योजना अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र पर पोषण आहार नियमित रूप से प्रदाय नहीं किया जा रहा पाया गया। समूह की लापरवाही के कारण गंगा स्वयं सहायता समूह का महिला बाल विकास परियोजना बाजना से अनुबंध 6 मार्च को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया।

साथ ही आंगनवाडी केन्द्रो पर पोषण आहार का निर्धारित मेनू चस्पा नही होना एवं साफ-सफाई का स्तर संतोषजनक नही पाया जाने, पोषण आहार वितरण में अनियमितता, हितग्राहियों के मान से भोजन की मात्रा अपर्याप्त तथा भोजन की गुणवत्ता अच्छी नही पाये जाने के कारण कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के आदेशानुसार 9 आंगनवाडी केन्द्रों की पर्यवेक्षकों का एक दिवस का वेतन तत्काल प्रभाव से राजसात किया गया एवं 1 पर्यवेक्षक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया । जिले के 13 स्थानीय स्व सहायता समूहों की एक दिवस की पोषण आहार की राशि काटी गई ।

जारी आदेशानुसार आंगनवाडी केन्द्र गढ़ी सैलाना की पर्यवेक्षक श्रीमती कंचन त्रिवेदी, आंगनवाडी केन्द्र जम्बुडिया सैलाना की पर्यवेक्षक श्रीमती अनिता खांदल, आंगनवाडी केन्द्र नई आबादी भूतेडा जावरा ग्रामीण की श्रीमती ममता शर्मा, आंगनवाडी केन्द्र कलसीया-2 आलोट एवं आंगनवाडी केनछ्र लक्ष्मीपुरा आलेट की पर्यवेक्षक श्रीमती धापू मालवीय, आंगनवाडी केन्द्र डॉट की पूलिया रतलाम शहर-1 एवं आंगनवाडी केन्द्र नजरअली की चाल रतलाम शहर-1 की पर्यवेक्षक श्रीमती हेमलता वासेन, आंगनवाडी केन्द्र भाटो का वास रतलाम शहर-2 की पर्यवेक्षक श्रीमती लक्ष्मी पंवार एवं आंगनवाडी केन्द्र अशोकनगर-1 रतलाम शहर-2 की पर्यवेक्षक श्रीमती मालती शर्मा का एक दिवस का वेतन तत्काल प्रभाव से राजसात किया गया।

आंगनवाडी केन्द्र कलसीया के राधा स्व सहायता समुह कलसीया, आंगनवाडी केन्द्र लक्ष्मीपुरा के स्वतंत्रता स्व सहायता समुह, आंगनवाडी केन्द्र डाट की पुलिया फ्रीगंज रतलाम के भेरूनाथ स्व सहायता समुह त्रिपोलिया गेट, आंगनवाडी केन्द्र नजरअली की चाल के भेरूनाथ स्व सहायता समुह ,त्रिपोलिया गेट, डोगरे नगर-2 के नेहा स्व सहायता समुह जावरा रोड़ रतलाम, आंगनवाडी केन्द्र नई आबादी पिपलौदा के शुभम स्व सहायता समुह पिपलौदा, आंगनवाडी केन्द्र भाटखेड़ी के दिव्यमाला आजीविका स्व सहायता समुह भाटखेडी, आंगनवाडी केन्द्र अर्जला के सावलिया स्व सहायता समुह अर्जला , आंगनवाडी केन्द्र नई आबादी भूतेडा के महावीर स्व सहायता समुह भूतेडा, आंगनवाडी केन्द्र गढी खाखरापाडा के जय संतोषी मां स्व सहायता समुह, आंगनवाडी केन्द्र के जंबुडिया पार्वती स्व सहायता समुह जंबुडिया, आंगनवाडी केन्द्र अशोकनगर-1 के सोमू स्व सहायता समुह तेजा नगर रतलाम , आंगनवाडी केन्द्र रूडी का टापरा के कृष्णा स्व सहायता समुह का एक दिवस के पोषण आहार की राशि का देयक अमान्य कर राशि काटी गई है।

## जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद में आपातकाल के सबक पर युवाओं ने रखे विचार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर




प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शा. स्ना. महाविद्यालय मंदसौर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और मेरा युवा भारत के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 का भव्य आयोजन किया गया। कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य विषय च्आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद सुधीर गुप्ता ने अपने संबोधन में आपातकाल की राजनीतिक परिस्थितियों और लोकतंत्र की रक्षा में नागरिकों की भूमिका पर प्रकाश डाला, जबकि राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने उस दौर की चुनौतियों का वर्तमान समय के साथ तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक और जिम्मेदार संरक्षक बनाते हैं। उदघाटन सत्र का संचालन आशीष खिमेसरा ने किया और आभार डॉ. अनिल कुमार आर्य ने व्यक्त किया।

प्रतियोगिता के तकनीकी सत्रों में श्माय भारतश पोर्टल पर पंजीकृत 64 विद्यार्थियों ने आपातकाल के विभिन्न पहलुओं पर अपने प्रभावशाली विचार रखे। निर्णायक मंडल में डॉ. एस. पी. पंवार, डॉ. रीता दुबे, डॉ. क्षितिज पुरोहित, पत्रकार नीलेश त्रिवेदी और बालचंद आसलिया शामिल रहे। प्रतियोगिता में वर्षा झाला ने प्रथम, राधिका कुमावत ने द्वितीय, ममता सोलंकी ने तृतीय, कपिल शर्मा ने चतुर्थ और मयंक तिवारी ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। इन पांचों विजेताओं का चयन अब राज्य स्तरीय युवा संसद के लिए किया गया है, जबकि शशांक कदम, ज्योति बाला और अंशिका सोलंकी को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। समापन सत्र में अतिथि विपिन जैन ने आपातकाल के ऐतिहासिक महत्व पर निरंतर संवाद की आवश्यकता बताई।

आयोजन सचिव डॉ. अनिल कुमार आर्य ने विजेताओं को शील्ड और प्रमाण-पत्र वितरित किए। समापन सत्र का संचालन डॉ. प्रीति श्रीवास्तव ने किया और आभार कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ललिता लोधा ने माना।

## नीमच में रंग-गुलाल और उत्साह के साथ निकली 'रंग रंगीली होली की गैर

**नीमच।** शहर में होली दहन के दूसरे दिन रंगों के पर्व पर हर्षोल्लास और उमंग के साथ धुलेंडी पर्व मनाया गया। जिसमें परंपरा के अनुसार होली उत्सव समिति, नीमच द्वारा, 'रंग रंगीली होली की गैर' का भव्य आयोजन किया गया। सुबह 10.30 बजे बारादरी से प्रारंभ हुई गैर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई 40 नंबर बिजली ऑफिस, टैगोर मार्ग पर विधिवत संपन्न हुई। गैर के दौरान पूरा शहर रंग, गुलाल और ढोल-नगाड़ों की थाप से गूंज उठा। नागरिक उत्साहपूर्वक जुलूस में शामिल हुए और होली के रंग में सराबोर नजर आए। समिति के सदस्य बनारसी पंडों की. पारंपरिक वेशभूषा में विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। ढोल की थाप पर थिरकते युवाओं की टोलियां और अतरंगी गुलाल की उड़ती बयार ने वातावरण को पूरी तरह उत्सवमय बना दिया। जोकर आदि वेशभूषा में सजे कलाकारों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर बच्चों और बड़ों का दिल जीता। होली के सदाबहार गीतों पर नागरिक झूमते लोगो का जगह-जगह लोगों ने पानी, गुब्बारों और रंग-गुलाल से गैर का स्वागत किया और एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दी। होली उत्सव समिति के अध्यक्ष बृजेश सक्सेना, सचिव सुरेश सोडानी और कोषाध्यक्ष गुणवंत ऐरन सहित सदस्यों ने समस्त शहरवासियों को होली की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। गैर बारादरी से प्रारंभ होकर नया बाजार घंटाघर, सराफा बाजार, तिलक मार्ग और पुस्तक बाजार से होती हुई ४० चौराहा पहुंची, जहां समापन समारोह आयोजित किया गया। मार्ग में व्यापारियों और आमजन ने रंग-गुलाल से गैर का स्वागत किया।

## पिपलोदा महाविद्यालय के लिए ढाई करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

प्रदेश की सरकार शिक्षा पर प्राथमिकता से कार्य करते हुए विभिन्न सौगात दे रही है।विधायक डॉ राजेन्द्र पांडेय के सतत प्रयासों से पिपलौदा महाविद्यालय में बाउंड्रीवाल व सड़क निर्माण के लिए ढाई करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत हुई है।

उल्लेखनीय है कि विधायक डॉ पांडेय ने विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा को प्राथमिकता से बेहतर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न स्तर पर सौगाते दिलाने का सफल प्रयास किया है।इन प्रयासों के चलते विधानसभा क्षेत्र के पिपलौदा मुख्यालय पर उच्च शिक्षा प्रदान के लिए महाविद्यालय प्रारम्भ किये जाने की स्वीकृति दिलाई थी।डॉ पांडेय के लगातार प्रयासों से महाविद्यालय के भवन निर्माण के लिए पूर्व में चार करोड़ 87 लाख रुपये की राशि स्वीकृत कराई थी।भवन निर्माण के दौरान महाविद्यालय पहुँच मार्ग व बाउंड्रीवाल निर्माण की मांग क्षेत्रवासियों ने की।

विधायक डॉ पांडेय ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव व उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह से भेंट कर अतिरिक्त कार्यो की राशि स्वीकृत करने का आग्रह किया।इस कार्य के लिए लगातार किये प्रयासों में सफलता मिल गई है।मुख्यमंत्री डॉ यादव व उच्च शिक्षा मंत्री परमार ने अतिरिक्त कार्य की स्वीकृति प्रदान कर दी है।लगभग 250.90 लाख रु की स्वीकृति प्रदान की गई है।जिसमे महाविद्यालय पहुँच मार्ग,फर्नीचर एवं बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य कराया जाएगा। पिपलौदा महाविद्यालय में अतिरिक्त कार्यो की ढाई करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत होने पर क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है। भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश पाटीदार, महामंत्री भवरगिरी गोस्वामी, नगर अध्यक्ष प्रवीण सिंह राठौर, पूर्व अध्यक्ष मुकेश मोगरा,वरिष्ठ पदाधिकारी, अतुल गौड़, कनीराम,नरेंद्र जैन, प्रफुल्ल जैन, प्रकाश जायसवाल,महेश वोहरा, मन मोहन राणा सहित विभिन्न पदाधिकारियों ने क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री डॉ यादव,उच्च शिक्षा मंत्री परमार, विधायक डॉ पांडेय के प्रति आभार व्यक्त किया।

## मोदी सरकार की ट्रेडडील के बाद किसानों की उपज ओने-पौने दामो में बिकने लगी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मल्हारगढ़



अमेरिका से मोदी सरकार की ट्रेडडील के बाद किसानों की उपज ओने-पौने दामो में बिकने लगी है।शनिवार को मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामप्रसाद फरक्या,मंडलम अध्यक्ष दिनेश गुप्ता काचरिया आदि प्रातः 11 बजे कृषि उपज मंडी पहुंचे व किसानों से चर्चा की किसान गणपत गायरी,भोपाल सिंह सिसोदिया, रणवीर सिंह तंवर,जसवंत पाटिदार,भेरुपप्पू गुर्जर आदि ने बताया कि गेंहू तो पानी की बोतल के भाव ही बिक रहा है 2000 से 2200 रुपये प्रति क्विंटल जोकि लागत से काफी कम है मजदूर भी गेंहू कटाई के 600 से 700 रुपये लेरहे है किसानों की काफी दुर्दशा होरही है,किसानों ने एक स्वर में कहा कि हमारा गेंहू कमसे कम तीन हजार रुपये प्रति क्विंटल बिकना चाहिए।लहसुन भी जिस भाव मे बिकना चाहिए उस भाव मे नही बिकने से लहसुन उत्पादक किसान भी हताश एवं निराश है।

मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने इस मौके पर कहा की भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा अमेरिका से जो ट्रेडडील कीगई है उसने हमारे किसानों की कमर तोड़कर रखदी है।मोदी सरकार अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के हाथों की कठपुतली बनी हुई है सरकार ट्रम्प के इशारों पर चल रही है जो निर्णय सरकार को लेना चाहिए वह निर्णय अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प लेरहे है।शर्मा ने कहा कि किसानों के हकों की लड़ाई नेता विपक्ष राहुल जी गांधी,मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू जी पटवारी सदन से लेकर सड़क तक लड़ रहे है,पटवारी जी ने मोहन सरकार से मांग की है कि सरकार 2700 रुपये में किसानों से गेंहू की खरीदी करे इसको लेकर शीघ्र ही कांग्रेस पूरे एक दिन प्रदेश की सभी कृषिउपज मंडियों को बंद करवाकर किसान हित में विरोध प्रदर्शन करेगी।

## होली मिलन समारोह, फाग यात्रा पर जैन सोशल ग्रुप मैत्री के झूमे सदस्य

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



होली पर्व आध्यात्मिक संस्कृति का प्राण है आने वाली पीढ़ी में होली पर्व का इतिहास के क्रांतिकारी विचारों का संस्कारों के रूप में बीजारोपण करता है होली पर्व समूह के रूप में मनाया जाता है पर होली जैसे पर्व ना होते तो आज हमारा अस्तित्व भी नहीं होता।

जाति पंथ प्रांत भाषा आदि से ऊपर उठकर संपूर्ण मानव समाज भावनात्मक एकता के रूप में रंग जाती है राष्ट्रीय एकता के लिए इसका श्रेय सिर्फ होली जैसे सांस्कृतिक पर्व को जाता है।

उक्त विचार जैन सोश्यल ग्रुप्स इंटरनेशनल फेडरेशन के डायरेक्टर अनिल धारीवाल ने जैन सोश्यल ग्रुप जावरा मैत्री परिवार द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह के दोरान कहे । ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष एवं जैन सोश्यल ग्रुप्स इंटरनेशनल फेडरेशन कमेटी नेचरोथेरेपि अवरनेयस कमेटी चैयरमैन संदीप रांका ने कहा कि होली पर्व पर क्रोध लोभ मोह माया अहंकार रूपी कचरे को नष्ट करके प्रेम समभाव सद्भभाव रुपी प्रेम के रंग में अपने आप को रंगना है।

साधुमार्गी जैन जवाहर संघ के अध्यक्ष पकंज काठेड ने भी विचार व्यक्त किए। स्वागत भाषण जैन सोश्यल ग्रुप जावरा मैत्री अध्यक्ष राजेश पोखरना ने दिया ।

जैन सोश्यल ग्रुप जावरा मैत्री परिवार द्वारा होली मिलन समारोह एंव फाग महोत्सव का आयोजन किया गया ।जिसमें डि जे के साथ फाग यात्रा निकाली गई। जिसमें ग्रुप सदस्यों ने होली के गीतों पर झुम कर नृत्य किया एवं एक दूसरे को हर्बल गुलाल लगाकर प्रेम का संदेश दिया। दम्पत्ति सदस्यों द्वारा मनोरंजन गेम में भी भाग लिया। क्षेत्र के उभरते गायक डॉ.गोपाल पाटीदार कलालिया ने अपने सुमधुर गीतो से सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का संचालन संदीप दसेड़ा ने किया । आभार जेएसजी जावरा मैत्री सचिव शशांक मेहता ने व्यक्त किया।



## विधायक श्री जैन ने फतेहगढ़ विद्यालय में किया टीन शेड का लोकार्पण

**मन्दसौर।** एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय फतेहगढ़ में विधायक निधि से निर्मित नवनिर्मित टीन शेड का लोकार्पण विधायक विपिन जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक श्री जैन ने फीता काटकर शेड का उद्घाटन किया और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि परिश्रम और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने माता-पिता और गुरुजनों के सपनों को पूरा करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। समारोह के दौरान विद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। इंस्पायर अवार्ड के लिए चयनित छात्र बालकृष्ण और ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रा गिरजा, अर्पिता, खुशी और चंचल को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम में बीआरसी रामलाल लोदवार और भागवत आचार्य दशरथ शर्मा ने भी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी।

## पिपलोदा रोड पर चौक पडी नालियों एवं पसरी गंदगी से रहवासी परेशान

**जावरा ।** पिपलौदा रोड पर पसरी गंदगी और चौक हुई नालियों की समस्या जस की तस बनी हुई है। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ मदनलाल गांगले ने बताया कि पिपलौदा रोड पर श्री साई कृपा नेत्र चिकित्सालय के सामने खाली जमीन पडे, प्लाट पर गंदगी की भरमार है। कई दिनों से गंदगी की समस्या जस की तस बनी हुई हैं बढ़ती गंदगी से बीमारी का प्रकोप बढ़ सकता है। डॉ. गांगले ने यह भी बताया है कि रोड साइड गंदगी से भरी नालियां भी चौक हो चुकी हैं । पसरा कचरा और चौक हुई नालियां बुरी तरह से बदबू फैलाएं हुये हैं। इससे रहवासी और राहगीर परेशानियों में है । क्षेत्र में पसरी भारी गंदगी से रहवासी और राहगीरों में बेहद नाराजगी व्याप्त है । रहवासियों का कहना है कि जवाबदार लोग उनके कर्तव्यों के प्रति उदासीन है ! पिपलौदा रोड़ के रहवासी पसरी गंदगी को देखते हुए आत्म ग्लानि तक महसूस कर रहे हैं। आखिरकार पिपलौदा रोड़ के रहवासियों को बढ़ती गंदगी से निजात कब मिलेगी ? आपने जनहित में क्षैत्र में पसरी गंदगी और चौक नालियों की सफाई की मांग की है।



## जैन समाज ने लॉन्च किया एसजेएस कुटुंब डिजिटल एप

**मंदसौर।** संचार क्रांति के इस दौर में सकल जैन समाज ने एक अभिनव पहल करते हुए च्एसजेएस कुटुंब मंदसौरज् डिजिटल एप का लोकार्पण किया है। साधर्मी सेवा केंद्र द्वारा आयोजित समारोह में समाज के संयोजक सुरेंद्र लोढ़ा और अध्यक्ष जय कुमार बड़जात्या ने इस एप को सामाजिक प्रगति के लिए मील का पत्थर बताया। यह एप समाज की धार्मिक, पारिवारिक और आर्थिक गतिविधियों को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करेगा। एप के माध्यम से समाज के लोगों का डेटाबेस तैयार होगा, जिससे महानगरों में रहने वाले बंधुओं से संपर्क करना आसान होगा। इस डिजिटल प्लेटफॉर्म पर समाज जनों का पारिवारिक परिचय, व्यवसायिक जानकारी और सामाजिक सूचनाएं उपलब्ध रहेंगी। विशेष रूप से महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए भी एप में कई फीचर्स जोड़े गए हैं। एप क्रिएटर पवन लोहार और सीए विकास भंडारी ने बताया कि इसे गूगल प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर से आसानी से डाउनलोड किया जा सकेगा। जल्द ही समाज के हर परिवार को इस एप से जोड़ने के लिए एक विशेष पंजीकरण अभियान भी चलाया जाएगा।

## जिले के 703 मछुआरों को 126.75 लाख का अल्पकालीन ऋण प्रदान किया

**मन्दसौर।** राज्य शासन द्वारा घोषित च्किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत जिले में मत्स्य पालकों की आय बढ़ाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। सहायक संचालक मत्स्योद्योग ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के 703 मछुआरों को सहकारी बैंकों के माध्यम से 126.75 लाख रुपये का अल्पकालीन ऋण प्रदान किया गया है। इस वित्तीय सहायता का उद्देश्य मत्स्य पालकों को बीज, आहार और अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराना है। आगामी वर्ष के लिए ऋण वितरण का लक्ष्य बढ़ाकर 150 लाख रुपये रखा गया है। मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना के माध्यम से जिले के 10 तालाबों में 3 लाख झींगा मत्स्य बीज का संचयन किया गया है। इसके अलावा मत्स्य पालन को वैज्ञानिक रूप देने के लिए 100 हितग्राहियों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है। इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं और मत्स्य पालकों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो रही है।

## पिपलिया चौपाटी पर सरदार वल्लभभाई पटेल के रथ का किया स्वागत



**पिपलीया मंडी।** लोह पुरुष सरदार पटेल की 150 वीं जयंती पर सरदार पटेल रथ का नीमच जाते समय पिपलीया मंडी चौपाटी पर कांग्रेसजनों के साथ कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बड़ी संख्या में मौजूद पाटीदार समाजन का पुष्प बरसा कर स्वागत किया।

## रंग पंचमी और फाग उत्सव की रहेगी धूम, हिंदू उत्सव समिति का आयोजन



**महिदपुर।** हिंदू उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार रंग पंचमी महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। समिति के अध्यक्ष डॉ. विपुल धाडीवाल, उपाध्यक्ष जितेंद्र सिसौदिया और संरक्षक एडवोकेट भगवानसिंह पंवार के नेतृत्व में इस आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। समिति में टोली सदस्य सुधीर मुणत, विक्की यादव, लोकेश अंडेरिया, मनोज प्रजापत, विष्णु मालवीय, जंगी सोलंकी, सुभाष राठी, दिनेश बगाना, गौरव जायसवाल, राधेश्याम नरवरिया, शरद परमार आदि शामिल हैं। यह समिति पूरे वर्ष हिंदू समाज के उत्सवों को व्यवस्थित करने के लिए बनाई गई है। रंग पंचमी के दिन, रविवार 8 मार्च को सुबह 12 बजे से विजय स्तंभ पर समाजजन और युवा एकत्रित होंगे। आयोजन में बैंड, डीजे, घोड़ा बग्गी, ढोल ताशे, फायर ब्रिगेड, गुलाल की होली और विचित्र वेशभूषा जैसे आकर्षण शामिल होंगे। इस महोत्सव में हर कोई रंगों की मस्ती में डूबेगा। इसी प्रकार, रंग पंचमी से एक दिन पहले 7 मार्च, शनिवार को मातृशक्ति द्वारा फाग उत्सव का आयोजन किया जाएगा। हिंदू उत्सव समिति ने सभी सनातनी धर्म प्रेमियों से अनुरोध किया है कि वे रंग पंचमी महोत्सव को सफल बनाने के लिए सहयोग प्रदान करें और इस उत्सव का हिस्सा बनें।



## पूर्व सैनिक मुकेश मोयल वेटरेनस अचीव अवार्ड से सम्मानित



**महिदपुर रोड।** नगर के मोयल परिवार के कांतिलाल मोयल सेवा निवृत रेल कर्मचारी के बेटे पूर्व सैनिक मुकेश मोयल का मंगलवार को मिलिट्री हेडक्वार्टर ऑफ वॉर महू में आयोजित पूर्व सैनिक सम्मान समारोह में सेवा निवृत्ति के पश्चात भारतीय सेनाओं के सेवारत सेवानिवृत सैनिकों वीर नारियों एवं उनके परिवारों के प्रति किये जा रहे हैं। निस्वार्थ एवं सेवार्थ कार्यों के लिये थल सेना अध्यक्ष अध्यक्ष जनरल उपेंद्र कुमार द्विवेदी परम विशिष्ट सेवा मेडल अति विशिष्ट सेवा मेडल सेना मेडल द्वारा वेटरेनस अचीवर अवार्ड से सम्मान किया।

## व्यापारी से ब्रांडेड सामान खरीद कर उसे बातों में उलझा कर सामान लेकर रफू चक्कर

**महिदपुर रोड।** नगर के नागदा मार्ग स्थित एक किरा ना व्यापारी की दुकान पर एक अज्ञात बदमाश सूटेड बूटेड अवस्था में केप तथा चश्मा लगाकर सामान खरीदने पहुंचा जहां उसने विभिन्न ब्रांडेड किस्मों की सिगरेटों के पैकेटों पर फ्यूम आदि खरीद तथा व्यापारी को बातों में उलझा कर खरीदे सामान को अपने पिट्ठू बैग में रखकर उसे अन्य ग्राहकों में उलझा देख कर फरार हो गया। पीड़ित व्यापारी सतीश महेंद्र बाबूलाल सेठिया ने पुलिस में आवेदन देकर बताया उसकी दुकान पर रविवार को दिन में एक अज्ञात बद माश चश्मा तथा टोपी लगाकर सूटे ड बूटेड अवस्था में आया तथा विभिन्न ब्रांडेड सिगरेटों के पैकेटों परफ्यूम करने सामग्री की खरीदी कर उस बातों में उलझा कर अपने बैग में रखकर रफ्फू चक्कर हो गया पीड़ित व्यापारी ने पुलिस को दिये आवेदन में बदमाश की पहचान के रूप में टी-शर्ट नीली जींस टोपी च श्मा तथा नीले कलर की टू व्हीलर गाड़ी की पहचान अपने आवेदन में पुलिस को बताई है। बदमाश ने एक दो अन्य किराना व्यापारियों के यहां भी उसी दिन ऐसी ही वारदात करने की कोशिश की थी लेकिन वह वहां सफल नहीं होने हो पाया था। थाना प्रभारी रामसिंह भाभौर ने बताया व्यापारी का आवेदन प्राप्त हुआ जिसे जांच में लिया गया है।

## आभूषण एवं रूपयो का हैंडबैग लौटा कर दी ईमानदारी की मिसाल।



तराना। आज के समय में रुपयों एवं आभूषणों का हैंड बैग लौटकर नगर के डॉक्टर अर्पित गगरानी के द्वारा ईमानदारी की मिसाल दी गई है।यह हैंडबैग रवीना पति विक्रम सिंह निवासी टॉक खुर्द जिला देवास का था। शुक्रवार शाम करीब 5:00 बजे डॉक्टर अर्पित गगरानी द्वारा नयापुरा मार्ग स्थित स्वयं की क्लीनिक पर महिला को उसका बैग लौटाया गया।इस दौरान महिला रवीना एवं उसका भाई एवं नगर के सीनियर अधिवक्ता सुधीर कुमार निगम भी मौजूद रहे। डॉ गगरानी ने बताया कि गुरुवार को करीब 1:30 बजे एक पेशेंट के द्वारा यह हैंडबैग दिया गया था। यह हैंडबैग नगर के व्यस्त मार्ग नयापुरा मार्ग पर बैंक ऑफ इंडिया एवं मेरे किलिनीक के आस पास कही गिर गया होगा। बैग में रुपए रकम एवं महिला का आधार कार्ड भी था।महिला का पति इंडियन आर्मी में सेवारत है अभी वह असम में पोस्टेड है।आधार कार्ड के द्वारा महिला तक संपर्क हो सका।शुक्रवार को यह हैंडबैग लौटाया गया।

# नवीन कॉलेज में साइबर जागरूकता शिविर, पुलिस ने छात्रों को दी ऑनलाइन ठगी से बचने की टिप्स

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर



जिले में साइबर अपराधों पर लगाम कसने और आमजन व युवाओं को जागरूक करने के लिए पुलिस अधीक्षक यशपालसिंह राजपूत के निर्देशन में लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार 06 मार्च को शहर के बालकृष्ण शर्मा नवीन कॉलेज में साइबर सेल द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए एक विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान साइबर सेल प्रभारी विकास तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वर्तमान डिजिटल युग में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों के प्रति आगाह किया। उन्होंने विस्तार से बताया कि आज के समय में ठग किस तरह से ऑनलाइन फ्रॉड, फेक कॉल, सोशल मीडिया हैकिंग, फर्जी लोन एप, फिशिंग लिंक और डिजिटल पेमेंट फ्रॉड जैसी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। साइबर सेल प्रभारी ने छात्रों को सचेत करते हुए कहा कि बचाव ही सबसे अच्छी सुरक्षा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी परिस्थिति में अनजान व्यक्ति के साथ अपनी बैंक संबंधी जानकारी, ओटीपी, पासवर्ड या आधार कार्ड से जुड़ी संवेदनशील जानकारी साझा न करें। साथ ही, लुभावने ऑफर्स वाले मैसेज या किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने से पूरी तरह बचें।

### ठगी होने पर तुरंत यहां करें शिकायत

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को यह भी बताया गया कि पूरी सावधानी बरतने के बाद भी यदि किसी के साथ साइबर धोखाधड़ी हो जाती है, तो घबराएं नहीं बल्कि तुरंत कदम उठाएं। ऐसी स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। इसके अलावा, भारत सरकार के आधिकारिक पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है, जिससे समय रहते पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर सके और ठगी गई रकम को होल्ड कराया जा सके।

### छात्रों ने पूछे सवाल, पुलिस ने की अपील

जागरूकता सत्र के दौरान एक इंटरैक्टिव सेशन भी रखा गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने साइबर सुरक्षा से जुड़े अपने कई सवाल पूछे। साइबर सेल प्रभारी ने उदाहरणों के साथ उनके सभी सवालों का समाधान किया। इस दौरान कॉलेज का स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में शाजापुर पुलिस की ओर से आमजन से भी अपील की गई कि वे साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहें और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस थाने को दें।

रमजान में गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल

# हिंदू समाज ने कराया मुस्लिम समाज को सामूहिक रोजा इफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ कानड़



पवित्र रमजान माह में नगर में आपसी भाईचारे और सौहार्द की अनूठी मिसाल देखने को मिली। पार्षद ओमप्रकाश पालीवाल के द्वारा मुस्लिम समाज के रोजेदारों के लिए सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन किया। इस आयोजन में दोनों समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए और एक साथ बैठकर इफ्तार किया। कार्यक्रम ने नगर में सामाजिक एकता और आपसी सद्भाव का संदेश दिया।रमजान के पवित्र महीने में रोजेदार सुबह से शाम तक रोजा रखकर इबादत करते हैं और सूर्यास्त के समय इफ्तार के साथ रोजा खोलते हैं। इसी परंपरा का सम्मान करते हुए

मुस्लिम समाज के रोजेदारों के लिए विशेष रूप से इफ्तार की व्यवस्था की। इफ्तार में खजूर, फल, केला सहित विभिन्न व्यंजनों की व्यवस्था की गई थी।जैसे ही अजान की आवाज गूंजी, रोजेदारों ने दुआ के साथ रोजा खोला और देश में अमन, शांति और भाईचारे की कामना की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि रमजान का महीना केवल इबादत का ही नहीं बल्कि इंसानियत, सेवा और भाईचारे का भी संदेश देता है। हिंदू समाज द्वारा आयोजित इस इफ्तार कार्यक्रम ने यह साबित कर दिया कि अलग-अलग धर्मों के लोग मिलकर समाज में प्रेम और सद्भाव का वातावरण बना सकते हैं।

मुस्लिम समाज के लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन गंगा-जमुनी संस्कृति को मजबूत करते हैं और समाज में एकता का संदेश देते हैं। वहीं हिंदू समाज के लोगों ने कहा कि सभी धर्मों का सम्मान करना और एक-दूसरे के त्योहारों में शामिल होना भारतीय संस्कृति की खूबसूरती है। रोजा इफ्तार कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता दुर्गाप्रसाद पालीवाल कन्हैयालाल परमार,सय्यद मुशर्रफ हुसैन, अनवर खान, सय्यद नासिर अली, नितिन पालीवाल, अनोखी लाल बीजापारी, नारायण सिंह बीजापारी, रमेशचंद्र सोराट्रीय, असलम शिशगर, मकबूल मंसुरी जोरावर सिंह बीजापारी, विकास शर्मा हरगनखेड़ी सरपंच अवतार सिंह गुर्जर, के अलावा नगर के कई गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और युवा उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर रोजा इफ्तार किया और आपसी भाईचारे को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। अंत में देश और समाज में शांति, सद्भाव और तरक्की के लिए विशेष दुआ की गई। यह आयोजन नगर में सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे की मिसाल बनकर सामने आया।

## मां के साथ घर लौट रही युवती के गले से झपटी सोने की चेन, अज्ञात बदमाश फरार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर

शहर के लालाघाटी थाना क्षेत्र में चैन स्नेचिंग का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां गिरवर रोड पर पैदल अपनी मां के साथ घर लौट रही एक युवती के गले से एक अज्ञात बदमाश ने सोने की चेन झपट ली और पलक झपकते ही मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता लक्ष्मी अपनी मां के साथ कसेरा बाजार गई थी। वहां से दोनों पैदल-पैदल गिरवर स्थित अपने घर की ओर लौट रही थीं। इसी दौरान मंसूरी कॉलोनी के समीप एक अज्ञात युवक अचानक उनके पास पहुंचा और लक्ष्मी के गले पर झपट्टा मारकर करीब 2 से 3 ग्राम वजनी सोने की चेन तोड़ ली। जब तक पीड़िता और उसकी मां कुछ समझ पातीं या शोर मचातीं, आरोपी तेजी से मौके से भाग निकला। घटना के बाद घबराए परिजनों ने शाम करीब 7.30 बजे पुलिस को वारदात की सूचना दी। दिनदहाड़े हुई इस घटना की सूचना मिलते ही लालाघाटी थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटना स्थल के आसपास मुआयना कर जांच शुरू की। लालाघाटी थाना प्रभारी अर्जुन सिंह मुजाल्दे ने बताया कि पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है, ताकि आरोपी की पहचान कर उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके। पुलिस के अनुसार, फिलहाल परिजनों की ओर से थाने में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है, शिकायत मिलने पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

गेहूं उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा

## वेयरहाउस पर सीसीटीवी लगाने के दिए निर्देश

**राजगढ़ ।** कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी गेहूं उपार्जन कार्य के सुचारू संचालन के लिए की जा रही तैयारियों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के सभी वेयरहाउस एवं उपार्जन केन्द्रों पर अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, ताकि खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने कहा कि उपार्जन केन्द्रों पर उपयोग किए जाने वाले सभी तोल कांटों पर नापतौल विभाग का वैध प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से प्राप्त किया जाए, जिससे तौल प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनियमितता न हो। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने समीक्षा के दौरान कालातीत ऋण वाले कृषकों की जानकारी ऑनलाइन दर्ज नहीं किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की।

## चित्रगुप्त मंदिर में समाज ने मनाया होली मिलन समारोह



दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर

होली पर्व के बाद यम द्वितीया के अवसर पर कायस्थ समाज शुजालपुर द्वारा किला स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में पूजा-अर्चना कर होली मिलन समारोह मनाया गया। इस दौरान समाजजनों ने सामूहिक महाआरती कर भगवान चित्रगुप्त का पूजन किया। कायस्थ महासभा युवा इकाई के जिलाध्यक्ष गौरव सक्सेना ने बताया कि भाई दूज के अवसर पर समाज के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त की सामूहिक महाआरती और कलम-दवात पूजन पंडित तरुण उपाध्याय द्वारा विधिविधान से संपन्न कराया गया। इसके बाद आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में समाजजनों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर और फूलों की होली खेलकर पर्व की खुशियां साझा कीं।

इस अवसर पर कायस्थ महासभा शुजालपुर के अध्यक्ष शैलेन्द्र सक्सेना एडवोकेट ने मंदिर में चल रहे निर्माण कार्य की जानकारी देते हुए वर्षभर की सामाजिक गतिविधियों से समाजजनों को अवगत कराया तथा मंदिर निर्माण में सहयोग देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कायस्थ महासभा संरक्षक रमेशचंद्र सक्सेना, सचिव संतोष सक्सेना, कोषाध्यक्ष राघवेन्द्र श्रीवास्तव, सरपंच ओमप्रकाश सक्सेना सहित मनोहर सक्सेना, ओम सक्सेना, बंटी श्रीवास्तव, कमल किशोर श्रीवास्तव, गोविन्द प्रसाद सक्सेना, सुरेश सक्सेना, सुरेन्द्र श्रीवास्तव, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, नरेन्द्र सक्सेना, अशोक श्रीवास्तव, जितेन्द्र श्रीवास्तव, महेश सक्सेना, श्याम सक्सेना, लेखराज सक्सेना, छोटू सक्सेना, ज्योति सक्सेना, मनीषा सक्सेना सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# सोशल मीडिया पर तस्वीरें वायरल करने की धमकी देकर नाबालिग से ब्लैकमेलिंग, पुलिस ने किया मामला दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर



शहर में सोशल मीडिया पर तस्वीरें वायरल करने की धमकी देकर एक नाबालिग को ब्लैकमेल करने और अवैध वसूली करने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोपी ने बदनामी का डर दिखाकर पीड़िता के परिवार से पहले दो हजार रुपये ऐंठ लिए और फिर इंस्टाग्राम पर फोटो डालने की धमकी देते हुए पांच हजार रुपये की और मांग करने लगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किराने की दुकान पर गई थी किशोरी

कोतवाली पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पूरी घटना की शुरूआत पिछले साल 19 अगस्त 2025 को हुई थी। शाजापुर निवासी एक नाबालिग लड़की अपने घर के पास स्थित किराना दुकान पर घरेलू सामान लेने गई थी। उसी दौरान पड़ोस में किराए के मकान में रहने वाले युवक हिमांशु चौहान ने उसे सामान्य बातचीत के बहाने अपने घर बुलाया और धोखे से उसके साथ कुछ तस्वीरें खींच लीं। घटना के कुछ समय बाद ही आरोपी हिमांशु अपनी मां के साथ ग्वालियर के हजीरा क्षेत्र में जाकर रहने लगा।

### व्हाट्सएप पर दी धमकी, फोनपे से वसूले पैसे

आरोप है कि 4 मार्च 2026 को आरोपी हिमांशु ने ग्वालियर से पीड़िता के भाई के मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप के जरिए संपर्क किया। उसने उन पुरानी तस्वीरों को वायरल करने की धमकी दी और ब्लैकमेल करते हुए पैसों की मांग की। समाज में बदनामी के डर से घबराए भाई ने आरोपी के खाते में फोनपे के माध्यम से 2 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए।

### पैसे मिलने पर बढ़ा लालच

दो हजार रुपये मिलने के बाद आरोपी का लालच और बढ़ गया। उसने फिर से संपर्क किया और धमकी दी कि यदि उसे 5 हजार रुपये और नहीं दिए गए, तो वह सभी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर देगा। लगातार मिल रही धमकियों और बढ़ती मांग से परेशान होकर आखिरकार परिजनों ने पुलिस की शरण ली। शाजापुर कोतवाली पुलिस ने परिजनों की शिकायत और प्रस्तुत किए गए आवेदन के आधार पर आरोपी हिमांशु चौहान के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 308(2) के तहत ब्लैकमेलिंग और अवैध वसूली का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है और आरोपी की जल्द गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।



## जनपद पंचायत आरोन के सभा कक्ष में हुआ बीबीजी रामजी योजना पर मीडिया संवाद

**गुना।** बीबी जी राम जी योजना के तहत जनपद पंचायत आरोन अंतर्गत मीडिया संवाद एवं अधिकार संरक्षण शपथ दिवस समारोह का कार्यक्रम जनपद पंचायत आरोन के सभा कक्ष में किया गया। बीबी जी राम जी योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए मीडिया कर्मियों से संवाद किया गया। उक्त कार्यक्रम में सहायक यंत्री दिनेश शाक्य, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती हेमन सतीजा, ग्राम पंचायत के सचिव एवं सामान्य नागरिकगण भी उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में बीबी जी राम जी योजना अंतर्गत मजदूरी के कार्य दिवस 100 दिवस से बढ़ाकर 125 दिवस किए जाने, बेरोजगारी भत्ते से संबंधित शर्तों में सरलीकरण तथा योजना के अंतर्गत विभिन्न नवाचारों एवं नवीन कार्यों को प्रारंभ किए जाने से ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई।

## अध्यापक शिक्षक संघ ने समस्याओं का निराकरण करने मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**गुना।** अध्यापक शिक्षक संघ जिला गुना ने गुरुवार अल्प प्रवास पर गुना आए स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह को समस्याओं के निराकरण के लिए 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि मध्यप्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत शिक्षक संवर्ग कई वर्षों से विविध समस्याओं का सामना कर रहा है। इन समस्याओं के समाधान हेतु शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री को अवगत कराया है। उक्त समस्याओं में नवीन पेंशन योजना से पूर्व (31 दिसंबर 2004 तक) के विज्ञापनों के जरिए नियुक्त शिक्षा कर्मी/संविदा शिक्षक/गुरुजी को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता देते हुये पुरानी पेंशन में शामिल कर सेवानिवृत्ति के समस्त लाभ प्रदाय किए जाएं। पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा बनाए गए दो से अधिक बच्चे होने पर सेवा समाप्ति के दंड को शिथिल किया जाए। अध्यापक संवर्ग में एक निकाय से दूसरे निकाय में स्थानांतरण ले चुके शिक्षकों की वरिष्ठता का निर्धारण पदोन्नती हेतु जुलाई 2018 से जारी निदेर्शों की तरह प्राथमिक शिक्षक की जिला स्तर माध्यमिक शिक्षक की संभाग स्तर तथा उच्च माध्यमिक शिक्षक की राज्य स्तर पर वरिष्ठता सूची तैयार की जाए। शिक्षको को स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी बनाई जाए। शिक्षा विभाग अंतर्गत अक्टूबर 2021 में नियमित प्राथमिक/ माध्यमिक शिक्षक से उच्च माध्यमिक शिक्षक के पद पर नियुक्ति प्राप्त करने वाले शिक्षको (संख्या प्रदेश में लगभग 500) को पूर्व नियमित पद पर प्राप्त वेतन वृद्धियां देकर वेतनमान फिक्सेशन किया जावे। मध्यप्रदेश की शासकीय शालाओं में शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण अतिथि शिक्षकों को गुरूजी संवर्ग की तरह यथा स्थान नियमित नियुक्ति दी जावे।

## अंशुल नेमा पुन: समाज अध्यक्ष बने



**शुजालपुर।** नेमा समाज द्वारा होली के अवसर पर परंपरागत तरीके से समाजजनों के साथ भव्य गैर निकाली गई। गैर में समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रंग-गुलाल के साथ होली पर्व की खुशियां मनाई। गैर के पश्चात प्रतिवर्ष की भांति श्री राम जानकी धाम में होली मिलन समारोह एवं समाज की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन किया गया। सभा में समाज का वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया तथा वर्षभर आयोजित होने वाले सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के साथ समाज के उत्थान से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। सभा के अंत में समाज के वर्तमान अध्यक्ष अंशुल नेमा को पुनः सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। उक्त जानकारी समाज के सचिव सपन नेमा ने दी।

## चार भैंसों की मृत्यु प रेडक्रॉस से मिली 30 हजार की आर्थिक मदद

**राजगढ़-ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ग्राम चाटूखेड़ा निवासी महेंद्र सोंधिया पिता नाथूसिंह सोंधिया की चार भैंसों की आकस्मिक मृत्यु हो जाने से उनके परिवार की आर्थिक स्थिति पर विपरीत प्रभाव पड़ा था। इस कठिन परिस्थिति को देखते हुए कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा संवेदनशीलता दिखाते हुए भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी से तत्काल 30 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की। साथ ही स्वीकृत सहायता राशि विधायक राजगढ़ अमर सिंह यादव एवं विधायक खिलचीपुर हजारीलाल दांगी के कर कमलों से महेंद्र सोंधिया को प्रदान की गई। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि जिला प्रशासन हमेशा जरूरतमंदों और संकटग्रस्त परिवारों की सहायता के लिए तत्पर रहता है। महेंद्र सोंधिया को आश्वस्त किया कि प्रशासन द्वारा हरसंभव सहयोग प्रदान करने के प्रयास किए जाएंगे।

# Cinema

## एक-दूजे के हुए अल्लू शिरीष और नयनिका, पहनावे में दिखी परंपरा की झलक



पिछले दिनों रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर ट्रेंड करती रहीं। अब साउथ फिल्मों के अभिनेता अल्लू शिरीष की शादी की तस्वीरें भी वायरल हो रही हैं। अल्लू शिरीष तेलुगु फिल्मों में अभिनय करते हैं। वह साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के भाई हैं। अल्लू शिरीष की पत्नी नयनिका ने अपने इंस्टाग्राम पर शादी की कई तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में शादी की रस्मों की झलक मिली। साथ ही दूल्हा-दुल्हन का पहनावा भी खूब चर्चा में रहा।

### दक्षिणी भारतीय रीति-रिवाजों और पहनावे की मिली झलक

नयनिका ने शादी की जो तस्वीरें शेयर की हैं, उसमें वह कांजीवरम साड़ी पहने नजर आ रही हैं। रूबी और डायमंड ज्वेलरी नयनिका ने पहनी है।

अल्लू शिरीष भी सिल्क के कुर्त और धोती में नजर आए। यह दक्षिण भारत का पारंपरिक पहनावा है। दूल्हा-दुल्हन अपने पारंपरिक पहनावे में खूब जंचे रहे हैं।

### परिवार के साथ भी साझा की कई तस्वीरें

नयनिका ने अल्लू शिरीष के साथ कई तस्वीरें साझा की हैं, साथ ही परिवार वालों के साथ भी हंसी-खुशी के पलों को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।

एक-तस्वीरें में अल्लू शिरीष नयनिका को बड़े प्यार से निहार रहे हैं। दोनों एक-दूसरे को पाकर खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं। परिवार की महिलाएं भी कांजीवरम साड़ी पहने नजर आईं। सभी ने लाइट कलर को अपने पहनावे में चुना था। शादी की थीम में फूलों की खास डेकोरेशन की गई थी।

अल्लू सिरीश और नयनिका की लव मैरीज है। दोनों सियोल में हुई एक शादी में मिले थे। बाद में एक ट्रिप के दौरान इनकी नजदीकियां बढ़ीं। नयनिका और शिरीष को प्यार हुआ और अब यह दोनों ताउम्र के लिए एक हो गए हैं।

शनिवार को फिल्म 'धुरंधर 2' का धमाकेदार ट्रेलर सामने आया। फिल्म जल्द ही थिएटर में रिलीज होगी। ट्रेलर देखकर फैंस काफी खुश नजर आए। जानिए, इस ट्रेलर पर फैंस ने किस तरह के रिएक्शन दिए हैं।

## 'धुरंधर 2' का ट्रेलर देख फैंस जमकर प्यार लुटा रहे

### बोले- एक हजार करोड़ी फिल्म; डायलॉग्स ने जीता दिल





महीनों की बहस, सेंसर बोर्ड की खींचतान और कोर्टरूम ड्रामे के बाद आखिरकार विपुल अमृतलाल शाह की फिल्म 'द केरल स्टोरी 2 गोज बियोंड' रिलीज तो हो गई। लेकिन मजेदार बात ये है कि फिल्म की कहानी से ज्यादा ड्रामा असल में हुआ।

'अब पाकिस्तान का मुस्तकबिल, हिंदुस्तान तय करेगा...' 'धुरंधर 2' के ट्रेलर रिलीज के बाद यह डायलॉग ट्रेड करने लगा है। फैंस ट्रेलर और इसमें बोले गए डायलॉग्स पर जमकर प्यार लुटा रहे हैं। रणवीर सिंह के किरदार हमजा और जसकिरत सिंह का अंदाज भी नेटिजंस को पसंद आया है। जानिए, किस तरह के रिएक्शन फिल्म 'धुरंधर 2' के ट्रेलर को मिले हैं।

### रणवीर सिंह के एक्शन-एक्टिंग को जमकर सराहा

'धुरंधर 2' के ट्रेलर का फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। शनिवार को यह ट्रेलर रिलीज हुआ। रणबीर सिंह हमजा और जसकिरत सिंह के किरदार में डबल एंटरटेरमेंट दर्शकों को देने वाले हैं। रणबीर कपूर के दोनों लुक फैंस को पसंद आए हैं। एक यूजर ने ट्रेलर पर कमेंट करते हुए लिखा, 'अब बोलो हेटर्स रणवीर सिंह एक साइड कैरेक्टर है। रहमान डकैत ने उसे ओवरशैडो कर दिया था। उनका किरदार तो अब शुरू हुआ है।' इसी तरह एक कमेंट में कहा गया, 'कई लोगों ने रणवीर को साउथ एक्टर्स के साथ करीब होने के लिए ट्रोल किया और कहा कि वह एक मौका पाने की कोशिश कर रहा है। लेकिन देखिए अब 'धुरंधर' की वजह से कई साउथ फिल्में पोस्टपोन हो रही हैं। रणवीर सच में इस कमबैक के हकदार थे। मैं रणवीर की सफलता देखकर सच में खुश हूं।' इसी तरह के कई कमेंट्स रणवीर सिंह को लेकर किए गए हैं।

### डायलॉग और म्यूजिक ने जीता फैंस का दिल

'धुरंधर 2' के ट्रेलर की शुरुआत में एक डायलॉग है, 'पड़ोस में रहते हैंक्कजो बिगाड़ना है बिगाड़ लो' और 'अब पाकिस्तान का मुस्तकबिल, हिंदुस्तान तय करेगा' जैसे डायलॉग पर भी फैंस ने रिएक्शन दिए हैं। इन्हें मजेदार बताया है। यूजर्स का कहना है कि यह डायलॉग फिल्म देखने के लिए उत्सुक करते हैं। कई यूजर्स का कहना है कि 'धुरंधर 2' के कारण 10 फिल्म पोस्टपोन हो गई इससे पता चलता है कि इस फिल्म का कितना क्रेज है।

### कब रिलीज होगी फिल्म 'धुरंधर 2'?

'धुरंधर 2' 19 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इसमें रणवीर सिंह के अलावा अर्जुन रामपाल, आर. माधवन, संजय दत्त, सारा अर्जुन, राकेश बेदी जैसे किरदार भी नजर आएंगे। ट्रेलर में भी इनमें से कई किरदारों की झलक मिली है।

## ओपनिंग डे पर ही ढेर हुई 'चरक', 'द केरल स्टोरी 2' ने दिखाया दम



शुक्रवार को फिल्म 'चरक' सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म की कहानी अंधविश्वास के ईद-गिर्द बुनी गई है। इस फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरूआत की है। वहीं कई दिनों से 'अस्सी' और 'द केरल स्टोरी 2' सिनेमाघरों में मौजूद हैं। जानिए, शुक्रवार को इन फिल्मों का कितना कलेक्शन रहा है।

### 'चरक' ने पहले दिन कितना कमाया?

सैकनिल्क के अनुसार फिल्म 'चरक' ने पहले दिन सिर्फ 10 लाख रुपये कमाए हैं। फिल्म की यह शुरूआत काफी धीमी है। पहले दिन ही यह फिल्म दर्शकों के लिए तरस गई। फिल्म की कहानी एक थ्रिलर ड्रामा है। इसमें तंत्र-मंत्र और अंधविश्वास की कहानी को दिखाया गया है।

### 'द केरल स्टोरी 2' का करोड़ों में जारी कमाई

फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' को सिनेमाघरों में लगे हुए 8 दिन हो चुके हैं। यह फिल्म अब भी ठीक-ठाक कलेक्शन कर रही है। फिल्म ने रिलीज के आठवें दिन 2.50 करोड़ रुपये कमाए हैं। फिल्म का कुल कलेक्शन भी अब तक 25.40 करोड़ रुपये है।

### 'अस्सी' का लाखों में सिमटा कलेक्शन

फिल्म 'अस्सी' को रिलीज हुए 15 दिन हो चुके हैं। इस फिल्म का कलेक्शन अब लाखों में सिमट गया है। फिल्म ने 15वें दिन यानी शुक्रवार को सिर्फ 22 लाख रुपये कमाए हैं। इस फिल्म का कुल कलेक्शन भी अब तक 9.8 करोड़ रुपये है। फिल्म की कहानी दुष्कर्म पीड़िता की व्यथा और पीड़ा को दिखाती है। साथ ही हमारे कानून व्यवस्था की स्थिति को भी बयां करती है।

### 'ओ रोमियो' के कलेक्शन में गिरावट

सिनेमाघरों में अब भी शाहिद कपूर की 'ओ रोमियो' टिकी है। इस फिल्म ने रिलीज के 22वें दिन 49 लाख रुपये कमाए हैं। शाहिद कपूर की फिल्म का कलेक्शन भी अब लाखों में सिमट गया है। फिल्म को विशाल भारद्वाज ने निर्देशित किया है। यह फिल्म दर्शकों को कुछ खास पसंद नहीं आई है।

# Sport

टी20 विश्व कप के इतिहास में 2024 तक हर बार ऐसा देखने को मिला है कि मेजबान या सह-मेजबान टीम खिताब जीतने में असफल रही है। इस बार भी सह-मेजबान श्रीलंका का सफर सुपर-8 में खत्म हो गया। अब सवाल यह है कि क्या भारत इस तिलिस्म को तोड़ पाएगा?

## भारत फाइनल जीता तो टी20 विश्वकप के 19 साल के इतिहास में पहली बार होगा ऐसा!




**अहमदाबाद।** टी20 विश्वकप 2026 का फाइनल अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। खिताबी मुकाबले में भारत और न्यूजीलैंड की टीमें आमने-सामने होंगी। यह मुकाबला शाम सात बजे शुरू होगा और टॉस इससे आधे घंटे पहले यानी शाम साढ़े छह बजे होगा। टीम इंडिया के सामने बड़ी चुनौती होगी, क्योंकि टी20 विश्वकप के 19 साल के इतिहास में कभी मेजबान टीम चैंपियन नहीं बनी है।

इसे आप श्राप कहें या दुर्भाग्य कहें या फिर तिलिस्म, जो अब तक नहीं टूट सका है। हालांकि, अगर टीम इंडिया चैंपियन बनती है तो यह तिलिस्म भी टूट जाएगा। अगर ऐसा हुआ तो टी20 विश्वकप के 19 साल के इतिहास में पहली बार कोई मेजबान देश चैंपियन बनेगा।

**2007:** टी20 विश्वकप के पहले संस्करण यानी 2007 में दक्षिण अफ्रीका मेजबान था, लेकिन टीम सुपर-8 राउंड से ही बाहर हो गई थी। भारत ने पाकिस्तान को हराकर फाइनल और खिताब अपने नाम किया था।

**2009:** इंग्लैंड 2009 में टी20 विश्वकप का मेजबान था। हालांकि, टीम सुपर-8 राउंड में खराब प्रदर्शन के बाद बाहर हो गई थी। पाकिस्तान ने श्रीलंका को हराकर खिताब अपने नाम किया था।

**2010:** वेस्टइंडीज ने 2010 में टी20 विश्वकप की मेजबानी की थी। हालांकि, स्टार्स से सजी टीम सुपर-8 में ही हारकर बाहर हो गई थी। इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर खिताब अपने नाम किया था।

**2012:** श्रीलंका को 2012 में टी20 विश्वकप की मेजबानी दी गई थी। संगकारा और जयवर्धने जैसे स्टार्स से सजी टीम फाइनल में तो पहुंची, लेकिन वेस्टइंडीज के हाथों हार मिली। 2026 में भारत से पहले सिर्फ श्रीलंका ही ऐसी टीम है, जो मेजबान होते हुए फाइनल में पहुंच पाई है।

**2014:** बांग्लादेश को 2014 में टी20 विश्वकप की मेजबानी मिली थी। हालांकि, टीम सुपर-10 में ही हारकर बाहर हो गई थी। श्रीलंका और भारत फाइनल में पहुंचे और श्रीलंका की टीम ने भारत को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया था।

**2016:** भारत को 2016 टी20 विश्वकप की मेजबानी मिली थी। टीम सेमीफाइनल में वेस्टइंडीज से हारकर बाहर हो गई थी। बाद में वेस्टइंडीज टीम ही चैंपियन बनी थी। उसने फाइनल में इंग्लैंड को शिकस्त दी थी।

**2021:** 2021 में पहले तो भारत मेजबान था, लेकिन कोविड की वजह से यूएई और ओमान में मैचों को शिफ्ट किया गया। यूएई और ओमान की टीमें ग्रुप स्टेज में ही हारकर बाहर हो गई थीं। फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया था।

**2022:** ऑस्ट्रेलिया को 2022 टी20 विश्वकप की मेजबानी मिली, लेकिन टीम सुपर-12 राउंड से ही बाहर हो गई। फाइनल में इंग्लैंड ने पाकिस्तान को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया था।

**2024:** वेस्टइंडीज और अमेरिका को 2024 टी20 विश्वकप की मेजबानी मिली थी। हालांकि, दोनों टीमें सुपर-8 राउंड में ही हारकर बाहर हो गई थी। फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया था।

**2026:** इस बार भारत और श्रीलंका मेजबान हैं। हालांकि, श्रीलंका की टीम सुपर-8 राउंड में बाहर हो गई। वहीं, भारत श्रीलंका के बाद बतौर मेजबान फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम बनी है। भारत के पास इस तिलिस्म को तोड़ने का मौका है। अगर टीम चैंपियन बनी तो इतिहास रच देगी।

## लक्ष्य सेन का शानदार प्रदर्शन जारी, ऑल इंग्लैंड के सेमीफाइनल में प्रवेश किया

**बर्मिंघम।** भारत के लक्ष्य सेन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए चीन के पूर्व चैंपियन ली शिफेंग को सीधे गेम में हराकर 1,450,000 डॉलर इनामी ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

विश्व के 12वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी सेन ने चीन के विश्व में छठे नंबर के खिलाड़ी शिफेंग को ठीक एक घंटे में 21-13, 21-16 से हराया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला कनाडा के विक्टर लाई से होगा, जिन्होंने एक अन्य क्वार्टरफाइनल मैच में जापान के कोकी वातानाबे को 18-21, 21-17, 21-15 से पराजित किया। यह इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में लक्ष्य का तीसरा सेमीफाइनल है। वह 2022 में यहां उपविजेता रहे थे।

लक्ष्य ने मैच के बाद कहा, 'मैं दोनों गेम में अपने प्रदर्शन से खुश हूं। शिफेंग को भी श्रेय जाता है, उन्होंने वाकई शानदार खेल दिखाया। कुछ लंबी रैलियां चली, हम दोनों थक रहे थे, लेकिन लंबी रैलियों के बाद भी जिस तरह से मैं डटा रहा, उससे मैं खुश हूं।'

## भारतीय बल्लेबाजों ने किया निराश, पहली पारी में नहीं बन सके 200 रन

**पर्थ।** भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीमों के बीच एकमात्र टेस्ट मुकाबला पर्थ में खेला जा रहा है। शुक्रवार को पिंक बॉल टेस्ट के पहले दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में तीन विकेट पर 96 रन बना लिए हैं। इससे पहले भारत की पूरी टीम 198 रन बनाकर ऑलआउट हुई। टीम इंडिया की ओर से जेमिमा रोड्रिग्स ने सर्वाधिक 52 रन बनाए।

### ऑस्ट्रेलिया की खराब शुरूआत

ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत पहली पारी में अच्छी नहीं रही। जॉर्जिया वॉल सिर्फ दो रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, फीबी लिचफील्ड भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकीं और वह नौ रन बनाकर आउट हुईं। कप्तान एलिसा हीली भी 27 गेंदों का सामना करने के बाद 13 रन बनाकर सायली सतघरे का शिकार बनीं। हालांकि, एलिसा पेरी बेहतरीन लय में दिखाई दीं और उन्होंने सात चौके लगाए।



### पेरी क्रीज पर डटीं

दिन का खेल खत्म होने तक पेरी 62 गेंदों का सामना करने के बाद 43 रन बनाकर क्रीज पर डटी हुई हैं। वहीं, एनाबेल सदरलैंड 20 रन बनाकर पेरी का साथ निभा रही हैं। भारत की ओर से गेंदबाजी में सायली सतघरे ने दो विकेट चटकाए, जबकि क्रांति गौड़ ने एक विकेट निकाला। ऑस्ट्रेलिया अभी भारत के स्कोर से 102 रन पीछे है।

### जेमिमा के अलावा नहीं चला कोई बल्लेबाज

टॉस गंवाने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारत की पूरी टीम पहली पारी में 198 रन बनाकर ऑलआउट हुई। स्मृति मंधाना बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकीं और वह चार रन बनाकर आउट हुईं। प्रतिका रावल भी 18 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। शेफाली वर्मा ने कुछ दमदार शॉट्स लगाए, लेकिन वह अच्छी शुरूआत का फायदा नहीं उठा सकीं और 35 रन बनाकर आउट हुईं। हालांकि, जेमिमा रोड्रिग्स बेहतरीन लय में नजर आईं और उन्होंने अर्धशतकीय पारी खेली। जेमिमा ने 84 गेंदों में 52 रनों की दमदार पारी खेली। कप्तान हरमनप्रीत कौर 19 रन बनाने के बाद डार्शी ब्राउन की गेंद पर क्लीन बोल्ड हुईं।

दीप्ति शर्मा भी सिर्फ सात रन ही बना सकीं, जबकि ऋचा घोष 11 रन बनाकर एश्ले गार्डनर की गेंद पर अलाना किंग को कैच देकर पवेलियन लौटीं। स्नेह राणा सिर्फ पांच रन बनाकर आउट हुईं।

आवश्यकता है
कागज पत्तल बनाने हेतु पुरुष एवं महिलाओं की, पेपर ग्लास मशीन ऑपरेटर की, पैकिंग हेतु महिलाओं की, हेल्पर हेतु लड़को की
शीघ्र संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 इंडस्ट्रियल एरिया मक्सी रोड, प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

कर्मचारी की आवश्यकता
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

तुरंत लोन
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

प्लाट बेचना है
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

आवश्यकता है
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रात: 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

आवश्यकता है
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

अवश्यकता है
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

आवश्यकता
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

रेंट पर देना/आवश्यकता
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

कर्मचारियों की आवश्यकता है
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

## हेड कॉन्स्टेबल के बर्थडे पर हिस्ट्रीशीटर बदमाशों ने खिंचवाए फोटो



**इंदौर।** इंदौर के संयोगितागंज क्षेत्र के बदमाशों ने परदेशीपुरा थाने के हेड कॉन्स्टेबल के जन्मदिन पर फोटोशूट कराया। इतना ही नहीं, बदमाशों ने उन्हें गुलदस्ता भी दिया। बताया जा रहा है कि दोनों बदमाशों के पिता पर भी गंभीर अपराध दर्ज हैं। वह संयोगितागंज थाने का हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह बदमाशों पर नकेल कसने की कार्रवाई कर रहे हैं, लेकिन कुछ पुलिसकर्मी उनसे दोस्ती निभाते नजर आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला परदेशीपुरा थाने के हेड कॉन्स्टेबल से जुड़ा सामने आया है। हेड कॉन्स्टेबल जीतू सरदार का बुधवार को जन्मदिन था। इस मौके पर संयोगितागंज क्षेत्र के बदमाश अक्रात बोयत, उसका भाई आयुष बोयत और चाचा विकास बोयत कार्यक्रम में पहुंचे थे। इन तीनों के खिलाफ संयोगितागंज थाने में आपराधिक मामले दर्ज हैं। अक्रात और आयुष जुड़वां भाई हैं। उनके पिता दीनू पर भी संयोगितागंज सहित अन्य थानों में गंभीर अपराध दर्ज हैं। वह थाने का हिस्ट्रीशीटर है और कांग्रेस से राजनीति भी करते हैं। वहीं, विकास बोयत पर भी नशाखोरी सहित अन्य मामले दर्ज हैं। अक्रात कुछ दिन पहले एक गंभीर मामले में जेल भी जा चुका है। जेल से छूटने के बाद उसने एक वीडियो बनाकर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपलोड किया था। हेड कॉन्स्टेबल के जन्मदिन का वीडियो वायरल होने के बाद अक्रात ने उसे अपनी आईडी से हटा लिया। इस मामले में एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह का कहना है कि वीडियो उनके संज्ञान में आया है। वे मामले की जानकारी जुटा रहे हैं और जो भी वैधानिक कार्रवाई होगी, वह की जाएगी।

**मारपीट में बुजुर्ग महिला की हो गई थी मौत-** दीनू और उनके परिवार का पिछले दिनों संयोगितागंज इलाके में विवाद हुआ था। इसमें दोनों पक्षों के बीच जमकर हथियार और डंडे चले थे। पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों को आरोपी बनाया था। इस हमले में घायल हुई एक बुजुर्ग महिला की बाद में मौत हो गई थी, जिसके बाद मामला हत्याकांड में बदल गया। इस प्रकरण में दोनों पक्षों के लोगों को जेल भी जाना पड़ा था। बाद में थाने से बाउंड ओवर की कार्रवाई भी की गई थी।

## देखरेख के लिए रखा युवक, नगदी-अंगूठी और एटीएम से पैसे निकाल ले गया

**इंदौर।** इंदौर के लसूड़िया इलाके में एक बुजुर्ग व्यक्ति ने अपनी देखरेख के लिए एक लड़के को रखा। मगर उस लड़के ने ही घर की अलमारी से नकदी, सोने की अंगूठी, एमटीएम और यूपीआई ट्रांजेक्शन से पैसे निकाल लिए। जब बुजुर्ग को इसका पता चला तो उन्होंने थाने में इसकी शिकायत की और लड़के पर शंका जाहिर की। पुलिस ने मामले में लड़के को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। लसूडिया टीआई तारेश सोनी ने बताया कि योगेंद्र कुमार (75) पिता शंकरलाल विजयवर्गीय निवासी सेक्टर-आर, महालक्ष्मी नगर की शिकायत पर दीपेश पिता प्रेमलाल यादव निवासी ललितपुर यूपी, हाल पता बंगाली चौराहे के खिलाफ कायमी की। फरियादी ने पुलिस को बताया कि उन्होंने उनकी देखरेख के लिए दीपेश को फरवरी 2026 में रखा था। पिछले दिनों जब उन्होंने मोबाइल से अपना बैंक खाता चेक किया तो 24 फरवरी के दो ट्रांजेक्शन और 25 फरवरी के 4 ट्रांजेक्शन एटीएम के माध्यम से कुल 70 हजार रुपए के ट्रांजेक्शन दिखे।

**अलमारी में रखी अंगूठी और पैसे भी गायब-** इसके अलावा यूपीआई के माध्यम से 20 हजार रुपए के ट्रांजेक्शन मिले, जो कि उन्होंने किए ही नहीं थे। शंका होने पर उन्होंने घर में रखी अलमारी को चेक किया, तो उनकी अलमारी में रखे 25 हजार रुपए नगद और पत्नी की अलमारी में रखे 70 हजार रुपए नगद नहीं मिले। इसके अलावा उनकी खुद की सोने की 10 ग्राम की अंगूठी नहीं मिली। इस पर उन्हें दीपेश पर शंका हुई, जिसके बाद उन्होंने पुलिस में उसके खिलाफ शिकायत की। टीआई सोनी ने बताया कि बुजुर्ग की शिकायत के बाद मामले में दीपेश को हिरासत में लेकर पूछताछ की। प्रारंभिक जांच में सामने आ रहा है कि वारदात को उसने ही अंजाम दिया है। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। संभवतः जल्द ही उसकी गिरफ्तारी ली जा सकती है।

## क्रिश्चियन युवक से मारपीट के आरोप में करणी सेना पदाधिकारी पर एफआईआर

**इंदौर।** इंदौर की हीरानगर पुलिस ने करणी सेना के एक पदाधिकारी के खिलाफ मारपीट को लेकर एफआईआर दर्ज की है। पदाधिकारी ने होली के दिन इलाके में एक इवेंट प्रोग्राम में जाने से क्रिश्चियन युवक को रोका था और उसकी पिटाई कर दी थी। इस मामले में छात्र ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की थी। पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह के आदेश पर करणी सेना के प्रदेश संगठन मंत्री मानसिंह राजावत के खिलाफ शेल्बी फिलिप की शिकायत पर मारपीट की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। शेल्बी फिलिप ने बताया कि होली के दिन वह एमआर-10 पर आयोजित एक इवेंट प्रोग्राम में पहुंचे थे। इसके लिए उन्होंने टिकट भी लिया था। गेट पर एक व्यक्ति ने उन्हें रोककर चेकिंग शुरू की। जब मैंने उनसे पूछा, तो उसने अपना नाम मानसिंह राजावत बताया। उसके साथ दो अन्य लोग भी थे, जिनकी जानकारी नहीं है। इसके बाद राजावत ने उनके दोस्त अभित से उसकी आईडी मांगी। उसे चेक करने के बाद उन्होंने शेल्बी की आईडी देखकर कहा कि तुम क्रिश्चियन हो। इसके बाद उन्होंने शेल्बी का मोबाइल छीन लिया और आईडी-पासवर्ड पूछा। मोबाइल चेक करने लगे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उनके साथ अपशब्द कहे और मारपीट करने लगे। वहां मौजूद दोस्तों ने बीच-बचाव किया। बाद में उन्हें थाने ले जाकर उन पर ही आरोप लगा दिए गए। छात्र ने बताया कि उसकी एक युवती दोस्त के फोटो और वीडियो भी बिना अनुमति के वायरल कर दिए गए। इस मामले में छात्र ने अपने परिजनों के साथ शुक्रवार को पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। इसके बाद हीरानगर पुलिस ने रात में एफआईआर दर्ज कर ली।

## चाकू की नोक पर मारपीट करने वाले कुख्यात बदमाशों का निकाला जुलूस



**इंदौर।** इंदौर के चंदन नगर क्षेत्र में एक महिला के घर में घुसकर बदमाशों ने हथियार की नोक पर मारपीट की। इस मामले में चंदन नगर पुलिस ने शुक्रवार को ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। रात में उनका इलाके में जुलूस भी निकाला गया। टीआई तिलक करोले के मुताबिक, नसीब बी और सिद्दीक पठान ने थाने आकर शिकायत की कि कुख्यात गुंडा सादिक काला पुत्र गुलफाम, निवासी सहयोग नगर, अपने साथी अज्जू बाटला और फैयाज के साथ उनके घर में घुस आया और चाकू की नोक पर मारपीट की। पुलिस ने इस मामले में दोनों बदमाशों को पकड़कर उनसे चाकू जब्त किया। इसके बाद आरोपियों का इलाके में जुलूस भी निकाला गया। टीआई के अनुसार, सादिक काला पर पहले से हत्या का मामला दर्ज है और उसके खिलाफ कुल 14 आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं उसके साथियों पर भी अन्य गंभीर अपराध दर्ज हैं।

### सस्ता टूरिज्म पैकेज देने के नाम पर की थी ठगी, दो की तलाश जारी

# क्राइम ब्रांच की गिरफ्त में 4 आरोपी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

सस्ता टूरिज्म पैकेज देने के नाम पर ठगी करने वाले चार आरोपियों को क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी सूरत के रहने वाले हैं। पिछले काफी वक्त से क्राइम ब्रांच आरोपियों की तलाश में जुटी थी। टीम ने सूचना मिलने के बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार किया, जबकि दो की तलाश अभी भी जारी है। शनिवार को क्राइम ब्रांच ने चारों के गिरफ्तार होने का खुलासा किया।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि जुलाई 2025 में आवेदक ने डीसीपी ऑफिस में ब्लू माउंटेन टूरिज्म कंपनी के खिलाफ ठगी की शिकायत की थी। बदमाशों ने टूरिज्म पैकेज देने के नाम पर क्रेडिट कार्ड से अनॉयथराइज ट्रांजेक्शन कर आवेदक के कार्ड पर ईएमआई कर ठगी को अंजाम दिया था।



टूरिज्म पैकेज नहीं मिलने पर आवेदक को ठगी का पता चला, जिसमें उसके साथ लगभग एक लाख रुपए का फ्रॉड हुआ था। ठगी का पता चलने के बाद आवेदन क्राइम ब्रांच पहुंचा था और मामले में शिकायत की थी। जांच में पता चला कि आरोपियों ने टूर एंड टूरिज्म कंपनी के नाम से फेक पैकेज देने के नाम पर ठगी की थी। उन्होंने क्रेडिट कार्ड से पैकेज अलॉट करने के नाम पर ट्रांजेक्शन किए थे। टीम को ये भी जानकारी मिली थी कि आरोपी ब्लू माउंटेन टूरिज्म कंपनी के नाम का इस्तेमाल कर रहे थे। उन्होंने बताया कि घटना के बाद से क्राइम ब्रांच की इन्वेस्टिगेशन टीम लगातार ट्रांजेक्शन के माध्यम से खातों को ट्रेस करते हुए आरोपियों की पहचान की और उन्हें गिरफ्तार किया। इसमें साइबर तकनीक और मुखबिर सूचना का बड़ा योगदान रहा। क्राइम ब्रांच की गिरफ्त में चार आरोपी आकाश, रिजवान, शाहिद, जुनैद सभी निवासी सूरत आ चुके हैं, जबकि इनके दो साथी भाविक और कपिल की तलाश की जा रही है। क्राइम ब्रांच की टीम आरोपियों से पूछताछ कर जानकारी निकाल रही है और फरार आरोपियों की भी जानकारी निकाल रही है।

## 13 नंबर के तीन टोकन, मुक्तिधाम में अस्थियां बदली, 3 घंटे बाद सौंपी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में शनिवार को पचकुइया मुक्तिधाम पर अस्थियां गायब होने को लेकर हंगामा हो गया। मुक्तिधाम से एक ही नंबर के तीन टोकन दे दिए थे, जिसके कारण विवाद की स्थिति निर्मित हुई। दरअसल, एक अन्य परिवार जिनके किसी स्वजन की मौत हुई थी उन्हें भी यही नंबर देने से वह अस्थियां स्वजन की समझकर ले गया था। तीन घंटे बाद उन्होंने अस्थियां लाकर संबंधित परिवार को सौंपी तो स्थिति शांत हुई। मामला विश्वकर्मा समाज के समाजसेवी मदनलाल विश्वकर्मा (55) निवासी गौरी शंकर नगर निवासी है। वे कुछ दिनों से बीमार थे और शुक्रवार को उनका निधन हो गया। परिवार का कहना है कि तिथि अनुरूप पंडित ने रविवार को अस्थि संचय का मना किया था और शनिवार के लिए कहा था। इस पर आज परिवार के लोग अस्थियां संग्रह के लिए पहुंचे तो मुक्तिधाम पर जिस स्थान पर उनका अंतिम संस्कार किया था तो वहां अस्थियां नहीं थी।

## महिला कांग्रेस ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा के आह्वान एवं प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया के निर्देशानुसार, भाजपा के केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नाम कथित जेफ्री एपस्टीन फाइल में आने के विरोध में महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव एवं वॉर्ड 45 की पार्षद सोनिला मिमरोट भाटिया जी के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय इंदौर पर प्रदर्शन कर नारेबाजी की गई। इसके पश्चात एसडीएम घनश्याम धनगर को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर केंद्रीय मंत्री के इस्तीफे की मांग की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नसरीन अली, सुधा भंडारी, मंजू शर्मा सहित कई महिला कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी सम्मानित



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में सम्मान समारोह किया गया, जिसमें कुलगुरु प्रो. राकेश सिंघई ने संस्थान के 25 कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इन कर्मचारियों ने बीएलओ के रूप में कार्य करते हुए निर्वाचन संबंधी कार्य को अत्यंत निष्ठा और कड़ी मेहनत से संपन्न किया। आपने सभी सम्मानित कर्मचारियों को बधाई दी। सभी 25 कर्मचारियों को पौधे युक्त गमले देकर सम्मान किया गया।

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समय: सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर | हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
• दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
• टूर गाइड सुविधा
• आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रूम की सुविधा
• टेम्पो ट्रैवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
• आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026
• प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
• दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
• तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रेन अथवा स्लीपर बस में
• चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
• पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
• छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन
इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाडी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com